दैनिक
लखनऊ से प्रकाशित एवं उ.प्र., बिहार ,झारखण्ड, मध्यप्रदेश, राजस्थान, दिल्ली में प्रसारित
RNI-UPHIN/2014/58471

अमन लेखनी



राणबीर कपूर , रवीना टंडन के बर्थडेपर .....

डंकी 22 दिसम्बर को होगी रिलीज....

दि वर्ष : 09 अंक : 293 लखनऊ, 29 सितम्बर, शुक्रवार 2023 पृष्ठ : 08 मूल्य : 2.00 रुपए

मौसम

अधिकतम तापमान 33.c

न्यूनतम तापमान 27.c

बाजार

सोना 5510/ g

चांदी 73.50/ g

सेंसेक्स 66,009.15

निफ्टी 19,674.25

यूपी के 100% गांवों को मिला ओडीएफ प्लस का दर्जा

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। उत्तर प्रदेश की योगी सरकार ने राष्ट्रीय स्तर पर एक और बड़ी उपलब्धि हासिल की है। उत्तर प्रदेश ने स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) के दूसरे चरण के तहत सभी 95,767 गांवों यानी 100% गांवों ने ओडीएफ प्लस का दर्जा प्राप्त कर लिया है। ओडीएफ प्लस गांव वह है जिसने ठोस या तरल अपशिष्ट प्रबंधन प्रणालियों को लागू करने के साथ-साथ अपनी खुले में शौच मुक्त (ओडीएफ) स्थिति को बरकरार रखा है। आज तक, देश भर में 4.4 लाख (75%) गांवों ने खुद को ओडीएफ प्लस घोषित कर दिया है, जो 2024-25 तक एसबीएम-जी चरण 2 के लक्ष्यों को प्राप्त करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

9 माह में 80 हजार गांव जुड़े

उत्तर प्रदेश ने मौजूदा वित्तीय वर्ष में तेजी से प्रगति की है। 1 जनवरी 2023 तक, राज्य में केवल 15,088 गांव थे

जिन्हें ओडीएफ प्लस घोषित किया गया था। केवल 9 महीने में, राज्य ने मिशन मोड में ओडीएफ प्लस हासिल करने के लिए प्रयास किए। पिछले 9 महीनों में 80,000 से अधिक गांवों ने ओडीएफ प्लस का दर्जा हासिल किया और इस त्वरित गति के परिणामस्वरूप ओडीएफ प्लस की समयबद्ध उपलब्धि हासिल हुई। प्रदेश के 95,767 ओडीएफ प्लस गांवों में से 81,744 गांव ओडीएफ प्लस आकांक्षी गांव हैं, जहां ठोस अपशिष्ट प्रबंधन या तरल अपशिष्ट प्रबंधन की व्यवस्था है। 10,217 गांव ओडीएफ प्लस राइजिंग गांव हैं जिनमें ठोस अपशिष्ट प्रबंधन और तरल अपशिष्ट प्रबंधन दोनों की व्यवस्था है और 3,806 गांव ओडीएफ प्लस मॉडल गांव हैं।

स्वच्छता ही सेवा से जुड़े 88 लाख लोग

100% की यह उपलब्धि पूरे देश में संचालित हो रहे स्वच्छता ही सेवा (एसएचएस) झ 2023 अभियान के दौरान हासिल की गई है। एसएचएस प्रतिवर्ष स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण), पेयजल एवं स्वच्छता विभाग, जल शक्ति मंत्रालय के तहत 15 सितंबर से 2 अक्टूबर तक मनाया जाता है। इस वर्ष, अब तक, लगभग 88 लाख लोगों ने बड़े पैमाने पर इसमें हिस्सा लिया और श्रमदान किया है, जिससे ओडीएफ प्लस स्थिति की उपलब्धि में तेजी आई है।

ग्राम पंचायतों और सफाई कर्मियों का सम्मान

ओडीएफ प्लस उपलब्धि का जश्न उन ग्राम पंचायतों के सम्मान के साथ मनाया गया जिन्होंने अनुकरणीय कार्य किया और अपनी ग्राम पंचायतों को ओडीएफ प्लस मॉडल घोषित किया। पूरे राज्य में ग्राम प्रधान, ग्राम पंचायत सचिव, पंचायत सहायक और सफाई कर्मियों को राज्य स्तर पर सम्मानित किया गया, जिससे उन्हें स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) में और योगदान देने के लिए प्रेरित किया गया। पुरस्कार विजेताओं में ग्राम पंचायत को एक मॉडल के रूप में बनाने में उनके योगदान के लिए 60 सर्वश्रेष्ठ ग्राम पंचायतें शामिल हैं। साथ ही 75 सफाई कर्मियों (प्रत्येक 75 जिलों में से एक) को भी उनके योगदान के लिए सम्मानित किया गया।

जागरूकता के लिए उठाए गए महत्वपूर्ण कदम

इन ग्राम पंचायतों में जागरूकता के लिए कई महत्वपूर्ण कदम उठाए गए। जैसे ठोस अपशिष्ट, तरल अपशिष्ट, आरआरसी और मॉडल गांव के लाइव मॉडल के प्रदर्शन से सीखा गया और उसे लागू किया गया। साथ ही विभिन्न मनोरंजन के साधन जैसे कचरा मुक्त थीम पर जादू शो, कठपुतली शो जैसे स्थानीय/लोक मीडिया समूहों को शामिल करके सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए गए। ओडीएफ प्लस मॉडल गांव वह है जो न सिर्फ अपनी ओडीएफ स्थिति को बरकरार रखे हुए हैं बल्कि इसमें ठोस अपशिष्ट प्रबंधन और तरल अपशिष्ट प्रबंधन दोनों की व्यवस्था है।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने स्वतंत्रता सेनानी भगत सिंह को श्रद्धांजलि दी

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

नई दिल्ली, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भगत सिंह की जयंती पर बृहस्पतिवार को उन्हें श्रद्धांजलि देते हुए कहा कि वह हमेशा न्याय और स्वतंत्रता के लिए भारत की अनवरत लड़ाई का प्रतीक रहेंगे। प्रधानमंत्री मोदी ने सोशल मीडिया मंच एक्स (पूर्व में ट्विटर) पर कहा, शहीद भगत सिंह का उनकी जयंती पर स्मरण कर रहा हूं। भारत की आजादी के लिए उनका बलिदान और अटूट समर्पण पीढ़ियों तक प्रेरित करता रहेगा। साहस की प्रतिमूर्ति के रूप में वह हमेशा न्याय तथा स्वतंत्रता के लिए भारत की अनवरत लड़ाई का प्रतीक रहेंगे। ब्रिटिश शासकों ने 1931 में 23 साल की उम्र में भगत सिंह को फांसी दे दी थी। फांसी से पहले उनके साहस और बलिदान की भावना तथा उनके आदर्शों ने उन्हें स्वतंत्रता आंदोलन के सबसे लोकप्रिय नायकों में से एक बना दिया था।

संक्षिप्त समाचार

सोशल मीडिया पोस्ट को लेकर सरकारी डॉक्टर निलंबित

नई दिल्ली, मणिपुर में एक अधिसूचना में कहा गया है कि एक सरकारी डॉक्टर को सोशल मीडिया पर कथित तौर पर अनुचित टिप्पणी करने को लेकर निलंबित कर दिया गया। अधिसूचना में कहा गया है कि जिस डॉक्टर को निलंबित किया गया है वह तामेंगलोंग जिले में चिकित्सा अधिकारी के पद पर तैनात थे। इसमें कहा गया है कि डॉक्टर को सोशल मीडिया पर अनुचित टिप्पणी पोस्ट करने, साझा करने के लिए तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया, जो एक सरकारी कर्मचारी के लिए अशोभनीय आचरण है। बुधवार को जारी अधिसूचना में कहा गया है कि वह सरकार से अनुमति प्राप्त किए बिना इंफाल स्थित मुख्यालय नहीं छोड़ेंगे। अधिसूचना में यह स्पष्ट नहीं किया गया है कि पोस्ट किस संबंध में था।

कर्नाटक बंद की इजाजत नहीं, बेंगलुरु में निषेधाज्ञा होगी लागू

नई दिल्ली, कई कन्नड़ समर्थक समूहों द्वारा घोषित शुक्रवार के कर्नाटक बंद के मद्देनजर, बेंगलुरु के पुलिस आयुक्त बी दयानंद ने गुरुवार को कहा कि शहर में बंद की अनुमति नहीं दी जाएगी और आपराधिक प्रक्रिया संहिता की धारा 144 लागू की जाएगी। यह बंद पड़ोसी राज्य तमिलनाडु को कावेरी का पानी छोड़े जाने के विरोध में बुलाया गया है। दयानंद ने कहा कि सीआरपीसी की धारा 144 गुरुवार आधी रात से 24 घंटे के लिए लागू रहेगी, उन्होंने कहा कि जो लोग विरोध करना चाहते हैं वे फ्रीडम पार्क में ऐसा कर सकते हैं।

दयानंद ने कहा कि हमने उन लोगों को नोटिस जारी किया है जिन्होंने बंद की घोषणा की है। जब राजनीतिक दलों या अन्य संगठनों द्वारा बंद लागू किया जाता है तो हम सार्वजनिक और निजी संपत्ति के विनाश को भी नजरअंदाज नहीं कर सकते। हमारा मानना है कि राजनीतिक दल और संगठन जो इस तरह के बंद का आह्वान करते हैं और उन्हें लागू करते हैं, वे वास्तव में इस तरह के विनाश के लिए सरकार, जनता और नागरिकों को हुए नुकसान की भरपाई करने के लिए उत्तरदायी हैं। पुलिस ने राज्य भर में अतिरिक्त बल तैनात किया है, खासकर दक्षिण कर्नाटक में, जहां कावेरी नदी बहती है। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने कहा कि उत्तरी कर्नाटक की तुलना में मैसूरु, कोडागु, मांड्या, चामराजनगर, रामानगर और बेंगलुरु में सुरक्षा बढ़ा दी गई है।

1,900 से अधिक कन्नड़ समर्थक और अन्य संगठन एक प्रमुख संगठन कन्नड़ ओक्कुटा द्वारा दिए गए बंद के आह्वान का समर्थन करते हैं। संगठन के प्रमुख वतल नागराज ने कहा कि बेलगावी या बीदर से चामराजनगर और मंगलुरु से कोलार तक बंद रखा जाएगा। बेंगलुरु में मंगलवार को बंद रहा और इसे मिली-जुली प्रतिक्रिया मिली। कर्नाटक के प्राथमिक और माध्यमिक विद्यालयों के प्रबंधन संघ के सचिव डी शशि कुमार ने द इंडियन एक्सप्रेस को बताया कि उन्होंने जिला प्रशासन और स्थानीय अधिकारियों से स्कूलों पर जल्द से जल्द निर्णय की घोषणा करने को कहा है।

कुशासन में कोई नहीं सुरक्षित : प्रियंका गांधी

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

उज्जैन, मध्य प्रदेश के उज्जैन में एक लड़की के साथ बलात्कार की घटना को लेकर अब राजनीति होने लगी है। पार्टियां एक दूसरे पर आरोप लगाने पर उतारू हो गई है। इसी कड़ी में कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाद्रा बृहस्पतिवार को राज्य की भारतीय जनता पार्टी सरकार पर निशाना साधा है। इस दौरान प्रियंका गांधी वाद्रा ने आरोप लगाया कि भाजपा के 20 वर्षों के कार्यकाल के दौरान राज्य में कुशासन पनपा है। राज्य में ये भाजपा की ही देन है कि यहां बच्चियां, महिलाएं, आदिवासी, दलित कोई सुरक्षित नहीं है। गौरतलब है कि उज्जैन शहर में लगभग 12 वर्षीय एक लड़की सोमवार को सड़क पर खून से लथपथ हालत में पाई गई थी। बच्ची की चिकित्सा जांच किए जाने के बाद पुष्टि हुई है कि बच्ची के साथ बलात्कार किया गया है। प्रियंका गांधी ने एक्स पर पोस्ट किया, भगवान महाकाल की नगरी उज्जैन में एक छोटी बच्ची के साथ हुई बर्बरता आत्मा को झकझोर देने वाली है। अत्याचार के बाद वह ढाई घंटे तक दर-दर मदद के लिए भटकती रही और फिर बेहोश होकर सड़क पर गिर गई लेकिन मदद नहीं मिल सकी। उन्होंने आरोप लगाया, ये है मध्य प्रदेश की कानून व्यवस्था और महिला सुरक्षा? भाजपा के 20 साल के कुशासन तंत्र में बच्चियां, महिलाएं, आदिवासी, दलित कोई सुरक्षित नहीं है।

शाह व नड्डा ने प्रदेश भाजपा नेताओं के साथ चुनावी रणनीति पर चर्चा की

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

नई दिल्ली, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने पार्टी के राजस्थान नेतृत्व के साथ आगामी विधानसभा चुनावों पर बुधवार को चर्चा की। इस तरह की अटकलें हैं कि दो केंद्रीय मंत्रियों को विधानसभा चुनाव लड़ने के लिए कहा जा सकता है। मध्य प्रदेश में भाजपा द्वारा तीन केंद्रीय मंत्रियों और चार अन्य सांसदों को विधानसभा चुनाव के लिए उम्मीदवार बनाए जाने के बाद इन अटकलों को बल मिला है।पड़ोसी राज्य में भी साल के अंत में विधानसभा चुनाव होने हैं।

शाह और नड्डा बुधवार शाम एक विशेष विमान से जयपुर पहुंचे और हवाई अड्डे के पास एक होटल गए जहां पार्टी की कोर कमेटी की बैठक शुरू हुई। पार्टी सूत्रों ने बताया कि शाह और नड्डा ने सबसे पहले पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे के साथ बैठक की। राजे से मुलाकात करीब 15 मिनट तक चली। इसके बाद वरिष्ठ नेताओं के साथ बैठक शुरू हुई जिसमें विधानसभा क्षेत्रों व चुनावी रणनीति पर चर्चा हुई। हाल ही में संपन्न हुई चार परिवर्तन यात्राओं पर भी फीडबैक लिया गया। सूत्रों ने बताया कि बैठक में केंद्रीय मंत्री और राजस्थान के लिए पार्टी के चुनाव प्रभारी प्रल्हाद जोशी, सह प्रभारी नितिन पटेल, राजस्थान के लिए पार्टी के प्रभारी अरुण सिंह, प्रदेश अध्यक्ष सीपी जोशी, केंद्रीय मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत, अर्जुन मेघवाल, कैलाश चौधरी, नेता प्रतिपक्ष राजेंद्र राठौड़, उपनेता और पूर्व प्रदेश अध्यक्ष सतीश पूनिया और अन्य नेता मौजूद थे। बैठक करीब तीन घंटे तक चली। पार्टी सूत्रों के अनुसार, नड्डा और शाह ने पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव (संगठन) बीएल संतोष, केंद्रीय मंत्री प्रल्हाद जोशी, चुनाव सह प्रभारी नितिन पटेल, राजस्थान प्रभारी अरुण सिंह और कुलदीप विश्नोई और विजया रहाटकर सहित अन्य नेताओं के साथ अगले दौर की बैठक की। सूत्रों ने बताया, ब्लबैठक में विधानसभा क्षेत्रों पर चर्चा हुई। बैठक में इस बात पर मंथन किया गया कि विधानसभा और लोकसभा चुनाव में मेवाड़, वागड़, शेखावाटी, हाड़ौती, मारवाड़ क्षेत्र और पूर्वी राजस्थान में अधिक से अधिक सीटें कैसे जीती जाएं। सूत्रों ने बताया, इस बात का बारीकी से आकलन किया गया कि किन निर्वाचन क्षेत्रों में पार्टी कमजोर है और जीत सुनिश्चित करने के लिए क्या रणनीति की जरूरत है। उन सीटों की श्रेणियों पर भी विस्तृत चर्चा हुई - जहां पार्टी पिछले तीन चुनावों से जीत रही है या हार रही है और जहां पार्टी वैकल्पिक रूप से जीत रही है।

चंद्रयान 3 के रोवर प्रज्ञान ने वह काम कर दिया है जो इससे अपेक्षित था: इसरो प्रमुख

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

नई दिल्ली, भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) के प्रमुख एस. सोमनाथ ने बृहस्पतिवार को कहा कि उनके चंद्र मिशन चंद्रयान-3 के रोवर प्रज्ञान ने वह काम कर दिया है जो इससे किये जाने की अपेक्षा की गई थी और यदि यह वर्तमान निष्क्रिय अवस्था (स्लीप मोड) से सक्रिय होने में विफल रहता है तो भी कोई समस्या नहीं होगी। वह गुजरात के गिर सोमनाथ जिले में सोमनाथ मंदिर दर्शन करने गये थे और इसके बाद यहां संवाददाता सम्मेलन में उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय अंतरिक्ष एजेंसी अब एक्सपीओसैट या एक्स-रे पोलरिमीटर उपग्रह प्रक्षेपण के लिए तैयारी कर रही

है और यह प्रक्षेपण नवंबर या दिसंबर में किया जा सकता है। चंद्रमा पर वर्तमान में प्रज्ञान के सुप्तावस्था या निष्क्रिय अवस्था में होने की स्थिति पर इसरो प्रमुख ने कहा कि चंद्रमा पर तापमान शून्य से लगभग 200 डिग्री सेल्सियस नीचे जाने पर अत्यधिक प्रतिकूल मौसम के कारण इसके इलेक्ट्रॉनिक सर्किट यदि क्षतिग्रस्त नहीं हुए हैं, तो यह फिर से सक्रिय हो जायेगा।

उन्होंने कहा, यदि यह सक्रिय नहीं हुआ तो भी ठीक है क्योंकि रोवर ने वह काम कर दिया है जो इससे करने की अपेक्षा की गई थी। इसरो ने पिछले सप्ताह कहा था कि चंद्रमा पर सुबह होने के साथ ही चंद्रयान-3 के सौर ऊर्जा से संचालित लैंडर विक्रम और रोवर प्रज्ञान के साथ संपर्क स्थापित कर इन्हें फिर से सक्रिय करने का प्रयास कर रहा है ताकि वे वैज्ञानिक प्रयासों को जारी रख सकें। चंद्रमा पर रात होने से पहले, लैंडर और रोवर दोनों क्रमशः चार और दो सितंबर को निष्क्रिय अवस्था में चले गये थे। सोमनाथ ने आगामी मिशन के बारे में कहा कि इसरो अब एक्सपीओसैट या एक्स-रे पोलरिमीटर उपग्रह के लिए तैयारी कर रहा है। उन्होंने कहा, यह एक्सपोसैट तैयार है और इसे हमारे पीएसएलवी रॉकेट के जरिए प्रक्षेपित किया जायेगा।

हमने अभी तक किसी तारीख की घोषणा नहीं की है, लेकिन इसका प्रक्षेपण नवंबर या दिसंबर में किया जा सकता है। सोमनाथ ने कहा कि एक और मिशन इन्सैट-3डीएस की भी तैयारी है, जो एक जलवायु उपग्रह है और जिसे दिसंबर में प्रक्षेपित किया जायेगा। उन्होंने कहा, फिर हम एसएसएलवी डी3 का प्रक्षेपण करेंगे। जैसा कि आप जानते हैं यह हमारा लघु उपग्रह प्रक्षेपण यान है। यह तीसरा प्रक्षेपण है। यह प्रक्षेपण नवंबर या दिसंबर में किया जायेगा। इसके बाद नासा-इसरो सिंथेटिक एपर्चर रडार या निसार की बारी आयेगी। इसे अगले साल फरवरी में प्रक्षेपित किया जायेगा। उन्होंने कहा कि गगनयान मिशन के परीक्षण यान डी1 का प्रक्षेपण अक्टूबर में किया जायेगा।

केरल में मंत्री के कर्मचारी के रिश्वत लेने के मामले में विस्तृत जांच होगी : पुलिस

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

नई दिल्ली, केरल की स्वास्थ्य मंत्री वीना जॉर्ज के एक निजी कर्मचारी पर रिश्वत लेने का आरोप लगने से पैदा हुए राजनीतिक विवाद के मद्देनजर राज्य पुलिस ने बृहस्पतिवार को कहा कि व्यापक वैज्ञानिक जांच के जरिए सच्चाई सामने लाई जाएगी। पुलिस ने यह भी कहा कि मामले में स्पष्ट तस्वीर शुक्रवार शाम तक सामने आ जाएगी। मलप्पुरम जिले के निवासी हरिदासन ने बुधवार को आरोप लगाया था कि मंत्री के एक निजी कर्मचारी ने उनकी बहू की सरकारी चिकित्सा अधिकारी के रूप में नियुक्ति के लिए एक लाख रुपये की रिश्वत ली। तिरुवनंतपुरम शहर के पुलिस आयुक्त सी.एच. नागराजू ने इस मामले में जांच की प्रगति के बारे में संवाददाताओं को जानकारी देते हुए कहा कि हरिदासन का विस्तृत बयान दर्ज किया जाएगा और इसके लिए पुलिसकर्मियों की एक टीम पहले ही मलप्पुरम के लिए रवाना हो चुकी है। पुलिस आयुक्त नागराजू ने कहा कि आरोपों के संबंध में मंत्री के कार्यालय द्वारा पुलिस महानिदेशक को भेजी गई एक शिकायत बुधवार को पुलिस मुख्यालय के माध्यम से उन्हें सौंपी गई थी।

नाटो के महासचिव ने यूक्रेन में युद्ध की स्थिति पर चर्चा करने के लिए जेलेंस्की से मुलाकात की

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

नई दिल्ली, उत्तरी अटलांटिक संधि संगठन (नाटो) के महासचिव जेन्स स्टोलटेनबर्ग ने युद्ध की स्थिति और सैनिकों की जरूरतों पर चर्चा करने के लिए यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की से बृहस्पतिवार को मुलाकात की। रूस ने बुधवार को आरोप लगाया था कि देश में मिलाए गए क्रीमिया प्रायद्वीप स्थित काला सागर बेड़े के उसके मुख्यालय पर पिछले सप्ताह मिसाइलों से किए गए हमले की साजिश यूक्रेन के पश्चिमी सहयोगियों ने रची थी और उसे अंजाम देने में सहयोग किया था। रूस के इस आरोप के एक दिन बाद स्टोलटेनबर्ग ने जेलेंस्की से मुलाकात की। जेलेंस्की ने कहा कि स्टोलटेनबर्ग यूक्रेन के बिजली संयंत्रों और ऊर्जा बुनियादी ढांचे की रक्षा के लिए अतिरिक्त वायु रक्षा प्रणाली प्रदान करने में नाटो सदस्यों की मदद के वास्ते प्रयास करने

पर सहमत हुए।

उन्होंने महासचिव को रिहायशी क्षेत्रों में हुए हमलों के बारे में भी जानकारी दी। उन्होंने कहा, यूक्रेनी नागरिकों, हमारे शहरों, हमारे बंदरगाहों के खिलाफ इस तरह के हमलों से निपटने के लिए हमें अपनी वायु रक्षा प्रणाली को मजबूत बनाने की जरूरत है। स्टोलटेनबर्ग ने कहा कि नाटो के पास यूक्रेन के लिए 2.4 अरब यूरो (2.5 अरब डॉलर) के गोला-बारूद का अनुबंध है और इसमें 155 मिमी होवित्जर गोले, टैंक रोधी निर्देशित मिसाइल और टैंक गोला-बारूद शामिल हैं। उन्होंने कहा, यूक्रेन जितना मजबूत होगा, हम रूस के हमले को समाप्त करने के उतने ही करीब होंगे। उन्होंने कहा, रूस आज हथियार डालकर युद्ध समाप्त कर सकता है। यूक्रेन के पास ऐसा विकल्प नहीं है। यूक्रेन के आत्मसमर्पण का मतलब शांति नहीं होगा। इसका मतलब रूसी कब्जा होगा। रूस के रक्षा मंत्रालय की प्रवक्ता मारिया जाखारोव ने कहा था, इसमें कोई संदेह नहीं है कि हमले की योजना पश्चिमी खुफिया एजेंसियों, नाटो के उपग्रहों से ली गई तस्वीरों और टोही विमानों का उपयोग करके पहले से बनाई गई थी और इसे अमेरिकी और ब्रिटिश सुरक्षा एजेंसियों की सलाह पर और उनके समन्वय में अंजाम दिया गया। अपुष्ट खबरों के मुताबिक मुख्यालय पर हमले में ब्रिटेन और फ्रांस द्वारा यूक्रेन को दी गई स्टॉर्म शैडो मिसाइलों का इस्तेमाल किया गया था। ब्रिटेन के रक्षा मंत्रालय ने तत्काल रूस के आरोपों पर टिप्पणी नहीं की है।

हमारी सरकार नहीं गिरा सके, तो भाजपा नेताओं ने राजस्थान पर धावा बोल दिया: गहलोत

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

नई दिल्ली, राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी सहित भारतीय जनता पार्टी के अन्य नेताओं के बार-बार राजस्थान आने पर कटाक्ष करते हुए बृहस्पतिवार को कहा कि इन नेताओं ने इसलिए राजस्थान पर धावा बोल है क्योंकि ये उनकी सरकार नहीं गिरा पाए थे। गहलोत ने भाजपा नेताओं पर देश में चुनी हुई सरकारों को विधायकों की खरीद-फरोख्त से गिराने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा, कर्नाटक, महाराष्ट्र तथा मध्य प्रदेश में चुनी हुई सरकारें गिरा दी। उनके दिल में एक जलन है कि राजस्थान में उनकी दाल नहीं गली ...आप लोगों के आशीर्वाद से। गहलोत ने कहा कि लाख कोशिशों के बावजूद उनकी दाल यहां नहीं गली, यहां सरकार नहीं गिरा पाए तो इसका बदला लेने के लिए

इन तमाम लोगों ने राजस्थान पर हमला बोल दिया है।

उन्होंने कहा कि एक के बाद एक नेता यहां आ रहे हैं और प्रधानमंत्री साल भर में आठ-नौ बार आ गए, लेकिन यहां सरकार गिरा नहीं पाए इसका दर्द उन्हें जिंदगी भर रहेगा। साल 2020 के राजनीतिक संकट की ओर इशारा करते हुए गहलोत ने कहा, मैं अकेला कुछ नहीं कर सकता था, हाइकमान हमारे साथ था, हमारी सरकार नहीं गिरी। कांग्रेस हाइकमान, सोनिया गांधी जी, राहुल गांधी जी ... हमारे लिए यहां पर पूरी टीम भेज रखी थी। गहलोत कोटपूतली-बहरोड़ जिले के काठूवास गांव में एक कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। राज्य में इस साल के आखिर में विधानसभा चुनाव होने हैं और मुख्यमंत्री ने उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ के बार-बार राजस्थान आने पर एक बार फिर सवाल उठाया। उन्होंनें कहा, नेता आएं यहां पर कोई दिक्कत नहीं, लेकिन उपराष्ट्रपति को नहीं भेजें।

उपराष्ट्रपति संवैधानिक पद होता है। हम सब सम्मान उपराष्ट्रपति और राष्ट्रपति का सम्मान करते हैं। कल उपराष्ट्रप्रति जी आए और पांच जिलों का दौरा किया। क्या तुक है?... चुनाव चल रहे हैं इसमें आप आएंगे तो संदेश कई तरह के जो वो लोकतंत्र के लिए अच्छी बात नहीं होगी। प्रधानमंत्री पर एक तरह से कटाक्ष करते हुए गहलोत ने कहा कि वे पहले इस बात की गारंटी जनता को दें कि अगर राज्य में हमारी सरकार बनेगी तो मौजूदा सरकार की किसी योजना को बंद नहीं करेंगे। गहलोत ने कहा, वरना वे (भाजपा) तो कल पुरानी पेंशन योजना (ओपीएस) बंद कर देंगे, वे ओपीएस कि खिलाफ हैं।

संक्षेप

जमीनी विवाद में महिला को लाठी डंडो से पीटा,मुकदमा दर्ज

मोहनलालगंज।मोहनलालगंज के रंजीतखेड़ा गांव निवासी सुंदारा ने पुलिस से शिकायत करते हुये बताया जमीनी विवाद के चलते विपक्षी सूरज आये दिन मारपीट करते है,बीते बुद्ववार को सूरज ने उसके घर पर चढाई कर लाठी डंडो से बुरी पिटाई कर घायल कर दिया।पीड़ित ने बताया आरोपी सूरज ने जमीन नाम ना करने पर जान से मारने की धमकी भी दी है।इंस्पेक्टर संतोष कुमार आर्य ने बताया पीड़िता की तहरीर के आधार पर आरोपी के विरूद्व मारपीट व जान से मारने की धमकी देने समेत अन्य धाराओ में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी गयी हैं।

दोबारा जमीन बेचने वाले चार जालसाजो पर मुकदमा दर्ज

मोहनलालगंज।बलिया जनपद के थाना खेजुरी के भरवलियां गांव निवासी दीपन यादव ने बताया मोहनलालगंज के खुजौली गांव में 2019 में विक्रेता सुखदीन,विनोद कुमार,राम किशोर व उनकी मां? चन्द्रकली से कृषि योग्य जमीन खरीदी थी,लेकिन जालसाजी व धोखाधड़ी करते हुये उसको बेची गयी जमीन की विनोद कुमार 2021 ने दोबारा क्रेता मोनू निवासी रामबक्शखेड़ा मजरा परेहरा थाना गोसाईगंज के नाम रजिस्ट्री कर दी,जानकारी होने पर पीड़ित दीपन यादव ने पूरे मामले की एसीपी नितिन सिहं से लिखित शिकायत कर कार्यवाही की मांग की।एसीपी ने पूरे मामले की जांच कराने के बाद मोहनलालगंज पुलिस को मुकदमा दर्ज कर कार्यवाही के निर्देश दियें।इंस्पेक्टर संतोष कुमार आर्य ने बताया पीड़ित की तहरीर के आधार पर आरोपी विनोद कुमार समेत चार आरोपियों के विरूद्व धोखाधड़ी व जालसाजी की धाराओ में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी गयी हैं।

डॉ राजेश्वर सिंह के प्रयासों से वृद्धाश्रमों में रहने वाले वृद्धजनों को मिलेगी बहुत सी सुविधाएँ और संसाधन

वृद्धजन हमारे समाज की अनमोल विरासत हैं, उनकी सेवा व सम्मान करना हमारा दायित्व : डॉ. राजेश्वर सिंह

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ।सरोजनीनगर विधायक डॉ. राजेश्वर सिंह समाज के वृद्धजनों की सेवा, सम्मान, सहायता करने के लिए दृढ़ संकल्पित हैं।वृद्धाश्रम में रहने वाले वृद्धजन जो अपने परिवार से दूर रहते है, डॉ. राजेश्वर सिंह एक बेटे की तरह उनकी सभी समस्याओं को दूर करने तथा उन्हें हर सुविधा-संसाधन का लाभ भी पहुंचने के लिए निरंतर प्रयासरत है।वृद्धजनों की सेवा के अपने संकल्प को पूर्ण करने के क्रम में डॉ. राजेश्वर सिंह ने 4 अगस्त 2023 को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को एक पत्र लिखा था जिसमें उन्होंने वृद्धजनों की समस्याएं तथा उनकी आवश्यकताओं से संबंधित कई पहलुओं का उल्लेख किया गया था जिस पर उन्हें शासन की ओर से सकारात्मक आश्वसन प्राप्त हुआ है।

डॉ. राजेश्वर सिंह ने पेंशन लाभ की सुविधा के लिए नियमों को शिथिल किए जाने का सुझाव दिया था जिस पर शासन की ओर से प्रदेश के जनपदों के वृद्धाश्रमों में रहने वाले वृद्धजनों, जिन्हें विभिन्न पेंशन योजनाओं का लाभ नहीं मिल पार रहा है, उनका आधार कार्ड एवं आय प्रमाण पत्र बनवाकर उनकी पात्रता का परीक्षण कर पेंशन दिलाने के लिए सभी जिलाधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं।

सरोजनीनगर विधायक ने वृद्धजनों के आयुष्मान कार्ड के लिए मोबाइल ओटीपी की समस्या, रेटिना स्कैनिंग, लेबर कार्ड, राशन कार्ड आदि की अनिवार्यता से राहत दिलाने की भी बात लिखी थी जिस पर शासन की ओर से जिन वृद्धों के कार्ड नहीं बना है, उनके कार्ड बनवाकर उन्हें इस योजना से जोड़ने के निर्देश निर्गत किए गए हैं। इसी तरह जिनका वोटर आईडी कार्ड नहीं बना है, उसे बनवाने का भी जिलाधिकारियों को निर्देश दिया गया है।पत्र के माध्यम से डॉ. राजेश्वर सिंह ने वृद्धजनों की स्वास्थ्य सेवाओं का ध्यान रखते हुए उन्होंने प्रत्येक वृद्धाश्रम पर एंबुलेंस की सुविधा, तिमाही हेल्थ चेकअप, निशुल्क दवाएं, डेंटल एवं ऑथोर्पेडिक जांच आदि को अति महत्वपूर्ण बताया तथा चिकित्सा भत्ता बढ़ाने का आग्रह किया था। इस पर शासन द्वारा एनपीएचसीई कार्यक्रम के अंतर्गत मधुमेह, उच्च रक्तचाप, कैंसर, नेत्र रोग आदि के परीक्षण व उपचार कराए जाने के लिए वृद्धाश्रमों में 01 मनोरोग विशेषज्ञ, 01 क्लीनिकल साइकोलॉजिस्ट / काउंसलर को सम्मलित कर एक टीम का गठित कर हर महीने में दो बार स्क्रीनिंग शिविर का आयोजन के साथ साथ समुचित चिकित्सा व्यवस्था करने के भी निर्देश दिए गए हैं तथा यह भी बताया गया कि समस्त वृद्धाश्रमों में प्राथमिक उपचार कक्ष बने हुए हैं जिसमें आवश्यक दवाईयां उपलब्ध रहती है। वृद्धाश्रमों में प्रशिक्षित नर्सिंग स्टाफ भी रहता है जिसके द्वारा प्राथमिक उपचार किया जाता है। आकस्मिकता की स्थिति में एंबुलेंस की व्यवस्था कर सीएचसी / पीएचसी पर उपचार कराया जाता है।विधायक ने वृद्धजनों के मनोविनोद के लिए परिवहन विभाग एवं पर्यटन विभाग के सहयोग से प्रत्येक तिमाही भ्रमण कार्यक्रम कराए जाने का आग्रह किया था जिस पर शासन की ओर से मनोरंजन व तीर्थयात्रा की उचित व्यवस्था करने के लिए वृद्धाश्रमों के संचालकों के निदेशकों को निर्देश जारी हुए हैं।

मोहनलालगंज, निगोहां,नगराम में शांतिपूर्ण तरीके से निकला बाराफवात का जूलुस

डीसीपी दक्षिणी व एडीसीपी ने क्षेत्र में भ्रमणशील रहकर बनाये रखी नजर

अमन लेखनी समाचार

मोहनलालगंज।मोहनलालगंज,निगोहां,नगराम क्षेत्र में गुरूवार को बारावफात का जुलूस शांतिपूर्ण तरीके से निकाला गया। बारावफात जुलूस को लेकर तीनो ही थाना क्षेत्रो की पुलिस अलर्ट मोड़ में दिखी।डीसीपी दक्षिणी विनीत जायसवाल व एडीसीपी शंशाक सिहं जोन के मोहनलालगंज, नगराम,निगोहां समेत अन्य थाना क्षेत्रो में सुबह से शाम तक भ्रमणशील रहकर नजर बनाये रखी।बाराफवात का जूलुस शांतिपूर्ण निपटने के बाद अफसरो ने राहत की सांस ली। मोहनलालगंज के सिसेंडी, भदेसुवा, भसंडा,कनकहा, खुजौली गांवो में बाराफवात का जूलूस गांजे - बाजे के साथ निकला शांतिपूर्ण तरीके से निकला। इंस्पेक्टर संतोष कुमार आर्य पुलिस फोर्स के साथ मुश्तैद रहकर बाराफवात जुलुसो पर नजर बनाये रखी। निगोहां, मदारीखेड़ा, नंदौली,डीहा, मीरखनगर में भी बाराफवात का जूलुस शांतिपूर्ण तरीके से निकला, निगोहां गांव में निकाले गये जूलुस में हिन्दू मुस्लिम एकता की मिशाल देखने को मिली,जहां जूलूस में इस्लामिक झंडे के साथ युवा तिरंगे झंडे को लहराते हुये चल रहे थे,जूलुस में घोड़े व बग्गी समेत वाहनो की कतार रही।जुलूस का जगह जगह स्वागत कर हिन्दू-मुश्लिम के लोगो ने स्वागत कर मिठाई समेत अन्य खाने की सामग्री वितरित की।इंस्पेक्टर विनोद यादव पुलिस फोर्स के साथ जूलुस में मौजूद रहकर नजर बनाये रखी। नगराम, समेसी, सलेमपुर अचाका में भी बाराफवात का जूलुस शातिपूर्ण तरीके से निकला।जूलुस में कार्यवाहक इंस्पेक्टर प्रवीण कुमार गौतम पुलिस फोर्स के साथ मौजूद रहें।

बिना नर्स के चिकित्सक भी अधूरा है : डॉ सचान

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ । अरनव पैरामेडिकल इंस्टीट्यूट बाराबंकी के तत्त्वावधान में नक्षत्र फाउण्डेशन द्वारा ह्यह्यचिकित्सा के क्षेत्र में नर्सिंग की भूमिकाह्यह्य विषयक शैक्षिक दक्षता वृद्धि व्याख्यानमाला की प्रथम प्रस्तुति का आयोजन किया गया। उक्त व्याख्यानमाला में वक्ता के रूप में डॉ0 प्रतिभा सचान, निदेशक अरनव पैरामेडिकल इंस्टीट्यूट, बाराबंकी, प्रो0 अरूल जोथी, उप प्रधानाचार्या हिन्द इंस्टीट्यूट कॉलेज ऑफ नर्सिंग सीतापुर, डॉ0 एनी चन्द्रा एस0, इंस्टीट्यूट ऑफ पैरामेडिकल साइंसेज, लखनऊ उपस्थित रहीं। डॉ0 प्रतिभा सचान ने अपने व्याख्यान में कहा कि प्रत्येक मरीज के स्वस्थ होने में एक नर्स का बहुत बड़ा योगदान होता है, बिना नर्स के चिकित्सक भी अधूरा है।प्रो0 अरूल जोथी ने अपने व्याख्यान में नर्सिंग की महत्ता पर प्रकाश डाला।डॉ0 एनी चन्द्रा एस0 ने अपने व्याख्यान में बताया कि नर्सिंग की दिशा में बच्चे अपना करियर किस प्रकार बनाए। व्याख्यान के उपरान्त सभी वक्ताओं को सम्मानित भी किया गया एवं श्रीमती रेखा झा द्वारा धन्यवाद ज्ञापन किया गया।कार्यक्रम अवसर पर अरनव पैरामेडिकल डॉ0 एन0 वेंकटलक्ष्मी, रेखा झा, सोनम सिंह, डॉ0 ऋचा आर्या, मुनीष मल्होत्रा, यूनुस जमाल, दिनेश मिश्रा उपस्थित रहे।

घड़ी की दुकान में छात्रा से छेड़छाड़:पुलिस से शिकायत पर दी धमकी, गिरफ्तार

लखनऊ, लखनऊ में एक 11वीं की छात्रा से घड़ी दुकानदार ने दुकान के अंदर अश्लीलता की। विरोध पर जान से मारने की धमकी दी। पीड़िता किशोरी ने घर पहुंच कर परिजनों को आपबीती बताई। परिजनों ने रास्ते में छेड़छाड़ की जानकारी पर पारा थाने में मुकदमा दर्ज कराया। थाना पुलिस ने घटना की जांच कर साक्ष्य के आधार पर आरोपी युवक को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। इंस्पेक्टर श्रीकान्त राय ने बताया कि पीड़िता के परिवार ने बुधवार को थाने पर शिकायत की कि उनकी 11वीं में पढ़ने वाली बेटी (15) को स्कूल जाते समय खुशहालगंज स्थित वाच सेंटर पर अपनी घड़ी लेने गई थी। जहां पर दुकानदार फाजिल ने बेटी के साथ अश्लीलता की। जांच में मामला सही पाए जाने पर छेड़छाड़ के आरोपी खुशहालगंज निवासी मो. फाजिल को गिरफ्तार कर लिया गया।

प्रॉपर्टी डीलरों के आगे नतमस्तक प्रशासन

राजस्व निरीक्षक की टीम द्वारा नाला निर्माण रुकवाने के बाद भी बराबर चल रहा निर्माण कार्य

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ । बंथरा के बेंती ग्राम पंचायत के तहत पी डब्लू डी सहित चारागाह की जमीन पर उसी के बगल में बनी अमेजॉन कंपनी व उसके साथ में बन रही कंपनी द्वारा एक नाले का निर्माण किया जा रहा है जिसके द्वारा कंपनी का गंदा पानी निकाल कर नगवा नाले के द्वारा सई नदी में गिराने का इरादा है। ग्राम सभा के निवासी व भाजपा नेता अमित तिवारी ने जिम्मेदारों के ऊपर आरोप लगाते हुए उप जिलाधिकारी सरोजिनी नगर को एक शिकायती पत्र देकर इसी माह की बीती 25 तारीख को मामले को अवगत कराते हुए चल रहे निर्माण कार्य को रुकवा कर पी डब्लू डी सहित चारागाह की बेश कीमती सरकारी जमीन को कब्जा मुक्त कराने की गुहार लगाई थी इसके बाद उप जिलाधिकारी के आदेश पर उसी दिन राजस्व निरीक्षक की निगरानी में एक टीम ने मौके पर आकर चल रहे नाला निर्माण के कार्य को जांच कर रुकवा दिया था किंतु अधिकारियों के जाने के बाद जिम्मेदारों द्वारा नाला निर्माण को फिर से चालू कर दिया गया है। शिकायतकर्ता अमित तिवारी ने बताया कि नाला निर्माण की कार्रवाई रुकने के कुछ ही देर बाद फिर से शुरू कर दिया गया था जिसके बाद उन्होंने उप जिलाधिकारी सहित कई संबंधित अधिकारियों, लेखपाल से बात कर मौके पर चल रहे कार्य से अवगत कराया था। अधिकारियों द्वारा निर्माण कार्य रूकवाये जाने के बाद भी काम न रुकना जाहिर करता है कि जिम्मेदारों को शासन और प्रशासन का कोई भय नहीं है। इस संबंध में जब एसडीएम सरोजनीनगर से बात करने के लिए फोन किया गया लेकिन एसडीएम सरोजनीनगर ने फोन नही उठाया लेखपाल अमरेंद्र शर्मा का फोन मिलाया गया तो लेखपाल ने बताया कि मैंने लिखित में बंथरा थाने में दे दिया है और काम भी बन्द हो गया था लेकिन ये भू माफिया के ऊपर कोई फर्क नही पड़ रहा ये किसिकी बात नही मान रहा है उसके बाद हल्का इंचार्ज अनुज कटियार से बात किया गया उन्होंने बताया मेरे पास कोई लिखित में ऐप्लिकेशन लेखपाल ने नहीं दिया है आप इंसपेक्टर साहब से बात करिये जब बंथरा थाना इंचार्ज को फोन मिलाया गया तो उन्होंने भी फोन नही उठाया अब ये समझना मुश्किल हो रहा है कि अगर कोई भी किसी प्रकार का क्राइम हो रहा हो तो फोन आम आदमी किसको फोन पर अपनी सूचना दे जहाँ पर योगी सरकार लगातार भू माफिया पर लगाम लगाने में हर सम्भव प्रयास कर रही वहीं पर जिम्मेदार अधिकारी फोन नही उठाते है जब मिडिया बंधुओं के फोन नही उठाते वहाँ सोचने वाली बात ये है की आम पब्लिक का क्या हाल होगा इस जिस जमनी पर कब्जा किया जा रहा है उसकी शिकायत केन्द्रीय राज्यमन्त्री कौशल किशोर ने भी लखनऊ जिला अधिकारी से किया था लेकिन उसका भी कोई असर नहीं हुवा अब रही बात जब लखनऊ जिला के सबसे टॉप अधिकारियों से शिकायत करने के बाद कोई सुनवाई नही हो रही तो आम किसान या आम नागरिक अपनी शिकायत लेकर अपनी पीडा अपना दर्द किसके सामने कहे किसको बताये जिस नाले का निर्माण हो रहा है उससे सई नदी प्रदूसित होगी जिसमें हजारों पशु पंछियों पर बुरा प्रभाव पड़ेगा

प्रॉपर्टी डीलर के खिलाफ धोखाधड़ी का मुकदमा दर्ज

अमन लेखनी समाचार

काकोरी। काकोरी थाना क्षेत्र के अंतर्गत प्रॉपर्टी डीलर ने एक युवक से मकान का सौदा कर करीब 13 लाख पचास हजार रुपये बयाना लिया, लेकिन बिना बैनामा किये किसी दूसरे को बेच दिया। जब युवक को बैनामे की जानकारी हुई, तो उसने प्रॉपर्टी डीलर से रुपये मांगे। जिस बात को लेकर दबंग प्रॉपर्टी डीलर ने जान से मारने की धमकी देते हुये भगा दिया। पीड़ित युवक ने डीसीपी कार्यालय में शिकायत की जिसके बाद काकोरी पुलिस ने प्रॉपर्टी डीलर के खिलाफ धोखाधड़ी व जालसाजी की धारा में मुकदमा दर्ज कर लिया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार अजीटन खेड़ा गांव निवासी आजाद कुमार ने एक साल पहले मौदा गांव स्थित एक मकान का सौदा कनौसी गांव निवासी प्रापर्टी डीलर हरिशंकर विश्वकर्मा से किया था। आजाद ने बयाना के रूप में 13 लाख 50 हजार रुपये हरी शंकर को आरटीजीएस के माध्यम से खाते में दिया था। आजाद ने कुछ दिन बाद मकान की बैनामा कराने को कहा था, जिसके बाद आजाद ने प्रापर्टी डीलर को मकान का बैनामा करने को कहा तो प्रॉपर्टी डीलर आनाकानी करने लगा।जब आजाद ने जानकारी की, तो पता चला कि प्रापर्टी डीलर ने दूसरे व्यक्ति को मकान का बैनामा कर दिया है। आजाद ने प्रॉपर्टी डीलर से रुपए वापस लौटाने को कहा तो प्रॉपर्टी डीलर ने पीड़ित को जान से मारने की धमकी दी और रुपए वापस करने से मना कर दिया। बीते दिन पीड़ित ने संबंधित थाने को सूचना दी, परन्तु न्याय न मिलने के कारण डीसीपी कार्यालय में शिकायत की।जिसके निर्देश पर काकोरी पुलिस ने प्रॉपर्टी डीलर के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया। इंस्पेक्टर प्रवीण कुमार सिंह ने बताया कि पीडित की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर कार्यवाही की जा रही है।

योगी सरकार हमें डराने की कोशिश न करे ,हम डरने वाले नहीं हैं- अजय राय

पूर्व एमएलसी दीपक सिंह के खिलाफ फर्जी मुकदमा दर्ज कराना कायरता

मुंशीगंज अमेठी के अस्पताल को बंद करवाना स्मृति ईरानी का जन विरोधी कृत्य

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। एक बयान में उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष एवं पूर्व मंत्री अजय राय ने कहा कि जनसेवा को समर्पित मुंशीगंज, अमेठी स्थित संजय गांधी अस्पताल को षड्यंत्र के तहत बंद करवाना अमेठी, सुल्तानपुर, रायबरेली और प्रतापगढ़ सहित अनेक निकटस्थ जनपदों की आम एवं गरीब जनता के विरोध में लिया गया निर्णय है।इसके पीछे अमेठी की सांसद एवं केंद्रीय मंत्री स्मृति जुबिन ईरानी तथा योगी सरकार है तथा यह उनकी जन विरोधी नीतियों का हिस्सा है।इसी के तहत वहां पर आंदोलनरत पूर्व एमएलसी दीपक सिंह के विरूद्ध आज फर्जी मुकदमा दर्ज कराया गया है। सरकार हमकों डराना चाहती है लेकिन हम डरने वाले नहीं हैं।

उन्होने कहा कि इस अस्पताल को खुलवाने के लिए वहां पर लगातार सत्याग्रह एवं धरना चल रहा है जिसमें बड़ी संख्या में कांग्रेसजन एवं स्थानीय नागरिक शामिल हैं। कांग्रेस पार्टी के पूर्व एमएलसी दीपक सिंह जो धरने में शामिल हैं, उनके खिलाफ फर्जी मुकदमा कायम करवाना सरकार की कांग्रेसजनों को डराने की कोशिश है। शांतिप्रिय तरीके से चले रहे सत्याग्रह को कुचलने के लिए एफआईआर दर्ज करवाना योगी सरकार की कायरता है। लेकिन कांग्रेस पार्टी और इसके नेता एवं कार्यकर्ता डरने और झुकने वाले नहीं है ।यह आंदोलन अस्पताल की मान्यता बहाल होने एवं सुचारू रूप से पुनः चालू होने पर ही समाप्त होगा।

उन्होंने कहा कि इस अस्पताल के माध्यम से आसपास के जनपद वासियों को सुलभ एवं सस्ता इलाज मिलता था, आंख का भी बेहद सस्ते दामों पर ऑपरेशन संभव हो पाता था, लोगों की जान बचाई जाती थी। इससे भयभीत स्थानीय सांसद एवं केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी एवं प्रदेश की योगी सरकार ने साजिश के तहत इस अस्पताल की मान्यता समाप्त कर इसे सील करवा दिया है। इस कुकृत्य से जनता में व्यापक आक्रोश है, आम जनता एवं आसपास के जिलों के कांग्रेस जन वहां पर लगातार आंदोलनरत हैं। इससे घबराकर प्रदेश सरकार ने अपने स्थानीय सांसद के इशारे पर श्री दीपक सिंह पूर्व एमएलसी के खिलाफ फर्जी मुकदमा दर्ज करवा दिया है, यह बेहद निंदनीय कृत्य है।

उन्होंने कहा कि स्मृति ईरानी अथवा योगी सरकार कांग्रेसजनों को डराने की लाख कोशिश कर ले लेकिन हम डरने वाले नहीं है। हम डरने एवं झुकने वाले नहीं हैं। यह एक जन विरोधी और गरीब विरोधी कार्य है जिसका हम डटकर मुकाबला करेंगे। आम जनता की सेवा के इस मंदिर को हम बंद नहीं होने देंगे चाहे कितने भी एफआईआर दर्ज कर दिए जाएं, उत्पीड़न और दमन की कितनी भी कार्यवाहियां की जाए हम डटकर मुकाबला करेंगे, लड़ेंगे और जीतेंगे।

एयरपोर्ट पर ऊबर कार चालकों और निजी सुरक्षा गाड्र्स के बीच हुई मारपीट के मामले में रिपोर्ट दर्ज

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। राजधानी लखनऊ के चौधरी चरण सिंह एयरपोर्ट पर ऊबर कार चालकों और निजी सुरक्षा गाड्र्स के बीच हुई मारपीट के मामले में जानकीपुरम विस्तार के रहने वाले ऊबर कार चालक आशीष वर्मा ने सुरक्षा गार्ड पुनीत मिश्रा और अन्य गार्ड के खिलाफ गाली गलौज, मारपीट और जान से मारने की धमकी देने की सरोजनीनगर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। आशीष का कहना है कि उसकी ऊबर में एयरपोर्ट से बुकिंग आई थी। बुकिंग की सवारी पिक करने के लिए वह मंगलवार को एयरपोर्ट गया था। तभी पैसेंजर ने उसे थोड़ा आगे बुला लिया। इस पर ऊबर कर चालक आशीष उस पैसेंजर से बात करते-करते आगे पहुंचा और यात्री को अपनी गाड़ी में बिठा लिया। लेकिन आरोप है कि इसी बीच एयरपोर्ट पर तैनात निजी सुरक्षा गार्ड पुनीत मिश्रा वहां पहुंचा और उसे मारने लगा। इस दौरान निजी सुरक्षा गार्ड के कई अन्य साथी भी मौके पर पहुंचे और उन्होंने मिलकर आशीष को बुरी तरह मारा पीटा। साथ ही दोबारा यहां दिखाई पड़ने पर जान से मारने की धमकी भी दी। वहीं इस मारपीट से ऊबर कार चालक आशीष चोटिल भी हो गया। उसका आरोप है कि एयरपोर्ट पर तैनात यह निजी सुरक्षा गार्ड आए दिन ड्राइवरों से मारपीट करते रहते हैं। साथ ही गाड़ी में लॉक लगाकर चालकों से अवैध वसूली भी करते रहते हैं। इसके अलावा इन गार्डों द्वारा ओला ऊबर टैक्सी कारों का पास निरस्त करने की धमकी भी दी जाती रहती है। फिलहाल सरोजनीनगर पुलिस मामले की रिपोर्ट दर्ज कर जांच कर रही है।

भागवत कथा के अंतिम दिन सुदामा चरित्र सुनकर भावुक हुए श्रोता

मोहनलालगंज के बिन्दौंवा गांव में आयोजित सात दिवसीय श्री मद् भागवत कथा का हुआ समापन,आज होगा भंडारे का आयोजन

अमन लेखनी समाचार

मोहनलालगंज।मोहनलालगंज के बिन्दौवा गांव स्थित झंडेश्वर महादेव मंदिर परिसर में आयोजित सात दिवसीय भागवत कथा में अंतिम दिन कथा वाचक दिनेश शास्त्री जी महाराज ने परीक्षित मोक्ष, सुदामा चरित्र का मनोरम ढंग से वर्णन किया।सुदामा चरित्र का वर्णन अत्यंत मार्मिक और भावपूर्ण ढंग से कि या गया। जिससे उपस्थित श्रद्धालु भावुक हो गए। सुदामा चरित्र के माध्यम से लोगों को निःस्वार्थ भाव से मित्रता निभाने का संदेश दिया गया। कथा वाचक ने कहा कि श्रीमद् भागवत संपूर्ण सिद्धांतों का निष्कर्ष है। भागवत कथा को सुनने से जन्म-मृत्यु के भय का नाश होता है। यह ग्रंथ भक्ति के प्रवाह को बढ़ाता है। यही नहीं भगवान श्रीकृष्ण को प्रसन्न करने का यह प्रधान साधन है। मन की शुद्धि के लिए श्रीमद् भागवत से बढ़कर कोई साधन नहीं है। भक्ति, ज्ञान, वैराग्य तथा से त्याग की प्राप्ति होती।भगवान कृष्ण की लोक मानस को गौ पालन की प्रेरणा के संदेश के परिभाषित करते हुए उन्होंने कहा कि गौ दुग्ध, दही, मक्खन शरीर बुद्धि को पुष्ट करते हैं, जिसके बल पर ही भगवान श्रीकृष्ण शत्रुओं का संहार करने में सफल रहे।आयोजन विनोद ने बताया श्री मद् भागवत कथा के समापन पर शुक्रवार को हवन पूजन के साथ विशाल भंडारे का आयोजन किया जायेगा।

गीतापल्ली वार्ड पार्षद ऋचा आदर्श मिश्रा ने ब्लड डोनेट किया

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। गीतापल्ली वार्ड 54 में स्वास्थ्य शिविर, आयुष्मान कार्ड एवम ब्लड डोनेशन कैंप का शुभारंभ आनंद द्विवेदी (महानगर अध्यक्ष) द्वारा किया गया। इस मौके पर गीतापल्ली वार्ड पार्षद ऋचा आदर्श मिश्रा ने ब्लड डोनेट किया साथ ही अंकित, संदीप कांत राजन, कु लदीप, विभोर, अनुज यादव, आशीष, अमित ,सौरभ समेत पार्टी के 12 अन्य लोगो ने ब्लड डोनेट किया तथा सैकड़ों लोगों ने अपना स्वास्थ्य चेकअप कराया तथा आयुष्मान कार्ड प्राप्त किया। इस कैंप में उप मुख्यमंत्री निजी सचिव भी शामिल हुए।कैंप का आयोजन आदर्श मिश्रा एडवोकेट द्वारा आयोजित किया गया।

राष्ट्रीय लोकदल की प्रदेश कार्यकारिणी घोषित

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ , राष्ट्रीय लोकदल के राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी जयन्त सिंह अनुमति से राष्ट्रीय लोकदल के प्रदेश अध्यक्ष रामाशीष राय ने प्रदेश कार्यकारिणी की घोषणा की है जिसमें 12 उपाध्यक्ष व 30 महासचिव हैं।

राष्ट्रीय लोकदल के राष्ट्रीय प्रवक्ता अनिल दुबे ने बताया कि श्री राय ने योगराज सिंह, अजीत दौला, हाजी वसीम हैदर,सुरेश गुप्ता, कुँवर नरेंद्र सिंह, सन्तोष कुमार मिश्र, नरेंद्र खजूरी,रामआसरे विश्वकर्मा, चंद्रबली यादव, बद्री पटेल,कु अँर अयूब अली व आदित्य विक्रम सिंह को उपाध्यक्ष मनोनीत किया है।

श्री दुबे ने बताया कि शैलेंद्र यादव,चौधरी फहीमुद्दीन, विमलेश पाठक,तिरसपाल मलिक,जितेंद सिंह,राज प्रताप त्रिपाठी, चंद्रपाल सिंह ,अम्बुज पटेल ,रजनीकांत मिश्रा, मौलाना नजमुद्दीन कासमी हवलदार यादव,अशोक चौधरी, अटल चौधरी, सुभाष गूजर,विश्वेष नाथ मिश्रा, अरुणेंद्र पटेल,श्रीमती रमावती तिवारी, आर पी सिंह चौहान, धीर सिंह एडवोकेट, कपिल चौधरी, इमरान हैदर रिजवी, जसवंत सिंह, विजय कौशिक, विजय यादव, शाहनवाज खान,मनोज सिंह चौहान, शिवकुमार त्यागी रामबहादुर चौधरी, रामनिवास पाल को महासचिव मनोनीत किया है।

श्री दुबे ने सभी मनोनीत पदाधिकारियों को बधाई देते हुए आशा की है कि सभी पदाधिकारी चौधरी चरण सिंह व चौधरी अजित सिंह की विचारधारा व चौधरी जयन्त सिँह के नेतृत्व को मजबूत करने का काम करेंगे।

गाली गलौज मारपीट और जान से मारने की धमकी देने की रिपोर्ट दर्ज

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ।बिजनौर इलाके में करीब सप्ताह भर पहले घर के अंदर फेके गए ईंट पत्थर के मामले में क्षेत्र के परवर पश्चिम गांव निवासी चुन्नीलाल की पत्नी श्यामा देवी ने यही के गंगा, रंजीत, सुजीत और अभिजीत के खिलाफ गाली गलौज, मारपीट और जान से मारने की धमकी देने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। श्यामा देवी का कहना है कि बीती 20 सितंबर की शाम करीब 7 बजे गंगा और उसके बेटे रंजीत, सुजीत व अभिजीत ने उसके घर में ईंट पत्थर फेंके। जब पीड़िता ने पत्थर बाजी का विरोध किया तो आरोपियों ने पीड़िता के पति चुन्नीलाल के साथ गाली गलौज और मारपीट की। बाद में जान से मारने की धमकी भी दी। फिलहाल पुलिस श्यामा देवी की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर आगे की कार्रवाई कर रही है।

संक्षेप

परिजन के साथ गंगा स्नान करने आया मासूम लापता नही लगा सुराग

सुमेरपुर, उन्नाव। दो सप्ताह पूर्व परिवार के साथ आया 7 वर्षीय मासूम बक्सर घाट पर गंगा स्नान करने आया था वही से वो लापता हो गया था पीड़ित पिता ने बारासगवर थाने में जाकर गुमशुदी की रिपोर्ट दर्ज कराई थी।सचिन कुमार 7 वर्ष पुत्र बुधराज निषाद निवासी ग्राम निछावर थाना पैलानी जनपद बाँदा बीते दिनों दिनांक 14/09/2023 दिन गुरुवार को गंगा स्नान को वह परिवार सहित माँ चन्द्रिका देवी बक्सर घाट आया था। स्नान के दौरान घाट से ही वह गायब हो गया जिसकी काफी तलाश की गयी लेकिन अभी तक कोई पता नहीं चल सका। बारासगवर प्रभारी दिलीप कुमार ने बताया पिता की तहरीर पर मु०अ० सं० - 151 / 23-363 पंजीकृत कर लिया गया था, बच्चे की तलाश जारी है।

बरसात में गिरे मकान की भूमि पर दबंग कर रहे कब्जा

पुरवा, उन्नाव। ग्राम कटरा चेतराम में बारिश से जमींदोज पति के पुश्तैनी व कच्चे मकान की भूमि पर जबरन कब्जा करने का आरोप पीड़िता ने गांव के ही आरोपियों पर लगाया है।एसडीएम ने जांच बाद कार्रवाई का भरोसा दिलाया है। तहसीलक्षेत्र के अन्तर्गत मौरावां के गांव कटरा चेतराय निवासिनी शांति पत्नी औसान के मुताबिक उसका पति रोजगार के सिलसिले में शहर में रहता है।और वह घर में अकेली रहती है।उसके पति का पुश्तैनी कच्चा मकान बारिश में जमींदोज हो गया।जिसकी ईंटें चुराकर गांव का ही आरोपी अपने परिवारीजनों संग एकराय होकर भूमि कब्जाने पर अमादा हैं।उसने मुख्यमंत्री, जिलाधिकारी, कप्तान व उपजिलाधिकारी को शिकायत बाद भी आज तक कोई कार्रवाई नहीं की गयी।बावजूद इसके मौरावां पुलिस की कार्रवाई के अभाव में आरोपियों के हौंसले बुलंद होने से उसे जान माल के खतरे की आशंका है। पीड़िता ने उपजिलाधिकारी को सौंपे शिकायतीपत्र में कार्रवाई की मांग की है।एसडीएम उदित नारायण सेंगर ने कार्रवाई का भरोसा दिलाया है।

युवक को जहरीले कीड़े ने काटा हुई मौत

फतेहपुर चौरासी, उन्नाव। थाना क्षेत्र के एक गांव में जानवरो को घास लेने खेत पर गए युवक को किसी जहरीले कीड़े ने काट लिया परिजन उसे सी एच सी ले गए गंभीर हालत देखते डॉ ने उसे जिला अस्पताल भेज दिया परिजन जिला अस्पताल लेकर पहुंचे जहा पर मौजूद डॉ ने युवक को मृत घोषित कर दिया युवक की मौत से परिजनो में चीख पुकार मच गई सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया थाना क्षेत्र के तोरना गांव निवासी मेडेलाल 36 वर्ष बुधवार को जानवरो के लिए खेत पर घास लेने गया था।वह खेत में घास काट रहा था कि तभी उसे किसी जहरीले कीड़े ने काट लिया।परिजनों ने उसे सीएचसी में भर्ती करवाया।जहां से जिला अस्पताल रेफर किया गया।जहां डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।परिजनों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

जुलूस निकाल कर मोहम्मद साहब को किया याद

अमन लेखनी समाचार

पुरवा, उन्नाव। नगर में गुरुवार को इस्लाम धर्म के पैगंबर (प्रवर्तक) हजरत मोहम्मद साहब की विलादत (यौमे पैदाइश) मनाई गई। बारवफात के मौके पर बागे मदीना कमेटी और मोहर्रम कमेटी ने मिलकर जुलूस-ए-मोहम्मदी निकाला। इसमें मोहम्मद साहब के कार्यों को याद किया गया और नेकी के रास्ते पर चलने का जोर दिया गया। वहीं हजरत मोहम्मद साहेब की जश्ने यौमे पैदाइश का जुलूस निकालने से पहले मोहम्मद साहेब को दुरुदों सलाम भेजकर शान ए शौकत और अकीदत व एहतराम के साथ नगर के विभिन्न अन्जुमनों के साथ सुबह 11 बजे निकाला गया। इसमें मदरसा बागे मदीना के बच्चों के हाथ में तिरंगा आकर्षक रहा। वहीं इस्लाम धर्म के पैगंबर (प्रवर्तक) हजरत मोहम्मद साहब की विलादत (यौमे पैदाइश) मनाया गया। बारवफात के मौके पर बागे मदीना कमेटी के प्रबंधक हफि ज फैय्याज और मोहर्रम कमेटी के अध्यक्ष हाजी असलम खान के नेतृत्व में विभिन्न अंजुमनों ने मिलकर जुलूस-ए-मोहम्मदी निकाला। जगह जगह मुस्लिम समुदाय के लोगो ने लंगर का इंतजाम किया और अंजुमनों को, नात शरीफ पढने.वाले बच्चों को व कमेटी अध्यक्षों को सम्मानित किया। मोहर्रम कमेटी के अध्यक्ष हाजी असलम खान ने बताया कि हजरत मोहम्मद साहब की विलादात का दिन हैं, वही इस्लाम धर्म के संस्थापक हैं। वह मुल्क से प्रेम रखने, अमन, आपसी भाईचारा बनाए रखने की सीख देते रहे। वह औरतों को मजबूती व हक के भी पक्षधर रहे। बागे मदीना कमेटी के प्रबंधक हाफिज फैय्याज ने देश व प्रदेश के मुल्क की तरक्की व अमन चैन की दुआ मांगी। जुलूस ए मोहम्मदी में मुख्य रुप से कारी महेंदी हसन, हाफिज वारिस, हाफिज ताज मोहम्मद, हाफिज वकार, हाफिज शादाब, मौलाना इस्लामुद्दीन, कारी शरीफुद्दीन, , अंसार अहमद, मोहसिन खान, , मुसर्रत इमरान सिद्दीकी समेत हजारों लोग मौजूद रहें।

तय रुट और प्रशासन के द्वारा तय समय पर निकला जुलूस।

जुलूस नगर के मोहल्ला मियाटोला स्थित मदरसा बागे मदीना से प्रशासन द्वारा दिए गए समय पर सुबह 11:00 बजे शुरू हुआ और अपने तय रूट से होते हुए बस स्टॉप, पुराना बस स्टॉप, बेगमगंज, जिंदवाबाड़ी, वजीरगंज, राजा बाजार, दलीगढ़ी, टेढ़ीहटिया, कस्टोलवा मोड़, शीतलगंज, मिर्री चौराहा, पीराशाह होते हुए खानजादा स्थित निभारे पर शाम 5:30 बजे जुलूस मुकम्मल हुआ। कमेटी के पदाधिकारियों, सदस्यों और पुरवा प्रशासन ने जुलूस को व्यवस्थित रखने में अपनी अपनी भूमिका निभाई।हिंदू मुस्लिम एकता की पेश की मिसाल। जुलूस ए मोहम्मदी का भाजपा नेता उत्तम चंद्र लोधी, पूर्व पूर्व चेयरमैन प्रतिनिधि योगेंद्र नाथ द्विवेदी, कपिल त्रिपाठी, राजू धानुक, मनीष गुप्ता, विजय बहेलिया, अतुल शुक्ला, आशीष साहू, अनिकेत गुप्ता, सौरभ साहू समेत आदि हिंदू समुदाय के लोगो ने अपने अपने स्थान पर जुलूस का स्वागत किया हैं।

नगर में चल रहे जुलूस ए मोहम्मदी के मौके पर जायजा लेने पहुंचे लखनऊ रेंज आईजी तरुण गाबा साथ में पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ शंकर मीना वहीं आईजी तरुण गाबा ने मातहतों को सुरक्षा व्यवस्था को लेकर निर्देश दिए। तहसील और पुलिस प्रशासन ने जुलूस की करी निगरानी वहीं जुलूस ए मोहम्मदी की निगरानी में एसडीएम उदित नारायण सेंगर, सीओ दीपक कुमार सिंह, नायब तहसीलदार शिव दर्शन, कोतवाल सुरेश सिंह, अपराध इंस्पेक्टर राजेश्वर त्रिपाठी, कस्बा इंचार्ज जितेंद्र पांडे समेत सुरक्षा के भारी चाक चौबंद रहे।

शहीद भगत सिंह की जयंती पर समाजसेवी ने प्रतिमा पर माल्यार्पण कर पुष्प किया अर्पित

अमन लेखनी समाचार

बिछिया, उन्नाव। महान क्रांतिकारी बहुत कम उम्र में देश के लिए मुस्कुराते हुए फांसी का फंदा चूम कर अपने प्राणों का बलिदान देने वाले शहीद ए आजम भगत सिंह की जयंती पर समाजसेवी द्वारा उनकी प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित किए गए ! महान क्रांतिकारी भगत सिंह की पावन जयंती पर त्रिमूर्ति ट्रेडिंग कंपनी संस्थापक समाज सेवी अजय पाल सिंह के द्वारा भगत सिंह की प्रतिमा पर दीप प्रज्वलित कर श्रद्धा सुमन अर्पित किए गए उपस्थित लोगों के द्वारा पुष्प अर्पित कर महान क्रांतिकारी के आदर्श चरित्र और देश प्रेम के लिए उनके बलिदान को याद कर सभी की आंखें नम हो गई समाज सेवी अजय पाल सिंह ने बताया भगत सिंह का जन्म पंजाब प्रांत के रायपुर जिले के बगा में 28 सितंबर 1907 को हुआ था आज उनकी पावन जयंती है शहीदे आजम भगत सिंह को सुखदेव और राजगुरु के साथ लाहौर षड्यंत्र के आरोप में अंग्रेजी सरकार ने फांसी पर लटका दिया था देश के सबसे बड़े क्रांतिकारी और अंग्रेजी हुकूमत की जड़ों को अपने साहस से ग झकझोर देने वाले भगत सिंह ने नौजवानों के दिलों में आजादी का जुनून भरा था उन्होंने लाखों देशवासियों के अंदर आजादी की अलख जगाकर गुलामी की जंजीरों को तोड़ने का काम किया था आज भगत सिंह का व्यक्तित्व और उनके विचार हर भारतीय खास तौर पर युवाओं के दिलों में निरंतर धड़कते रहते हैं भगत सिंह जी के विचार और उनके बलिदान को देश कभी नहीं भूलेगा भगत सिंह जी युवाओ के दिलों में सदैव जीवंत रहेंगे ! कार्यक्रम में प्रमुख रूप से सुरेंद्र दीक्षित वीरेंद्र सिंह विपिन सिंह राजू लोधी प्रकाश पंकज सिंह युवा नेता कुलदीप लोधी राकेश लोधी आदि लोगों ने भी पुष्प अर्पित कर भगत सिंह जी को याद किया !!

सार्वजनिक सहयोग से बने भव्यद्वार का जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि ने किया लोकार्पण

अमन लेखनी समाचार

सफीपुर, उन्नाव। विकास खंड क्षेत्र के बम्हना चौराहे पर स्थित प्राचीन दुर्गा मंदिर एवं बड़ादेव बाबा के दरबार जाने वाले मुख्य मार्ग पर सार्वजनिक सहयोग से भव्य द्वार बनवाया गया है।इस द्वार का जिला पंचायत अध्यक्ष के प्रतिनिधि युवा भाजपा नेता शशांक शेखर शनि सिंह ने विधि विधान से पूजन अर्चन करने के बाद फीता काटकर लोकार्पण किया। इस दौरान प्रमुख रूप से नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि सौरभ बाजपेई उर्फ राजा बेटा भाजपा नेता ज्ञानेंद्र सिंह,जिला पंचायत सदस्य अशोक सिंह चंदेल,जितेंद्र रावत, पूर्व प्रधान यशवंत सिंह,मनीष सिंह, हिमांशू मिश्र, जितेंद्र राजपूत, सकूर,रणजीत यादव,संतोष विश्वकर्मा,गणेश शंकर सिंह आदि सैकड़ों की संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

गणपति बप्पा मोरया अगले बरस तू जल्दी आ के जयकारों के साथ किया विसर्जन

अमन लेखनी समाचार

पुरवा, उन्नाव। स्थानीय क्षेत्र में चल रहे नौ दिवसीय गणेश महोत्सव मे विराजे बाबा गणपति का विसर्जन भक्तों ने शोभा यात्रा निकाल कर बडे हर्षोल्लास के साथ किया पूरे क्षेत्र में शोभा यात्रा के दौरान गणपति बप्पा मोरिया अगले बरष तू जल्दी आ के जयकारो से नगर गुंजायमान रहा विसर्जन की पूर्व संध्या पर जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि शशांक शेखर शनि सिंह पूर्व सपा विधायक उदय राज यादव ने गणपति बप्पा की आरती उतार कर आशीर्वाद लिया

क्षेत्र के बैंगवा में नौ दिवसीय गणेश महोत्सव में स्थापित गजानन का विसर्जन दसवें दिन भक्तों ने शोभा यात्रा निकाल कर बहुत धूम धाम से किया।

सार्वजनिक रूप से ये दसवें गणेश महोत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें दसों दिन बाबा की आरती, कथाएं, भजन का कार्यक्रम हुआ और बाहर व नगर के कलाकारों द्वारा बच्चों द्वारा सुंदर झांकिया प्रस्तुत की गयी छोटे छोटे बच्चों द्वारा दिखाई गयी शंकर पार्वती, काली जी , राधा कृष्ण व सुदामा की झांकी ने भक्तों का मन मोह लिया। जिसका श्रद्धालुओं ने खूब आंनद लिया पूरा पंडाल गणपति बप्पा मोरिया के जयकारों से गुंजायमान रहा आज आरती के बाद विसर्जन के लिए शोभा यात्रा निकाली गई जिसमे क्षेत्र के काफी संख्या में लोगो ने बढ चढ कर हिस्सा लिया तत्पश्चात नदी तट पर प्रतिमा का विर्सजन कर दिया गया कार्यक्रम मे अरुण कुमार ब्रज मोहन सिंह यादव उमेश गुप्ता शिवकुमार गुप्ता मन मोहन सिंह अरविंद गुप्ता जिला पंचायत सदस्य मुन्ना गुप्ता मोहित गौड़ अंकित सिंह पूर्व प्रधान गंगा विशुन यादव के साथ साथ क्षेत्र की महिलाओं सहित सैकड़ो गणपति बप्पा के भक्त मौजूद रहे।

विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान तीन से 31 अक्टूबर तक

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। साल का तीसरा और अंतिम विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान तीन से 31 अक्टूबर तक चलेगो इसके साथ ही 16 से 31 अक्टूबर तक दस्तक अभियान चलेगा मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. सत्यप्रकाश ने संचारी रोग नियंत्रण अभियान के बारे में बताया कि इस बार डिजिटल इंटरवेंशन किया गया हैं दस्तक अभियान के तहत प्रथम पंक्ति कार्यकर्ता (आशा और आंगबाड़ी कार्यकर्ता) बुखार के रोगियों, इंफ्लुएंजा लाइक इलनेस रोगियों, क्षय रोगों के लक्षणयुक्त व्यक्तियों, कुष्ठ, फाइलेरिया एवं काला-अजार रोगों के लक्षणयुक्त व्यक्तियों और कुपोषित बच्चों की सूची बनायेंगी तथा इन रोगों के लक्षण वाले किसी व्यक्ति की सूचना मिलने पर उस व्यक्ति का नाम, पता एवं मोबाइल नंबर सहित सम्पूर्ण विवरण ई-कवच पोर्टल पर डिजिटल अपलोड करेंगे राष्ट्रीय वेक्टर जनित रोग नियंत्रण कार्यक्रम के नोडल अधिकारी डॉ. जे.आर.सिंह ने बताया कि विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान में स्वास्थ्य विभाग सहित 12 अन्य विभाग भी सहयोग कर रहे हैं स्वास्थ्य विभाग नोडल की भूमिका में हैं अन्य विभागों मेंझ नगर विकास विभाग, पंचायती राज विभाग/ग्राम विकास विभाग, पशुपालन विभाग, बाल विकास सेवा एवं पुष्टाहार विभाग, शिक्षा विभाग, चिकित्सा शिक्षा विभाग, दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग, कृषि एवं सिंचाई विभाग प्रमुख हैं जिला मलेरिया अधिकारी रमेश चन्द्र यादव ने बताया कि सभी विभागों द्वारा की जाने वाली गतिविधियां सुनिश्चित की गई हैं इसके साथ ही व्यापक प्रचार प्रसार के माध्यम से लोगों को मच्छर जनित परिस्थितियां उत्पन्न न होने देने के लिए जागरूक किया जाएगो साथ ही साथ उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा प्रदत्त प्रचार प्रसार सामग्री/आडियो/वीडियो क्लिप/जिंगल्स आदि के माध्यम से प्रचार प्रसार की कार्यवाही सुनिश्चित कराई जाएगी।

मुस्लिम समुदाय के लोगों ने गणेश विसर्जन यात्रा में किया भंडारे का आयोजन

अमन लेखनी समाचार

बांगरमऊ, उन्नाव। गणेश विसर्जन यात्रा पर नगर के बीच निकाले गए जुलूस में मुस्लिम समुदाय के लोग भी शामिल हुए हैं और इस पर्व को मनाया इन तस्वीरों को देखते हुए यह कहना गलत नहीं होगा कि भारत में मनाये जाने वाले किसी भी पर्व, चाहे वह ईद हो या दिवाली गंजमुरादाबाद में एकता का एक अनूठा संगम देखने को मिल ही जाता है.

दरअसल गंजमुरादाबाद में गणेश विसर्जन यात्रा में मुस्लिम सदस्यों ने 'शोभा यात्रा' में शामिल लोगों का स्वागत किया और जुलूस कर लोगों को फूलों का माला भी पहनाई. बृहस्पतिवार को गंजमुरादाबाद और आसपास के इलाकों में गणेश विसर्जन यात्रा को काफी धूमधाम से मनाया गया इस जुलूस की खास बात यह रही कि जबकि व्यापक सुरक्षा व्यवस्था और विशेष रूप से 'संवेदनशील' क्षेत्रों में भारी संख्या में पुलिस बल तैनात रहा हालांकि मुस्लिम के संगठनों ने इस धार्मिक जुलूसों के दौरान कानून-व्यवस्था की स्थिति बनाए रखने में मदद की

जालसाजी कर भूमि का बैनामा कराने वाली आरोपी महिला गिरफ्तार

अमन लेखनी समाचार

सुमेरपुर, उन्नाव। थाना बिहार पुलिस द्वारा धोखाधड़ी कर बैनामा करने वाली महिला को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया लगभग दो वर्ष पूर्व राधा पत्नी राम सजीवन निवासी भिटवा थाना गंगाघाट ने फर्जी तरीके से यासमीन व आईडी बनवा यासमीन पत्नी स्व0 फिरोज खाँ निवासिनी ग्राम चमियानी थाना पुरवा जिला उन्नाव बन कर जमीन का फर्जी तरीके से राधा देवी की भूमि को रामआसरे पुत्र शिवदत्त निवासी ग्राम कटहर पर मगरायर तह बीघापुर जिला उन्नाव के नाम रजिस्ट्री बैनामा कर दिया था।जिसकी शिकायत राधा देवी ने पुलिस में दर्ज करायी थी पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल शुरू की तो महिला आरोपी निकली जिसे सुमेरपुर तिराहे से गिरफ्तार कर भेज दिया।

मोहम्मद ए मुस्तफा के जन्म दिवस पर निकाला गया झंडो का जुलूस

अमन लेखनी समाचार

सफीपुर, उन्नाव। इस्लाम धर्म के नबी मार्ग दर्शक मोहम्मद ए मुस्तफा का जन्म दिवस के अवसर पर बुधवार की रात मोहल्ला राहागंज बाजार , पीरजादगान , सरॉय जामी, हाताबाजार में सड़कों , चौराहों पर सजावट कर रोशनी की गई। मखदूम शाह सफी मजार के समाखाने व अन्य स्थानों पर आयोजित मीलादुन्नबी में मौलाना ने संबोधित कर व शायरों ने नात शरीफ पढ़ मोहम्मद साहब की महत्वता को बयान किया । गुरुवार सुबह आफताब हैदर एडवीकेट, मखदूम शाह सफी मजार के सज्जादा नवाजिश व अफजाल मोहम्मद फारूकी के प्रतिनिधित्व में मोहल्ला कजियाना में मौलवी फजल अजीम के इमामबाड़े में आयोजित मिलाद के बाद झंडे का जुलूस निकाला गया जो मोहल्ला किलाबाजार, पडरिया, मियाबाजार, पीरजादगान , सय्यदवाड़ा, राहतगंज बाजार, उम्मेदाराय बाजार होता हुआ वापस इमामबाड़े पहुचा ।इस बीच अंजुमन के सदस्य नफीस, आसिफ,आफाक आदि ने नात पढ़ी व जगह जगह स्टाल लगाकर प्रसाद वितरण चलता रहा । इस अवसर पर पूर्व चेयरमैन , नईम उद्दीनज,हिमायूँ अब्बास,वकार अहमद आदि लोग मौजूद थे।

24 घंटे के अंदर लूट का पुलिस ने किया खुलासा, ममेरा भाई ही निकला लूट का मास्टर माइंड

अमन लेखनी समाचार

हसनगंज, उन्नाव। पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ शंकर मीणा द्वारा गठित टीम हसनगंज पुलिस और दही पुलिस की संयुक्त कार्यवाही में 15 लाख की लूट की घटना का 24 घंटे के अंदर खुलासा किया गया।

बीते बुधवार दिनाक 27 सितंबर को शोभित मिश्र पुत्र राजेश मिश्रा निवासी कस्बा बांगरमऊ अपने दोस्त सुधीश पुत्र श्रीपाल निवासी गौराय खुर्द के साथ काम के लिए लखनऊ गया था। लखनऊ में शोभित ने तकादे के 14लाख 98 हजार रुपए लेकर एक निजी गाड़ी यूपी 78 डीडी 0501 से बांगरमऊ वापस आ रहे थे तभी रास्ते में पहले से ड्राइवर के तीन आदमी आगरा एक्सप्रेस टोल प्लाजा के पर करते ही गाड़ी में बैठे और मेरे साथ मारपीट करने लगे और रुपए भी छीन लिए। कुछ दूर जाने के बाद मुझे और मेरे साथी को गाड़ी से नीचे उतार दिया।

लूट की सूचना से पुलिस विभाग में अफरातफरी मच गई। पहले तो घटना पुलिस संदिग्ध बोलती रही लेकिन पुलिस अधीक्षक द्वारा निरीक्षण के बाद हसनगंज और दही पुलिस की संयुक्त टीम और सर्विलांस टीम द्वारा 24 घंटे के भीतर लुटेरों को गिरफ्तार किया गया। घटना में संलिप्त लुटेरों द्वारा पुलिस को बताया गया कि नवीन बाजपेई पुत्र रजनीश बाजपेई निवासी रसूलपुर रूरी द्वारा अपने साथी कुलदीप सिंह चंदेल पुत्र पप्पू सिंह निवासी जामू बिधनु कानपूर के साथ मिलकर घटना की साजिश रची थी। नवीन बाजपेई अपने हिस्से का 3लाख 50 हजार रुपए लेकर अपनी गाड़ी बैगनार यूपी 32 आरएन 8648 से घर चला गया। पुलिस ने नवीन बाजपेई को गिरफ्तार कर लिया है उसने बताया कि शोभित मेरी बुआ का लड़का है मैने अपने साथियों के साथ मिलकर लूट की साजिश रची थी।

उन्नाव पुलिस की कार्रवाई में गिरफ्तार अभियुक्तों से लूट के 10 लाख ?50000 लूट में उपयोग कार यूपी 78डी डी 0501 व वैगन यूपी 32आर एन 8648 के साथ 2 तमंचा 4 जिंदा कारतूस 12 बोर और 7 मोबाइल फोन भी बरामद किया गया है। अभी एक अभियुक्त कुलदीप की पुलिस तलाश कर रही है। विधिक धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर गिरफ्तार युवकों को पुलिस ने जेल भेज दिया है। हसनगंज कोतवाल राजेश सिंह ,क्राइम इंस्पेक्टर सियाराम राजपूत के साथ उनकी टीम और दही थाना प्रभारी अनुराग सिंह के साथ मिलकर संयुक्त कार्यवाही से लूट की घटना का सफल अनावरण किया गया।

जिलाधिकारी ने किया मुख्यमंत्री के संभावित दौरे स्थल का निरीक्षण

अमन लेखनी समाचार

सुमेरपुर, उन्नाव। तहसील बीघापुर क्षेत्र के डौडियाखेड़ा में आगामी 9 अक्टूबर को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के संभावित दौरे को लेकर जिलाधिकारी अपूर्वा दुबे ने स्थलीय निरीक्षण किया। जिलाधिकारी महोदया ने प्रशिद्ध रामेस्वर मंदिर परिसर की साफ-सफाई व पतित पावनी माँ गंगा के घाट का सुंदरीकरण हेतु ,व हैलीपैड आदि की उचित ब्यवस्था के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने विश्व चर्चित सोना खुदाई स्थल का निरीक्षण करते हुए उसके भी सुंदरीकरण करवाने की बात कही। विगत हो अंग्रेजों से लोहा लेते हुए छक्के छुड़ा देने वाले राजा रामराव बक्श जिनका बलिदान बैसवारा क्षेत्र का गौरव बढ़ाता है उनकी मूर्ति का अनावरण उनकी कर्मस्थली डौडियाखेड़ा में मुख्यमंत्री द्वारा किया जाना है।इस परिप्रेक्ष्य में जिलाधिकारी के साथ मुख्य विकास अधिकारी ऋषिराज,उपजिलाधिकारी बीघापुर क्षितिज द्विवेदी,तहसीलदार नरेंद्र कुमार,अशोक शुक्ला,क्षेत्राधिकारी मायाराय, BDO सुमेरपुर संध्यारानी,कार्यक्रम संयोजक हरिओम सिंह,मुन्ना सिंह अवधूत के साथ ग्राम प्रधान शीलापाल सिंह,अजयपाल सिंह,रमाकांत पांडेय,लाला लोधी,पंकज पांडेय सहित अनेको ग्रामवासी मौजूद रहे।

जिलाधिकारी ने क्रिटिकल गैप्स योजना के तहत निमार्णाधीन पार्क का किया निरीक्षण

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। जिलाधिकारी ने अपने ड्रीम प्रोजेक्ट के साथ क्रिटिकल गैप्स योजना के तहत सरैयां ग्राम सभा स्थित श्यामा प्रसाद स्टेडियम के पास पार्क बनवाया है। अभी निमार्णाधीन है। बीते दिनों गंगा के बाढ़ का पानी पार्क में भर गया। जिससे लगे पेड़ पौधे खराब होने की आशंका थी। पानी भर जाने से निर्माण कार्य भी थम गया था। डीएम ने मौके पर पहुंचकर निरीक्षण कार्यवाही संस्था को तय समय में कार्य पूरा करने अल्टीमेटम दिया है।

डीएम अपूर्वा दुबे ने बताया मनरेगा से करीब 12 लाख में पार्क की वॉल बाउंड्री का काम पूरा हो चुका है। पार्क के अंदर पेड़ पौधे लगाने के साथ फव्वारे, बैठने की व्यवस्था आदि का कार्य अभी बाकी है, जो कार्यदायी संस्था आरईडी द्वारा कराया जा रहा है। इधर बीते दिनों गंगा में बाढ़ आने के कारण छमक नाली पुलिया तरफ से आ रहे पानी के कारण उफना गई है। इसके चलते नवनिर्मित पार्क के अंदर और बाहर काफी पानी तेजी से भर रहा था। जिस कारण पार्क व जीर्णोद्धार कराए गए स्टेडियम पर संकट के बादल छा गए थे। लेकिन जलस्तर कम हुआ तो पानी भी पार्क से निकलने लगा। इसके बाद डीएम अपूर्वा दुबे ने सीडीओ ऋषिराज, एसडीएम परिवीक्षाधीन उत्तम तिवारी, जिला विकास अधिकारी संजय पांडे अधिशासी अभियंता आरआईडी व अन्य अधिकारियों के साथ बन रहे पार्क में पहुंची और उन्होंने कार्यविधि संस्था की निर्माण कार्य की गुणवत्ता की जांच की। निर्देश दिए कि निर्धारित मानकों के अनुरूप तय समय के भीतर निर्माण कार्य पूरा कराया जाए। यदि किसी तरह की कोई लापरवाही पाई गई तो जांच कर कर कार्रवाई की जाएगी।

चिंतन

विपक्षी गठबंधन को लेकर तरह-तरह की आशंकाएं

लोकसभा चुनाव 2024 में एनडीए और विशेषकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को टक्कर देने के लिए बनाया गया 26 विपक्षी दलों का गठबंधन इंडिया (इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इन्क्लूसिव अलायंस) गठन के दिन से ही चर्चाओं में है। चौतरफा यही कयास लगाए जा रहे हैं कि क्या यह गठजोड़ लोकसभा चुनाव तक प्रभावी रह पाएगा या नहीं। गठबंधन के सबसे बड़े परोकार बिहार के मुख्यमंत्री नीतिश कुमार थे, लेकिन वे पीछे हट गए। केवल इतना ही नहीं सभी राजनीतिक दल अपने नेता को गठबंधन की कमान देने की कवायद में जुटे हैं। मुंबई मीटिंग के दौरान जिस तरह की पोस्टर जंग सामने आई उसने तो केवल आशंकाओं को ही जन्म दिया। हाल ही में दिल्ली में हुई सीपीएम के पोलितब्यूरो की बैठक के बाद पार्टी की तरफ से जो बयान जारी किया गया उसमें लिखा गया है कि 'इंडिया' गठबंधन में 'सभी सदस्य दलों के नेता सभी फैसले लेंगे, लेकिन ऐसा कोई संगठनात्मक ढांचा नहीं बनाना चाहिए जो ऐसे फैसलों के रास्ते में अवरोधक बने। इस बयान के बाद माना जा रहा है कि सीपीएम 'इंडिया' की समन्वय समिति का हिस्सा नहीं बनेगी। असल में सीपीएम की परेशानी प.बंगाल और केरल हैं। प. बंगाल में पार्टी कांग्रेस से तो हाथ मिला सकती है, लेकिन तृणमूल कांग्रेस के खिलाफ ही लड़ेगी। इसी तरह केरल में पार्टी कांग्रेस के खिलाफ मैदान में उतरेगी ही उतरेगी। राज्य स्तर पर गठबंधन की सदस्य पार्टियां किस तरह की रणनीति बनाएंगी, यह शुरू से ही बड़ा सवाल रहा है। सीपीएम के अलावा कांग्रेस के अंदर भी आम आदमी पार्टी के साथ दिल्ली, पंजाब समेत कई राज्यों में समन्वय पर शंका है। इसके अलावा भी अनेक मुद्दों पर भी गठबंधन के सदस्यों के बीच मतभेद हैं। सनातन धर्म पर डीएमके के अध्यक्ष स्टालिन के बेटे उदयनिधि स्टालिन की टिप्पणी की गठबंधन के कई सदस्यों ने निंदा की थी। उदयनिधि के बयान ने नया संकट खड़ा कर दिया। इसके बाद टीवी एंकरों के बहिष्कार करने के फैसले को लेकर भी असहमति देखी गई। नीतीश कुमार ने इस फैसले से असहमति जताते हुए कहा कि वो मीडिया की स्वतंत्रता का सम्मान करते हैं। सैद्धांतिक मसलों पर भी विपक्षी पार्टियों के गठबंधन में विभाजन दिखाई देता है। गठबंधन के लिए चुनाव का सबसे बड़ा एजेंडा जातीय जनगणना और आरक्षण होने वाला है। तभी सोनिया और राहुल गांधी तक जाति जनगणना कराने की मांग कर रहे हैं। मंडल की राजनीति करने वाली तमाम पार्टियां इसका समर्थन कर रही हैं, लेकिन ममता बनर्जी जाति जनगणना के पक्ष में नहीं है। इस मसले पर उनका विरोध भी खुल कर सामने आ गया। इसके अलावा भी ममता बनर्जी और नीतीश कुमार उन चंद विपक्षी मुख्यमंत्रियों में थे, जो जी-20 शिखर सम्मेलन के दौरान राष्ट्रपति की ओर से दिए गए रात्रिभोज में शामिल हुए थे। केवल इतना ही नहीं सबसे बड़ा झोल तो सीट बंटवारों को लेकर होना तया माना जा रहा है। आम आदमी पार्टी इसी साल होने वाले विधानसभा चुनाव में राजस्थान और छत्तीसगढ़ के मैदान में उतरने का ऐलान कर चुकी है। समाजवादी पार्टी के मुखिया अखिलेश यादव ने जिस तरीके से अपनी पार्टी को आगे रखते हुए यह बयान दिया कि वह टिकट मांग नहीं रहे हैं, बल्कि दे रहे हैं। उसके सियासी गलियारों में तमाम मायने निकाले जा रहे हैं। अगर अखिलेश यादव की तर्ज पर ही अन्य राज्यों के प्रमुख विपक्षी दल चलने लगे तो कांग्रेस को आने वाले लोकसभा चुनाव में बड़ी चुनौतियों का सामना करना पड़ सकता है, क्योंकि जो स्थिति उत्तर प्रदेश में समाजवादी पार्टी की है वही पश्चिम बंगाल में ममता बनर्जी, दिल्ली और पंजाब में अरविंद केजरीवाल की है। अगर गठबंधन धर्म को निभाना है कि उन्नीस-इक्कीस सहन करना पड़ता है, लेकिन इंडिया के अब तक के हालात में ऐसा होता नजर नहीं आ रहा, इसीलिए गठबंधन के भविष्य को लेकर आशंकाएं जन्म ले रही हैं।

भाजपा कार्यकर्ता महाकुंभ

नरेंद्र सिंह तोमर

शक्ति से सम्पन्न संगठन का यश

> नेताओं के संगठनों वाली राजनीतिक व्यवस्था में भाजपा ने कार्यकर्ताओं के प्रभुत्व वाली राजनीति को साकार किया है। देश में विकास केंद्रित राजनीति की नींव भी भाजपा ने ही रखी है। आज यह भी स्मरण करने का दिन है कि भले ही भाजपा का गठन 6 अप्रैल, 1980 को हुआ, परंतु हमारा इतिहास इससे पहले भारतीय जनसंघ से सम्बद्ध है। 21 अक्टूबर, 1951 को डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की अध्यक्षता में भारतीय जनसंघ की स्थापना हुई थी। भोपाल में होने वाला कार्यकर्ता महाकुंभ हमारी सकारात्मक राजनीति का सटीक उदाहरण है। यह भाजपा के लाखों ऊर्जावान कार्यकर्ताओं से संवाद का एक ऐसा आयोजन है जो उन्हें सजग पहरूए बनाएगा।

पच्चीस सितंबर को मध्य प्रदेश की राजधानी एक ऐतिहासिक आयोजन की साक्षी बन रही है। भोपाल में हो रहे कार्यकर्ता महाकुंभ में सभी कार्यकर्ताओं को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का संबोधन सुनने का अवसर मिलेगा। ये भावविभोर कर देने वाले क्षण हैं जब मेरा मन पार्टी के सूत्रधारों के प्रति कृतज्ञता और गर्व से भरा हुआ है। इस ऐतिहासिक दिवस पर मुझे तीन महामना और उनका कृतित्व याद रहा है। ये तीन महापुरुष हैं, पं. दीनदयाल उपाध्याय, कुशाभाऊ ठाकरे और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी। भाजपा कार्यकर्ता कैसे भूल सकता है कि 25 सितंबर पार्टी के संस्थापकों में से एक पं. दीनदयाल उपाध्याय की जयंती है। इस दिन मध्य प्रदेश के हर अंचल कार्यकर्ता जुट रहे हैं तो इस एकता के पीछे कुशाभाऊजी का संगठन कौशल और परिश्रम का योगदान है। यह परिश्रम प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में सफलता और जनसेवा का अनूठा अध्याय लिख रहा है। ग्वालियर अंचल के एक कार्यकर्ता को संबल, साहस और प्रेरणा देकर संगठन और सत्ता में प्रदेश अध्यक्ष और केंद्रीय मंत्री जैसे गुरुत्तर दायित्व सौंप देने का कार्य केवल भाजपा में ही हो सकता है। ऐसी पार्टी जो जनता की सेवा में जितना विश्वास करती है, अपने कार्यकर्ताओं का भी उतना ही सम्मान करती है। प्रधानमंत्री मोदी ने जब 'सबका साथ, सबका विकास और सबका विश्वास' नारा दिया था तब अनुभव हुआ था कि पार्टी उस राह पर मजबूती से बढ़ रही है जिस मार्ग की कल्पना हमारे संस्थापकों ने की थी। स्मरण करता हूं कि भारत को एक समर्थ राष्ट्र बनाने के स्वप्न के साथ 6 अप्रैल, 1980 को नई दिल्ली के कोटला मैदान में एक कार्यकर्ता अधिवेशन आयोजित हुआ था और इस अधिवेशन से उभरी पार्टी भाजपा आज विश्व की सबसे बड़ी कार्यकर्ता आधारित पार्टी है। अपनी स्थापना के साथ ही भाजपा ने भारतीय राजनीति को नए आयाम दिए हैं। नेताओं के संगठनों वाली राजनीतिक व्यवस्था में भाजपा ने कार्यकर्ताओं के प्रभुत्व वाली राजनीति को साकार किया है। देश में विकास केंद्रित राजनीति की नींव भी भाजपा ने ही रखी है। आज यह भी स्मरण करने का दिन है कि भले ही भाजपा का गठन 6 अप्रैल, 1980 को हुआ, परंतु हमारा इतिहास इससे पहले भारतीय जनसंघ से सम्बद्ध है। 21 अक्टूबर, 1951 को डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की अध्यक्षता में भारतीय जनसंघ की स्थापना हुई थी। आजादी के बाद देश की राजनीति को उसके मूल स्वर में आगे बढ़ाने तथा स्वदेशी नीतियों के आधार पर देश के सत्ता संचालन की कल्पना के साथ गठित जनसंघ का मार्गदर्शन पं. दीनदयाल उपाध्याय के विचारों ने किया। आपातकाल का विरोध करते हुए देश में जयप्रकाश नारायण के आह्वान पर एक नए राष्ट्रीय दल 'जनता पार्टी' का गठन किया गया और विपक्षी राजनीतिक एकता को सुदृढ़ करने के लिए 1 मई, 1977 को भारतीय जनसंघ ने अपना विलय जनता पार्टी में कर दिया। बदली हुई राजनीतिक परिस्थितियों में भाजपा का गठन हुआ और इसके बाद देश में राजनीति नई दिशा की ओर चल पड़ी। आज सबसे बड़ी पार्टी बन कर खड़ी है तो इसका आधार पं. दीनदयाल उपाध्याय, अटल जी,

आडवाणी जैसे नेताओं की विचार शक्ति और परिश्रम है। मध्य प्रदेश में कुशाभाऊ ठाकरे जी, राजमाता विजयराजे सिंधिया, सुंदरलाल पटवा, प्यारेलाल खंडेलवाल, कैलाश जोशी, नाना जी जैसे समर्पित संगठकों के अतुल्य परिश्रम के बिना आज भाजपा बरगद सा आकार पा सकी है। हमारे इन नेताओं के परिश्रम और विचार दृष्टि का स्मरण करता हूं तो याद आता है कि इन मनीषी नेताओं ने केवल सशक्त भाजपा का स्वप्न ही नहीं देखा बल्कि एक ऐसी पार्टी बनाने की परिकल्पना की थी जो सुदृढ़, सशक्त, समृद्ध, समर्थ एवं स्वावलंबी भारत के निर्माण हेतु निरंतर सक्रिय हो। प्राचीन भारतीय सभ्यता, संस्कृति तथा मूल्यों के आधार पर खड़ा हो कर देश 'विश्व गुरू' और 'विश्वशक्ति' के रूप में पुनः स्थापित हो। आज मैं गर्व के साथ कह सकता हूं प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भाजपा ने अपने संस्थापकों के इस विचार और कल्पना को सिद्ध कर दिखा दिया है। भाजपा ने अपनी सत्ता और संगठन संचालन की व्यवस्था में पंडित दीनदयाल उपाध्याय के 'एकात्म-मानवदर्शन' को अपनी वैचारिक शक्ति बनाया है। पार्टी का जोर अंत्योदय, सुशासन, सांस्कृतिक राष्ट्रवाद, विकास एवं सुरक्षा पर है। 'पंचनिष्ठा' हमारे आचरण सिद्धांत हैं और इनका पालन करना हमारी शक्ति है। प्रधानमंत्री मोदी ने जब-जब कार्यकर्ताओं से संवाद किया है, इन्हीं सूत्रों पर बल दिया है। हमें बूथ को छोटा नहीं समझना चाहिए। इससे ऊपर उठकर समाज में पहचान बनानी चाहिए। प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री, बूथ कार्यकर्ता के आधार पर बनते हैं। इसके लिए छोटे-छोटे काम करने चाहिए। हमारी पहचान केवल राजनीतिक कार्यकर्ता की नहीं होनी चाहिए बल्कि समाज के लिए दुःख-सुख के साथी के रूप में बनानी चाहिए। प्रधानमंत्री मोदी ने बतौर प्रभारी मध्य प्रदेश में भी कार्य किया है। हमें अपने कार्य करने का मार्ग दिखाई देता है जब प्रधानमंत्री कहते हैं कि कार्यकर्ता के मन में और ज्यादा काम करने की भूख होनी चाहिए। गांवों को विकसित करना होगा। गांव में हरियाली, सोलर एनर्जी, पानी पर काम करना होगा। दो साल में ये प्रयास होने चाहिए। इसे सरकार का काम नहीं मानें। जनता जनार्दन का काम सोचकर करें। बूथ कार्यकर्ता दायित्व समझकर यह काम करते हैं तो आपकी ताकत बनेगी। हमारे संकल्प बड़े हैं और हम हमारी प्राथमिकता से पहले देश को रखते हैं, इसलिए भाजपा ने यह निर्धारित किया है कि हमें तुष्टिकरण के रास्ते पर नहीं चलना है।

मोदी ने कहा है कि उम्मीदवार कोई भी हो हमारा उम्मीदवार एक ही है। वह है कमल। जनता को यह भी लगे कि जहां कमल है वहीं उनकी भलाई है। मेरा बूथ सबसे मजबूत अभियान किसी तपस्या से कम नहीं है। संगठन प्रधानमंत्री मोदी की कार्य पद्धति का मूल है। उन्होंने अपना जीवन संगठन के लिए होम कर दिया और देश को विश्व शक्ति बनाने का अतुलनीय कार्य किया है। भोपाल में आयोजित कार्यकर्ता महाकुंभ हमारी सकारात्मक राजनीति का सटीक उदाहरण है। यह भाजपा के लाखों ऊर्जावान कार्यकर्ताओं से संवाद का एक ऐसा आयोजन है जो उन्हें देश निर्माण में पार्टी के सजग पहरूए बनाएगा। आज मुझे पं. दीनदयाल उपाध्याय का एक कथन याद आ रहा है। पं. उपाध्याय ने कहा था कि हमें ऐसी राजनीति करनी है कि हमसे प्रभावित हो कर आज का विरोधी कल हमारा मतदाता बने। कल का मतदाता परसों हमारा सदस्य और परसों का हमारा सदस्य हमारा सक्रिय कार्यकर्ता बने। कितने सम्मान और गौरव की बात है कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भाजपा पं. उपाध्याय के इस कथन को भी सिद्ध होता देख रही है। कार्यकर्ता महाकुंभ में आए सभी कार्यकर्ताओं का अभिनंदन। आइए, हम सभी प्रधानमंत्री मोदी जी के नेतृत्व में देश निर्माण की उस परिकल्पना को संभव बनाएं जिसका आधार संगठन है और जिसका स्वप्न हमारे आधार पुरुषों ने देखा है।

जयंती

डॉ. विशेष गुप्ता

सांस्कृतिक उदय से अन्त्योदय का विस्तार

उत्तर प्रदेश के इतिहास से ज्ञात होता है कि यहां हमेशा से ही एक समृद्ध सांस्कृतिक परम्परा रही है। शिक्षा, कला, संगीत, साहित्य और संस्कृति के क्षेत्र में यहां के शिक्षाविदों एवं कलाकारों ने पूरे देश में ही नहीं, अपितु वैश्विक स्तर पर अपनी पहचान बनाई है। वैसे तो भारत के प्रत्येक राज्य की अपनी विशिष्ट संस्कृति एवं विरासत रही है, परन्तु राम और कृष्ण की जन्मभूमि रहे उत्तर प्रदेश की राज्य की संस्कृति एवं विरासत अपने आप में अनूठी है। 12 जनवरी 1950 को स्थापित उत्तर प्रदेश की जनसंख्या आज 24 करोड़ के आस-पास है। आज अनेकता में एकता को संजोये यह प्रदेश अपने आप में एक लघु भारत है। आज उत्तर प्रदेश एक ऐसा राज्य है जिस पर देश ही नहीं दुनिया की दृष्टि लगी है। देश को अनेक नामचीन हस्तियां और नेतृत्व देने वाला उत्तर प्रदेश एक लम्बे कालखंड तक स्वयं राजनीति और नौकरशाही के मकड़जाल में फंस कर रहा गया था, परन्तु 19 मार्च 2017 को प्रधानमंत्री मोदी ने देश के इस सबसे बड़े राज्य का दायित्व योगी आदित्यनाथ के कंधों पर डाला। सामान्यतः जनता से किए गए वादों को पूर्ण करना आसान नहीं होता। वह भी ऐसी स्थिति में जब प्रदेश की आर्थिक और प्रशासनिक स्थिति जर्जर हों? राजनीतिक विरासत में मिली ऐसी विषम परिस्थिति में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अपनी दूरदृष्टि एवं प्रशासनिक कौशल से प्रदेश के नूतन विकास का मार्ग प्रशस्त कर दिया। आज उत्तर प्रदेश

अभी तक के अपने सबसे बड़े 6 लाख 90 हजार करोड़ रुपये के बजट के साथ तेजी से वन ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनने की दिशा की ओर अग्रसर है। 2017 के बाद प्रदेश का नारा राजनीति को विकास के द्वारा, विकास के लिए और विकास के जरिये एक उपकरण बनकर सामने आया और विकास की एक नई राजनीति ने जन्म लिया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास जैसे विकसित वाक्यों से जन-जन के जीवन में विकास और सहभागिता के माध्यम से सकारात्मक बदलाव लाने वाली एक नई व्यवस्था ने जन्म लिया। योगी आदित्यनाथ स्वयं एक सांस्कृतिक व्यक्ति हैं। यही कारण रहा है कि उन्होंने भारतीय जनता पार्टी के संविधान में सांस्कृतिक राष्ट्रवाद को भी प्रमुखता से व्यावहारित किया है। जनसंघ के संस्थापक प. दीनदयाल उपाध्याय ने राजनीति को समाज की कतार में खड़े अंतिम व्यक्ति के उत्थान के एक साधन के रूप में देखा था। वे मानते थे कि अन्त्योदय के माध्यम से ही समग्र राष्ट्र ही नहीं, बल्कि समग्र विश्व का सम्यक व पूर्णांग विकास हो सकता है। अन्त्योदय का अर्थ ही 'समाज की अंतिम पंक्ति के व्यक्ति का उदय' है। इसका सीधा सा अर्थ है कि गरीब और पिछड़े वर्गों को दूसरे वर्गों के समान खड़ा करना। कहने की आवश्यकता नहीं कि यह अंतिम व्यक्ति तक के आर्थिक और सामाजिक कल्याण के संरक्षण और संवर्धन के उद्देश्य से संचालित विकासात्मक शासन और सरकार की सफलता के लिए एक अनिवार्य शर्त है। अन्त्योदय की इसी भावना को मूर्तरूप देने के लिए दूसरे कार्यकाल में योगी सरकार ने विकास की प्राथमिकता के साथ ही दलितों, शोषितों और वंचितों के उत्थान के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को दोहराया है। उन्होंने इसके लिए दिन-प्रतिदिन नई योजनाओं का सृजन भी किया है। 15 करोड़ से अधिक अन्त्योदय और पात्र लोगों को निःशुल्क खाद्य सामग्री वितरण कराने जैसी योजनाओं का क्रियान्वयन उत्तर प्रदेश सरकार ने पूर्णता के साथ लागू किया।

धैर्य का फल हमेशा मीठा होता है

संकलित

दर्शन

किसी गुरुकुल में गुरुदेव बालकों को बाण चलाना सिखा रहे थे। एक अतिउत्साही शिष्य ने धनुष को इतनी जोर से खींचा कि उसके दो टुकड़े हो गए। गुरुदेव ने शिष्य को ज्ञान दिया कि अधीरता से योग्यता अपव्यय हो जाती है। लक्ष्य को भेदने के लिए जितनी ऊर्जा की आवश्यकता है उससे अधिक या कम ऊर्जा का प्रयोग करने पर लक्ष्य को साधना असंभव है। हमारा जीवन भी एक धनुष के समान है। यदि धैर्यपूर्वक ऊर्जा को धीरे-धीरे संचित करने के बाद नियंत्रण के साथ इसे व्यय करने की कला सीख ली जाए तो लक्ष्य कितनी ही दूरी पर क्यों न हो उसे प्राप्त करना असंभव नहीं है। धैर्य का अर्थ मूक रहकर मात्र प्रतीक्षा करना नहीं है। धैर्य का अर्थ है उत्तेजनारहित होकर अपने कार्य में निरंतर संलग्न रहना। किसी कार्य के प्रति अतिउत्साह अथवा असंयम उक्त कार्य के फल को परिपक्व नहीं होने देता। चाक पर चढ़े कच्चे घड़े को यदि आतुरता में समय से पहले उतार लिया जाए तो उसका आकार विकृत हो जाता है। हमें ऐसा भ्रम हो सकता है कि जीवन में प्रगति इतनी धीमी गति से हो रही है कि कोई परिवर्तन दिखाई नहीं देता। हम परिवर्तन की चाह में धैर्य खो बैठते हैं और शीघ्र सफलता की आकांक्षा में हड़बड़ी में ऐसे निर्णय ले बैठते हैं, जिनसे हमारा भविष्य बिगड़ सकता है। युवाओं में ऊर्जा का अधिक भंडार होता है। यह ऊर्जा उन्हें कार्य को जल्द से जल्द संपादित करके फल प्राप्ति के लिए लालायित करती है। उन्हें इस ऊर्जा का सदुपयोग करना नहीं आता।

जब काम बड़ा हो तो बुद्धि से काम लेना चाहिए

संकलित

प्रेरणा

गणेश जी प्रथम पूज्य हैं और इससे संबंधित एक कथा है। शास्त्रों के मुताबिक, एक दिन गणेश जी और कार्तिकेय स्वामी के बीच प्रतियोगिता हुई कि कौन सबसे पहले संसार का चक्कर लगाकर लौटता है। कार्तिकेय स्वामी का वाहन मयूर यानी मोर है और गणेश जी का वाहन चूहा है, जो कि मोर की अपेक्षा बहुत धीरे चलता है। कार्तिकेय तो अपने वाहन मयूर पर बैठकर उड़ गए, लेकिन गणेश जी का वाहन चूहा है तो उन्होंने विचार किया कि अगर मैं चूहे पर बैठकर संसार की परिक्रमा करूंगा तो बहुत समय लग जाएगा, कार्तिकेय ये प्रतियोगिता जीत जाएंगे। उन्होंने कुछ सोचा और फिर शिव-पार्वती की परिक्रमा करनी शुरू कर दी। गणेश जी ने कहा कि मेरा संसार को मेरे माता-पिता ही हैं। गणेश जी की बुद्धिमानी से शिव जी इतने प्रसन्न हुए कि उन्होंने अपने पुत्र गणेश को प्रथम पूज्य होने का वरदान दे दिया। हालांकि इस बात से कार्तिकेय स्वामी गणेश जी के साथ ही शिव-पार्वती से भी नाराज हो गए थे। नाराज होकर कार्तिकेय स्वामी क्रौंच पर्वत पर रहने चले गए। ये पर्वत वर्तमान में मल्लिकार्जुन ज्योतिर्लिंग जहां है, वहां स्थित है। गणेश जी तो प्रथम पूज्य बन गए, लेकिन नाराज कार्तिकेय को मनाने के लिए शिव-पार्वती ने बहुत कोशिशें कीं। जब कार्तिकेय स्वामी की नाराजगी दूर नहीं हुई, तब शिव-पार्वती ने तय किया कि अब से वे हर अमावस्या और पूर्णिमा पर बारी-बारी से कार्तिकेय से मिलने पहुंचेंगे। मान्यता है कि इसी कथा की वजह से मल्लिकार्जुन ज्योतिर्लिंग में शिव-पार्वती ज्योति स्वरूप में विराजित रहते हैं।

अंतर्मन

आज की पाती

आरक्षित वर्ग से अन्याय क्यों

एक तो सरकारों की निजीकरण और लैटरल एंट्री की नीति के कारण आरक्षित वर्ग के लिए नौकरियों में पदों की कमी होती जा रही है, और ऊपर से भर्ती करने वाले संस्थानों के भेदभाव वाले रवैये का खामियाजा एससी, एसटी, ओबीसी को भुगतना पड़ता होगा। 2018 से 2023 तक देश के विभिन्न हाईकोर्ट में 604 जजों की नियुक्ति की गई है। 458 सामान्य वर्ग से, यानी लगभग 76 फीसदी, ओबीसी से केवल 72, लगभग 12 फीसदी, एससी वर्ग से 18, लगभग 2.98 फीसदी, एसटी से केवल 9, यानी 1.49 फीसदी और अल्पसंख्यकों के 34 न्यायाधीशों की नियुक्ति हुई है। संविधान के मुताबिक एससी, एसटी, ओबीसी के लिए 49.50 फीसदी आरक्षण का लाभ मिलना चाहिए और सामान्य वर्ग को 50.50 फीसदी।

– सोहन मरकाम, कांकेर

ट्रेंड

नवीकरणीय ऊर्जा में काम करें

यदि जीवाश्म ईंधन कंपनियां क्लाइमेट एक्शन समाधानों का हिस्सा बनना चाहती हैं, तो उन्हें नवीकरणीय ऊर्जा में परिवर्तन का नेतृत्व करना होगा। कोई और नकली समाधान नहीं अब और अधिक बैंकरोलिंग जलवायु इनकार नहीं।

-एंटोनियो गुतरेस, यूएन महासचिव

आनंदमय है जीवन

चामुंडी हिल पर चढ़ने के चालीस साल बाद भी मैं कभी नीचे नहीं आया। बस अपने द्वारा बनाई सभी सीमाओं को पार करना है, तो यह ऊपर की ओर फ्रीफॉल है। यदि आप शारीरिक और मानसिक से परे हैं, तो जीवन आनंदमय ब्रह्मांडीय नाव है।

-सदगुरु, आध्यात्मिक गुरु

पूरा सत्र खप गया

यह संसद का विशेष सत्र सरकार ने किस लिए बुलाया था? पहले कोई एजेंडा नहीं बताया; विपक्ष के पूछने पर बताया कि आठ बिल पास करने हैं, लेकिन कोई बिल नहीं पेश किया गया, और नया महिला आरक्षण बिल पर पूरा सत्र खप गया! अब मोदी के मास्टर स्ट्रोक से ही लोकतंत्र चलेगा!

-प्रशांत भूषण, वरिष्ठ अधिवक्ता

किस पर विश्वास करें

मैंने अपने गुरु से पूछा मुझे किसमें अधिक विश्वास करना चाहिए-धर्म या विज्ञान? उन्होंने उत्तर दिया, "वे दो अलग चीजें हैं। चाहे आप इस पर विश्वास करें या न करें, विज्ञान काम करता है। धर्म तभी काम करता है जब आप उस पर विश्वास करते हैं।

-हर्ष गोयनका, उद्योगपति

करंट अफेयर

रूस के विदेश मंत्री लावरोव ने पश्चिम पर साधा निशाना

रूस के शीर्ष राजनयिक ने संयुक्त राष्ट्र महासभा में शनिवार को अपने भाषण के दौरान अमेरिका और पश्चिमी देशों को समाप्त होती अंतरराष्ट्रीय शक्ति संरचना का स्वार्थी रक्षक बताया, लेकिन उन्होंने यूक्रेन में रूस द्वारा जारी युद्ध का जिक्र नहीं किया। रूस के विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव ने कहा, 'अमेरिका और उसके अधीनस्थ पश्चिमी देश मिलकर संघर्षों को भड़काना जारी रखे हुए हैं। इन संघर्षों से मानवता कृत्रिम रूप से शत्रुतापूर्ण गुटों में बंटती है और इससे समग्र लक्ष्यों को हासिल करने की दिशा में बाधा उत्पन्न होती हैं। वे उचित बहुध्रुवीय वैश्विक व्यवस्था के निर्माण को रोकने के लिए हर संभव कोशिश कर रहे हैं।

ऑफ बीट

वायु प्रदूषण कीड़ों के लिए भी जीवन कठिन बना रहे

कीड़े दुनिया की तीन-चौथाई फसल किस्मों को परागित करने में मदद करते हैं, जिससे वे एक कीमती संसाधन बन जाते हैं। लेकिन, हम कीड़ों का जीवन कठिन बना रहे हैं क्योंकि वे जलवायु परिवर्तन, बसावट के अवसरों में कमी और कीटनाशकों के उपयोग के खिलाफ लड़ाई का सामना कर रहे हैं, जिससे दुनिया भर में कीड़ों की आबादी में तेजी से गिरावट आ रही है। अब, हम वायु प्रदूषण के खतरों को भी इस सूची में जोड़ सकते हैं। जब कीड़े दो सामान्य वायु प्रदूषकों के संपर्क में आए, तो परागण करने वाले कीड़ों का फूलों पर आना 90 प्रतिशत तक कम हो गया। जहां हमने ओजोन या डीजल से निकले धुएं को छोड़ा,

संक्षेप

सड़क दुर्घटना में घायल अधेड़ की इलाज के दौरान मौत

उन्नाव। माखी थाना क्षेत्र के उन्नाव हरदोई मार्ग पर मंगलवार रात सड़क किनारे पैदल जा रहे अधेड को ओवरटेक करते समय बाइक चालक ने टक्कर मार जख्मी कर दिया था। घायल अधेड़ को जिला अस्पताल के डॉक्टर ने हैलट रेफर कर दिया था। जहां इलाज दौरान गुरुवार को अधेड़ की मौत हो गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। उदितखेड़ा गांव के रहने वाले अधेड़ भूरे लाल उर्फ राम खेलावन 55 वर्ष रात को घर जा रहा था। गांव के पास सामने से आ रहा बाइक चालक आगे जा रहे वाहन को ओवरटेक करने लगा। तभी टक्कर लगने से जख्मी हो गया। घायल को गभीर हालत में जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां से उसे हैलट रेफर कर दिया गया। हैलट में इलाज दौरान गुरुवार को उसकी मौत हो गई। अधेड़ खेती किसानी करता था। पति की मौत को लेकर पत्नी गुड्डी और तीन बेटे तथा चार बेटियां रो-रोकर आहत हैं।

दु:खद: सर्प के डसने से महिला की हुई मौत

अमन लेखनी समाचार

कैसरगंज, बहराइच। थाना कैसरगंज के अंतर्गत लोखडीयनपुरवा में सर्प के डसने से महिला की मृत्यु हो गयी। प्राप्त जानकारी के अनुसार नगर पंचायत कैसरगंज वार्ड नंबर 1 नौगैया लोखंडियनपुरत5तवा निवासी रामदेई पत्नी रामपाल उम्र 60 वर्ष बीते सोमवार को सुबह लगभग दस बजे खेत में घास काटने के लिए गई थी। जहां पर सर्प ने महिला को डस लिया। परिवार वालों को पता चलने पर महिला को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कैसरगंज लाया गया। हालत गंभीर देखते हुए मेडिकल कॉलेज लखनऊ रेफर कर दिया गया। जहां पर बीते मंगलवार की रात को महिला की मृत्यु हो गई। मृत्यु के पश्चात शव का पोस्टमार्टम होने के बाद बुधवार के शाम को शव का अंतिम संस्कार किया गया।

अमेठी में मकान गिरने से युवक की मौत

घटना के समय घर पर अकेला था, ग्रामीणों ने निकाला शव

अमेठी जिला, अमेठी में मंगलवार सुबह एक कच्चा मकान भरभरा कर गिरा गया। मलबे की चपेट में आने से घर में सो रहे 40 वर्षीय युवक की मौत हो गई। मकान गिरने की आवाज सुनकर बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर पहुंचे और शव को मलबे से बाहर निकाला। सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर कब्जे में लेते हुए पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। दरअसल ये पूरा मामला मुसाफिरखाना कोतवाली क्षेत्र के हरदोईया गांव का है। जहां आज सुबह राम बली यादव पुत्र नन्हे यादव का कच्चा मकान अचानक भरभरा कर गिर पड़ा। मलबे की चपेट में आने से रामबली की मौके पर मौत हो गई। मकान के गिरने की आवाज सुनते ही बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर पहुंचे।

एसएसबी ने बरामद किया 195 लीटर अवैध नेपाली कच्ची शराब

अमन लेखनी समाचार

बहराइच। गुरुवार बीती रात को 42वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल बहराइच-1 के सीमा चौकी शिवपुरा के द्वारा उप कमांडेंट अनिल कुमार यादव के निर्देशन में उ०प्र० पुलिस व सीमा चौकी शिवपुरा के कार्मिकों द्वारा संयुक्त गश्त निकाली गई। गश्त के दौरान सीमा स्तम्भ संख्या 654/01 के समीप 15 मीटर भारतीय क्षेत्र में कुछ दूरी पर गश्ती दल द्वारा नेपाल से भारत की तरफ 02 अंजान युवकों को साइकिल पर लदी पलास्टिक की भरी बोरी के साथ भारत की तरफ आते हुए देखा गया। अचानक गश्त दल को देखते ही दोनो संभावित अभियुक्त उसी स्थान पर फेंक कर नेपाल की तरफ भागने लगे। गश्ती दल के द्वारा संभावित अभियुक्तों को पकड़ने का काफी प्रयास किया गया परंतु जब तक वे नेपाल में दाखिल हो गए। मौके पर गश्ती दल के द्वारा भरी बोरी को चेक किया गया जिसमे से कुल 195 पैकेट कच्ची नेपाली शराब और 2 साइकिल बरामद किया गया। बरामद कच्ची शराब व 2 साइकिल को सभी आवश्यक औपचारिकता विधिवत रूप से पूर्ण करने के उपरांत पुलिस थाना रूपईडीहा जनपद बहराइच को अग्रिम कार्रवाई हेतु सुपुर्द कर दिया गया। गश्ती दल में एसएसबी के सहायक उप निरीक्षक अरुण कुमार, मुख्य आरक्षी वीर सिंह सैनी, आरक्षी भूपेंद्र विस्ट, मुकेश कुमार, प्रवीण कुमार, रूपईडीहा पुलिस के उप निरीक्षक अश्वनी कुमार पाण्डेय , आरक्षी जतिन कुमार, आरक्षी शशांक कुमार शामिल रहे।

अमेठी में संजय गांधी अस्पताल के लाइसेंस बहाली की मांग

- स्टाफ-डॉक्टर आज से करेंगे सत्याग्रह आंदोलन, अस्पताल में ही चलेगा धरना प्रदर्शन

अमन लेखनी समाचार

अमेठी जिला, अमेठी में संजय गांधी अस्पताल के निलंबित लाइसेंस को बहाल करने की मांग को लेकर एक तरफ जहां कांग्रेस के पूर्व एमएलसी दीपक सिंह अपने समर्थकों और कांग्रेस नेताओं के साथ सीएमओ आफिस में सत्याग्रह आंदोलन कर रहे हैं। दूसरी तरफ अब अस्पताल के डॉक्टर और स्टाफ भी सत्याग्रह आंदोलन की राह पर उतर आए हैं।

ज्वाइंट फोरम आफ डॉक्टर्स, पैरामेडिकल स्टाफ एवं कांट्रैक्टर वर्कर्स आफ संजय गांधी अस्पताल के बैनर तले अस्पताल का पूरा स्टाफ आज से सत्याग्रह आंदोलन करते हुए धरने पर बैठेगा। दरअसल, एक सप्ताह पहले एक विवाहिता की मौत के बाद अमेठी प्रसाशन ने संजय गांधी अस्पताल के लाइसेंस को निलंबित कर दिया।

अस्पताल का लाइसेंस निलंबित करने के बाद अस्पताल में तैनात 400 से अधिक कर्मचारियों के सामने रोजी रोटी का संकट खड़ा हो गया। अस्पताल के निलंबित लाइसेंस को बहाल करने की मांग को लेकर कांग्रेस के पूर्व एमएलए दीपक सिंह सैकड़ों समर्थकों और कांग्रेस नेताओं के साथ सीएमओ आफिस में सत्याग्रह आंदोलन करते हुए धरने पर बैठे तो अब अस्पताल के डॉक्टर और स्टाफ भी आंदोलन की राह पर उतर आए हैं। अस्पताल के निलंबित लाइसेंस की बहाली की मांग को लेकर संजय गांधी अस्पताल के ज्वाइंट फोरम आफ डॉक्टर्स, पैरामेडिकल स्टाफ एवं कांट्रेक्टर वर्कर्स आफ संजय गांधी अस्पताल के बैनर तले अस्पताल का पूरा स्टाफ आज से सत्याग्रह आंदोलन करते हुए धरने पर बैठेगा।

बारावफात जश्न मिलाद उन नबी से पैगंबर मुहम्मद के लिए प्यार और सम्मान के लिए

अमन लेखनी समाचार

नवाबगंज, उन्नाव। पैगंबर मुहम्मद को इस्लाम का संस्थापक माना जाता है और उनका जन्मदिन सुन्नी मुसलमानों द्वारा रबी अल अव्वल के 12वें दिन और शिया मुसलमानों द्वारा रबी अल अव्वल के 17वें दिन को बारावफात या मिलाद उन नबी के रूप में मनाया जाता है।मुस्लिम आस्था के विश्वासियों द्वारा सड़क पर लंबे जुलूस निकाले जाते हैं। मुस्लिम धर्म के लोग अपने घरों और मस्जिदों को सजाते हैं। जुलूस में हरे रंग के झंडे लिए सैकड़ों श्रद्धालु नजर आते हैं।पैगंबर मुहम्मद की शिक्षाएँ और कुरान की आयतें पढ़ी जाती हैं। सामान्य तौर पर बारावफात का जश्न एक साथ कई गतिविधियों के साथ एक मेले जैसा दिखता है हालाँकि उत्सव के मूल में पैगंबर मुहम्मद के लिए प्यार और सम्मान है।इस दिन, मस्जिदों के साथ-साथ मुस्लिम घरों में पैगंबर मुहम्मद की शिक्षाओं और पवित्र कुरान की आयतों का पाठ किया जाता है। यह सार्वजनिक सभा का दिन है, जहाँ लोग सभाओं में भाग लेते हैं। माता पिता अपने बच्चों को पैगंबर मुहम्मद के जीवन और शिक्षाओं के बारे में सिखाते हैं। यह बच्चों को उनके धार्मिक सिद्धांत से जुड़ने और उनकी मान्यताओं को समझने का मौका देता है। नवाबगंज कस्बे सैकड़ो लोग जुलूस में शामिल हुए जिनमे प्रमुख रूप से मोहम्मद शकील हाफिज मोहम्मद आरिफ हाफिज मोहम्मद अदनान हाफिज नदीम असफाक इमरान मो शान अकीब रहे। खास बात युवाओं ने इस तरीके से झंडा फहराया की तिरंगा झंडा बन गया और इस जुलूस में तिरंगे झंडे को भी साथ साथ जुलूस में शामिल किया गया कस्बे के सभी इमाम व अमन परस्त लोगो ने अमन चैन की दुआ मांगी सुरक्षा व्यवस्था के लिए चौकी इंचार्ज धर्मेंद्र कुमार मिश्र व उप निरीक्षक अनिल पांडेय सहित अनेक पुलिस कर्मी तैनात रहे।

नगर पंचायत के विकास को लगेंगे पंख, आकांक्षी नगर पंचायत में चयनित हुआ मिहींपुरवा

- आकांक्षी नगर पंचायत बनने से अब होगा संपूर्ण विकास: विधायक सरोज सोनकर

अमन लेखनी समाचार/मिथिलेश जायसवाल

मोतीपुर, बहराइच। बलहा विधानसभा की नवसृजित नगर पंचायत मिहींपुरवा का चयन आकांक्षी नगर पंचायत में हो गया है। अब नगर पंचायत मिहींपुरवा का संपूर्ण विकास होगा। प्रमुख सचिव द्वारा भेजे गए पत्र में पूरे प्रदेश में 100 नगर पंचायत को आकांक्षी नगर पंचायत में चयन किया गया है। जिसमें मिहींपुरवा नगर पंचायत भी शामिल है। आकांक्षी नगर पंचायत चयनित होने से सड़क पेयजल पार्क लाइट तालाब सौंदरीकरण सहित विकास का विशेष बजट नगर पंचायत को प्राप्त होगा। जिससे नवसृजित नगर पंचायत का चौमुखी विकास होगा साथ ही बेहतर प्रदर्शन करने वाली नगर पंचायत को पुरस्कृत करने की भी योजना शामिल है। बलहा विधायक सरोज सोनकर ने बताया कि पिछले महीने ही नगर विकास मंत्री को पत्र लिखकर अवगत कराया था कि मिहींपुरवा नगर पंचायत को आकांक्षी नगर पंचायत में चयनित करें। पत्र का संज्ञान लेकर नगर विकास मंत्री ने नगर पंचायत को आकांक्षी नगर पंचायत में शामिल किया है। विधायक प्रतिनिधि आलोक जिंदल ने बताया कि आकांक्षी नगर पंचायत चयनित होने से संपूर्ण विकास होगा और नगर पंचायत की तस्वीर बदलेगी। नगर पंचायत अध्यक्ष जितेंद्र मदेशिया ने बताया कि बलहा विधायक सरोज सोनकर व प्रतिनिधि आलोक जिंदल के लगातार सहयोग से नगर पंचायत की तस्वीर बदल रही है।आकांक्षी नगर पंचायत में चयनित होने से संपूर्ण विकास होगा और नगर पंचायत वासियों को बेहतर सुविधाएं मिलेगी। एसडीएम व प्रभारी ईओ संजय कुमार ने बताया की आकांक्षी नगर पंचायत चयनित होने से नगर में बेहतर विकास होगा इंटरलॉकिंग के साथ-साथ सीसी रोड का भी निर्माण होगा।ज्ञात हो कि नगर पंचायत का चयन आकांक्षी नगर पंचायत होने से अतिरिक्त बजट मिलने से बेहतर विकास होगा। जिससे नगर पंचायत में निवास करने वाली चौबीस हजार की आबादी को बेहतर सुविधाएं मिलेंगी।

पितृपक्ष आज से होगा प्रारंभ

अमन लेखनी समाचार

बीघापुर, उन्नाव। पितृपक्ष में पूर्वजों की आत्मा की शांति के लिए पूरे विधि-विधान से अनुष्ठान किए जाते हैं. पितृपक्ष में किए गए तर्पण से पूर्वजों का आशीर्वाद मिलता है और घर में हमेशा सुख-शांति बनी रहती है. इस बार पितृ पक्ष 29 सितंबर से शुरू होकर 14 अक्टूबर को समाप्त होंगे पितृ पक्ष या श्राद्ध पक्ष भाद्रपद महीने की पूर्णिमा से शुरू होकर पितृमोक्षम अमावस्या तक चलते हैं. 29सितंबर यानी आज से पितृ पक्ष शुरू हो रहा है, जो कि 14 अक्टूबर को खत्म होगा. पितृ पक्ष में अपने पूर्वजों को याद कर उनकी आत्मा की शांति के लिए श्राद्ध किया जाता है. देश की प्रमुख जगहों जैसे हरिद्वार, गया प्रयाग राज आदि जाकर पिंडदान करने से पितृ प्रसन्न होते हैं.कौआ, कुत्ता और गाय इनको यम का प्रतीक माना गया है। गाय को वैतरिणी पार करने वाली कहा गया है। कौआ भविष्यवक्ता और कुत्ते को अनिष्ट का संकेतक कहा गया है। इसलिए, श्राद्ध में इनको भी भोजन दिया जाता है। चूंकि हमको पता नहीं होता कि मृत्यु के बाद हमारे पितृ किस योनि में गए, इसलिए प्रतीकात्मक रूप से गाय, कुत्ते और कौआ को भोजन कराया जाता है। पहले यम के प्रतीक कौआ, कुत्ते और गाय का अंश निकालें फिर किसी पात्र में दूध, जल, तिल और पुष्प लें। कुश और काले तिलों के साथ तीन बार तर्पण करें। पितृ पक्ष में लोग प्रतिदिन स्नान कर नए वस्त्र धारण कर अपने पूर्वजों को जल अर्पण करते हैं व फूल भी डालते हैं किसी-किसी घर में प्रतिदिन मिठाई के पकवान बनाकर प्रतिदिन गाय कौवा आदि को देते हैं पितृपक्ष में हिंदू धर्म का बहुत ही महत्व हैं इसमें लोग शुभ काम नहीं करते हैं।

अयोध्या के सूर्यकुंड से 5 महिला चोर गिरफ्तार

- एक दिन पहले आकर मंदिर के पास डेरा डाला था, मेले में चोरी करती थी

अमन लेखनी समाचार

अयोध्या, अयोध्या कोतवाली पुलिस ने सूर्य कुंड मेला क्षेत्र से 5 शातिर महिला गिरहकट के गिरोह को पकड़ा है। इनमें पास से दो पीली धातु की चेन और एक लाकेट बरामद हुआ है। यह गिरोह पुलिस की सक्रियता के कारण बहुत कुछ हाथ साफ नहीं कर पाया।पकड़े गई सभी महिलाएं एक ही परिवार की हैं। अयोध्या के अलावा बाराबंकी, गोंडा, आजमगढ़, मऊ में लूट और छिनैती सक्रिय थीं दर्शन नगर चौकी क्षेत्र में स्थित सूर्य कुंड मंदिर पर टप्पेबाजी करती महिलाओं को पुलिस ने लिया हिरासत में लेकर जेल भेज दिया है। यह गिरोह अयोध्या के अलावा बाराबंकी, गोंडा, आजमगढ़, मऊ में लूट और छिनैती की घटनाओं को अंजाम देती थी। यह सभी प्रदेश के मऊ जिले की रहने वाली हैं। इनमें कुमकुम, रीना, मनीषा, लक्ष्मी देवी और सुनीता शामिल हैं।कोतवाल मनोज कुमार शर्मा ने बताया कि इस गिरोह का काम मेलों के दौरान चोरी और गिरहकटी की घटनाओं को अंजाम देना था। नागेश्वरनाथ मंदिर और हनुमानगढ़ी तथा बाराबंकी में लोधेश्वर महादेव मंदिर मुख्य ठिकाना था पकड़ी गई महिलाओं ने बताया है कि यह मेलों के दौरान गिरोह बनाकर सोने के बाली और चेन आदि चुराती थी।अयोध्या में नागेश्वरनाथ मंदिर और हनुमानगढ़ी तथा बाराबंकी में लोधेश्वर महादेव मंदिर मुख्य ठिकाना था। यह गिरोह अपने साथ कई साड़ी और श्रृंगार का सामान लाता था। हर बार मंदिर में प्रवेश करने पर अलग साड़ी और श्रृंगार होता था जिससे कोई इन्हें पहचान न सके। इस गिरोह को पकड़ने में दर्शन नगर चौकी इंचार्ज देवेंद्र नाथ राय, अयोध्या कोतवाली के उप निरीक्षक सत्य नारायण सिंह, महिला आरक्षी में रेखा, पुष्पा, दिव्यांशी और वंदना के साथ पुरुष आरक्षी में इंद्रजीत, आनंद और अभिषेक का योगदान रहा।

धूमधाम से निकाला गया बारह रवि अव्वल का जूलूस

- एसडीम एवं कोतवाल को पहनाया अंगवस्त्र व माला

अमन लेखनी समाचार

कैसरगंज, बहराइच। बारह रबी उल अव्वल के मौके पर शांति के पैगंबर का जुलूस बहुत ही शांति के तरीके से ग्राम ऐनी कैसरगंज से निकाल कर मोहम्मद शाह बाबा की मजार तक ले जाया गया जिसमें कैसरगंज के एतराफ के गांव के लोगों ने भारी संख्या में आकर जुलूस की शान और शौकत व रौनक बढ़ाई। जिसमें पबना नौगय्या बरद्वारापुर बरौली कंधेला मीरपुर कुनारी बंगाल आदि ग्राम के लोगों ने कसीर तादाद में शिरकत करके जुलूस ए मोहम्मदी को कामयाब बनाया और बहुत ही शांति प्रिया तरीके से अपने पैगंबर मोहम्मद सल्लल्लाहो ताला अलेही वसल्लम की युमे पैदाइश की मुबारकबाद एक दूसरे को लोगों ने दी और हमेशा शांति का संदेश देने वाले पैगंबर का संदेश लोगों ने एक दूसरे को दिया कि शांति असली विचारधारा है शांति ही से हमारा देश उन्नत कर सकता है। इस मौके पर कैसरगंज समाजवादी पार्टी के विधायक आनंद यादव, बकाउल्लाह ठेकेदार, शमसुद्दीन बरकती, मौलाना खालिद सय्यूब अली, चेयरमैन कैसरगंज सोनू युसूफ अली, कोतवाल राजनाथ सिंह इलाके के संभ्रान्त नागरिक मौजूद रहे।

इस्लामी झंडे के साथ निकाला गया रबीउल अव्वल का जुलूस

अमन लेखनी समाचार

पयागपुर, बहराइच। गुरुवार को इस्लाम धर्म को मानने वालों के लिए खास दिन है। दुनियाभर में आज यानी 28 सितम्बर को ईद ए मिलाद उन नबी का पर्व मनाया जा रहा है। विशेश्वरगंज क्षेत्र के ग्राम पुरैना बाजार बनिया गाँव कुरसहा आदि गाँवो मे बड़े धूम धाम से मनाया गया। ईद-ए-मिलाद का पर्व इस्लाम धर्म में बहुत ही महत्वपूर्ण दिन है। इस दिन को अल्लाह की इबादत का खास मौका माना जाता है। लोग घर और मस्जिदों में पवित्र कुरान पढ़ते है। जुलूस निकालते हैं और दान व जकात करते हैं। नमाज और मोहम्मद साहब के संदेशों को पढ़ने के साथ ही लोगों को दान दिया जाता है। कहते हैं कि इस दिन कुरान के पाठ से अल्लाह का रहम बरसता है। ईद ए मिलाद पैगंबर हजरत मोहम्मद से जुड़ा पर्व है। इस्लाम धर्म का कहना है कि आज के दिन हजरत मोहम्मद साहब का जन्म हुआ था इसलिए आज का दिन हम सभी के लिए बहुत खास है आज के दिन मोहम्मद साहब पर दूरूद पाक पढा जाता है ईद की तरह ईद मिलादुन्नबी मनाते हैं। अल्लाह की इबादत करते हैं व जूलूस निकालकर खुसी का इजहार करते हैं व घर मे अच्छे पकवान भी बनाते हैं। जुलूस के दौरान पुलिस बल मुस्तैद रही। शांतिपूर्ण तरीके से जुलूस का समापन हुआ।

मांगे मुख्य आरोपी अजय नारायण पर 50 हजार का इनाम घोषित, प्रशासन ने मानी परिवारिक की मांगे

भाजयुमो जिलाध्यक्ष के ऑफिस पर चला बुलडोजर

अमन लेखनी समाचार

सुलतानपुर, सुल्तानपुर के चर्चित डॉ. घनश्याम तिवारी मर्डर केस में राजनैतिक दबाव के बाद जिला प्रशासन ने कार्रवाई की। पयागीपुर में भाजयुमो जिलाध्यक्ष चंदन नारायण सिंह के अवैध भूखंड पर बने ऑफिस पर बुलडोजर चला है। अभी आगे भी ध्वस्तीकरण की कार्रवाई की जाना शेष है। पुलिस के आला अधिकारियों ने चिकित्सक हत्याकांड के मुख्य आरोपी भाजयुमो जिलाध्यक्ष के चचेरे भाई अजय नारायण सिंह पर 50 हजार का इनाम घोषित किया है। डॉ. घनश्याम तिवारी की पत्नी निशा तिवारी ने एसपी को एक शिकायती पत्र दिया है। उन्होंने बताया कि घटना से आहत होकर वे विक्षिप्त हो गई थी। पुलिस ने सादे पेपर पर साइन लेकर स्वतः केस दर्ज कर लिया।

निशा तिवारी ने आज दी तहरीर में मुख्य आरोपी अजय नारायण सिंह पुत्र जगदीश नारायण सिंह के साथ-साथ उसके पिता, भाजयुमो जिलाध्यक्ष चंदन नारायण सिंह, पूर्व जिलाध्यक्ष व राष्ट्रीय कार्यकारिणी के सदस्य रह चुके गिरीश नारायण सिंह उर्फ बब्बन सिंह, विजय नारायण सिंह और अज्ञात लोगों का उल्लेख किया है।

पत्नी का आरोप है कि उनके पति का अपहरण करके पैर को ड्रिल मशीन छेदकर और पीट-पीटकर हत्या की गई। शनिवार की देर शाम शहर के शास्त्री नगर इलाके में डॉक्टर की रंगदारी नहीं देने पर पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष व राष्ट्रीय कार्यकारिणी के सदस्य रहे गिरीश नारायण सिंह के भतीजे अजय नारायण सिंह ने पीट-पीटकर हत्या कर दी थी। डॉक्टर की पत्नी निशा तिवारी की तहरीर पर अजय व दो अज्ञात के विरुद्ध कोतवाली नगर में हत्या का मुकदमा दर्ज किया गया। तीन लोगों को पुलिस ने हिरासत में भी लिया लेकिन मुख्य आरोपी सत्ता पोषित अजय पुलिस को ढूंढे नहीं मिला। रविवार शाम पोस्टमॉर्टम के बाद शव पैतृक गांव पहुंचा तो परिवार वालों ने शव के अंतिम संस्कार से इनकार कर दिया। आज सुबह जाकर परिवार ने प्रशासन के सामने 6 मांगे रखी। परिवार की सुरक्षा और शस्त्र लाइसेंस दिया जाए। जमीन पर हमें तत्काल कब्जा दिलाया जाए। योग्यता के अनुसार रोजगार और एक करोड़ का मुआवजा दिया जाए। अपराधियों की तत्काल गिरफ्तारी और आरोपियों के खिलाफ बुलडोजर की कार्रवाई की जाए। इन मांगों की संस्तुति भाजपा जिलाध्यक्ष डॉ. आरए वर्मा, लंभुआ से भाजपा विधायक सीताराम वर्मा, सदर विधायक राजबाबू उपाध्याय और पूर्व लंभुआ विधायक देवमणि द्विवेदी ने की। जिस पर डीएम जसजीत कौर ने सहमति व्यक्त किया। तब कजाकर अंतिम संस्कार हो सका। पूर्व विधायक देवमणि द्विवेदी ने डॉक्टर के शव को कंधा दिया। बड़ी संख्या में लोग अंतिम यात्रा में शामिल हुए।

करोड़ों की ठगी करने वाला मुख्य आरोपी गिरफ्तार

- शंकर गोपालन सेवा संस्था खोलकर निवेशकों से किया था ठगी, गिरोह के चार सदस्य पहले से है जेल

अमन लेखनी समाचार

मिल्कीपुर, मिल्कीपुर में खांडसा पुलिस ने शंकर गोपालन सेवा संस्था के मैनेजिंग डायरेक्टर करुणा शंकर शुक्ला यूपी गैंगस्टर के मामले में वांछित चल रहे थे। मुकदमा दर्ज होने के बाद से पुलिस टीम ने आरोपी को ढूंढ रही थी। लेकिन सफलता हाथ नहीं लग पा रही थी। मुख्य की सूचना पर पुलिस टीम ने पीएसी अमानीगंज के पास से गिरफ्तार का न्यायालय पेश कर जेल भेज दिया गया। करुणा शंकर शुक्ला ने शंकर गोपालन सेवा संस्था बनाकर क्षेत्रीय लोगों का धन दोगुना करने का झांसा देकर निवेश करने के उपरांत फरार हो गए थे। निवेशकों की तहरीर पर खंडासा पुलिस ने मैनेजिंग डायरेक्टर समेत एजेंटों के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज किया था। थानाध्यक्ष खंडासा मनोज यादव, उप निरीक्षक विनय यादव कांस्टेबल धर्मेंद्र यादव, अंशु यादव व दुर्गा प्रसाद यादव के साथ क्षेत्र में चेकिंग अभियान चला रहे थे। उसी वक्त मुखबिर ने सूचना दिया कि शंकर गोपालन कंपनी चलाने वाले करुणा शंकर शुक्ला पुत्र राम अछैवर शुक्ला निवासी ग्राम पूरे सुफल कोटडीह प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र अमानीगंज के पास मौजूद है। जानकारी मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस टीम ने फरार चल रहे आरोपियों को पकड़ लिया। थाने ले जाकर विधि कार्रवाई करने के बाद न्यायालय भेजा दिया था। जहां से उसे जेल भेज दिया गया। थानाध्यक्ष मनोज यादव ने बताया कि कंपनी की डायरेक्टर एवं एजेंट बाल गोविंद तिवारी पुत्र रामानंद तिवारी, नीलम तिवारी पत्नी बाल गोविंद तिवारी निवासी भवन नगर, आशा देवी पत्नी स्वर्गीय राजेंद्र कुमार मिश्रा निवासी खांडसा, निर्मल तिवारी पुत्र नंदकिशोर तिवारी निवासी पुरे रामअधीन थाना रुदौली को मुकदमा संख्या 152/23 धारा 3(1) उत्तर प्रदेश गिरोह बंद समाज विरोधी क्रियाकलाप निवारण के कार्रवाई के मामले में पहले ही जेल भेजे जा चुके हैं।

संक्षेप

दुर्घटना की सूचना मिलने पर पुलिस टीम पर हमला तीन नामजद 50 अज्ञात पर केस दर्ज

अमन लेखनी समाचार

गोरखपुर। सहजनवा थाना क्षेत्र स्थित के भीटी रावत चौराहे पर रात्रि में 8.30 बजे के करीब पुलिस को सूचना मिली कि एक ट्रक अनियंत्रित होकर पलट गया है।जिसमे एक गुमटी क्षतिग्रस्त हो गयी है। पुलिस जैसे ही मौके पर पहुची तो पहले से मौजूद तीन नामजद तथा 50 से अधिक लोग पुलिस से बहस करते हुए हमला बोल दिया।जिसमें पुलिस ने अनेक धाराओं में केस दर्ज कर दो लोगो को हिरासत में ले लिया है।मिली जानकारी से रात्रि 8.30 बजे पुलिस को सूचना मिली थी अनियंत्रित ट्रक पलटने से एक गुमटी को नुकसान पहुचा है।पहले से मौजूद लोग ट्रक चालक से जबरजस्ती 20 हजार रुपये मांग रहे थे।उसी दौरान थाने से दरोगा चंदन नारायण अपने हमराहियों के साथ घटना स्थल पर पहुचे तो मौजूद लोग पुलिस टीम से बहस करते हुए हमला बोल दिया। पुलिस किसी तरह भाग कर जान बचायी।इस दौरान अफरा तफरी मच गया।दरोगा चंदन नारायण की तहरीर पर अशोक यादव पुत्र रामअवध यादव निवासी जोन्हिया,रामु प्रसाद पुत्र स्व रामगजन,योगेंद्र पुत्र सतेंद्र के खिलाफ बलवा,जान लेवा हमला,जान मारने की धमकी तथा 7 क्रिमनल एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर दो को हिरासत में ले लिया है।

दहेज में पांच लाख रुपये की मांग पूरी ने होने पर विवाहिता को घर से निकाला केस दर्ज

अमन लेखनी समाचार

गोरखपुर। गीडा थाना क्षेत्र के दहेज में 5 लाख रुपये की मांग पूरी न होने पर ससुराल के लोगो ने विवाहिता को मारपीट कर घर से निकाल दिया। पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी पति,ससुर,दो ननद के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है।मिली जानकारी से गीडा थाना क्षेत्र के नौसढ़ निवासी नागेंद्र सिंह ने अपनी पुत्री सरोज सिंह का विवाह 22 नवम्बर 2019 को चोरमरा थाना घनघटा जिला सन्तकबीरनगर निवासी गोपाल सिंह पुत्र अम्बिका सिंह के साथ किया था। शादी में उपहार के तौर पर 2 लाख रुपये तथा गहने दिये गये थे। कुछ माह तक ससुराल में ठीकठाक चला इसके बाद पति और ससुराल के लोग 5 लाख रुपये की और मांग करते हुए उत्पीड़न करने लगे। सभी लोग एकजुट होकर लत घुसो से मारते हुए धारिधार हथियार से हमला कर घायल कर दिये। और गैस सिलेंडर में आग लगाकर जलाने की कोशिश की गयी। और बाल खिंच कर घर से बाहर निकाल दिया गया।15 दिसम्बर 2020 को पति ने दूसरी शादी कर ली। पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने पति गोपाल सिंह,ससुर अम्बिका सिंह,ननद ममता,बबिता के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय में राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 तथा नैक तैयारी की प्रगति एवं समीक्षा बैठक

अमन लेखनी समाचार

गोरखपुर। महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय गोरखपुर में कुलपति मेजर जनरल डॉ अतुल वाजपेयी की अध्यक्षता में राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 तथा नैक तैयारी की प्रगति एवं समीक्षा बैठक आयोजित हुई। बैठक में विशेषज्ञ के रूप में प्रो. धीरेन्द्र पाल सिंह पूर्व अध्यक्ष विश्वविद्यालय अनुदान आयोग व पूर्व अध्यक्ष नैक नई दिल्ली, डॉ. जी. एन. सिंह पूर्व औषधि महानियंत्रक भारत सरकार, प्रो. बिजेंद्र सिंह कुलपति नरेंद्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय कुमारगंज अयोध्या, प्रो. राजेश सिंह पूर्व कुलपति दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्विद्यालय गोरखपुर, आशीष श्रीवास्तव वरिष्ठ वैज्ञानिक अन्तर्राष्ट्रीय चावल शोध संस्थान वाराणसी, विश्वविद्यालय की नैक स्टीयरिंग समिति के समस्त पदाधिकारी, समस्त प्राचार्य/अधिष्ठाता, विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ प्रदीप कुमार राव, प्रो सुनील कुमार, डॉ मंजूनाथ एनएस, श्रीमती प्रिंसी जी, डॉ.गोपीकृष्ण, डॉ विमल कुमार दूबे, डॉ शशिकांत सिंह, डॉ सुमित कुमार एम, श्री रोहित कुमार श्रीवास्तव, डॉ अनुपमा ओझा, डॉ शिवम कुमार प्रजापति, डॉ आयुष कुमार पाठक, सुश्री श्वेता अलवर्ट सहित एमपी पीजी कालेज के उप प्राचार्य डॉ विजय कुमार चौधरी एवं डॉ अभिषेक वर्मा आदि उपस्थित रहे। विश्वविद्यालय के उप कुलसचिव श्रीकान्त के हवाले से बताया गया कि गोरक्षपीठाधीश्वर योगी आदित्यनाथ जी द्वारा वर्ष 2021 में स्थापित महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय गोरखपुर लोककल्याणार्थ संचालित है। विश्वविद्यालय प्रगतिपथ पर अनवरत प्रयत्नशील है। विश्वविद्यालय ने नैक के मानकानुसार अपने शैशवावस्था से नैक मूल्यांकन की तैयारी शुरू कर दी है। स्थापना के समय वर्ष 2021 में 15 पाठ्यक्रमों के साथ संचालन प्रारम्भ हुआ और वर्ष 2023 में कुल 21 पाठ्यक्रम संचालित हो रहे हैं। बैठक के दौरान प्रो. राजेश सिंह तथा प्रो. बिजेंद्र सिंह ने अपने विश्वविद्यालय के नैक मूल्यांकन हेतु किए गए प्रयासों को साझा किया तथा यह सुझाव दिया कि विश्वविद्यालय अभी आनलाइन व आफलाइन डाकूमेंटेशन शुरू कर दे तो निश्चय ही नैक की अर्हता पूरी करने के समय नैक मूल्यांकन के समय सफलता मिलेगी। प्रो. धीरेन्द्र पाल सिंह ने अपने सम्बोधन में नैक हेतु निर्धारित सभी मापदंडों को पूरा करने, विश्वविद्यालय में अधिक से अधिक सेमीनार/कांफ्रेंस आयोजित कराये जाने तथा शिक्षकों द्वारा अधिक से अधिक संख्या में शोध पत्र प्रकाशित किए जाने पर बल दिया। साथ ही साथ राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 की गाइड लाइन के अनुसार तैयारी करने तथा इन्क्यूबेशन एवं इन्नोवेशन सेंटर की स्थापना करने और इंडियन नॉलेज सिस्टम पर पाठ्यक्रम चलाये जाने पर जोर दिया जाए। इस दौरान प्रो. सुनील कुमार समन्वयक नैक स्टीयरिंग समिति द्वारा विश्वविद्यालय में संचालित पाठ्यक्रमों एवं शैक्षणिक उपलब्धियों पर प्रस्तुतिकरण दिया गया।

शिद्दत के साथ मनाया गया पैगम्बर मोहम्मद साहब का जन्मदिवस

अमन लेखनी समाचार

गोरखपुर। सहजनवा तहसील अंतर्गत क्षेत्र के पिपरौली, लुचुई,मिनवा,पाली,घघसरा,गाही,डुमरी,चाँदबारी उदवलिया,भरपही,कसरवल,भीटी रावत ,जोगियाकोल,हरपुर,कट्सहरा,चेचु आपार मझौरा सहित अनेक गावँ में मुस्लिम समुदाय के लोगो ने गुरुवार को रविअव्वल का जुलूस निकाला,जिसमें इस्लामिक निशान के साथ राष्ट्रीय ध्वज थाम लोगो ने राष्ट्र भक्ति की मिसाल पेश की।हाफिज शाहिद ने कहा की मिलादुन्नबी इस्लाम के संस्थापक पैगंबर मोहम्मद साहब का जन्म दिन रविअव्वल महीने की 12 तारीख को मनाया जाता है। हजरत मोहम्मद साहब को अल्लाह ने एक अवतार के रूप में पृथ्वी पर भेजा था ,क्योंकि उस समय अरब के लोगों के हालात बहुत खराब हो गए थे। ऐसे माहौल में मोहम्मद साहब ने जन्म लेकर लोगों को एक ईश्वर का संदेश दिया।40 वर्ष की अवस्था में उन्हें अल्लाह की ओर से संदेश प्राप्त हुआ।मोहम्मद साहब ने खुदा के रूप में जिस धर्म को चलाया ,वह इस्लाम कहलाता है।इसका शाब्दिक अर्थ है, खुदा के हुक्म पर झुकना।जलूस में में ग्राम प्रधान अब्दुल खालिक,मदरसे के सदर वसीम अहमद,गुलाम नवी जाहिद हुसैन बदरे आलम,शरीफ अहमद लालमुहम्मद बरकल्ला,इमरान, आशू,सहित अन्य लोग शामिल रहे।जुलुश के समापन पर उलेमाओं द्वारा पूरे दुनिया के लिए अमन चैन, व शांति के लिए दुआएं भी सामूहिक रूप से की गई।

पुलिस चौकी निर्माण को सीओ ने किया भूमि पूजन

अमन लेखनी समाचार

गोरखपुर।सहजनवां तहसील अंतर्गत हरपुर बुदहट थाना क्षेत्र के कटसहरा-देवरिया मार्ग पर स्थित ग्राम सभा चांदपार में प्रस्तावित नई पुलिस चौकी भवन निर्माण के लिए भूमि पूजन गुरुवार को अंजनी कुमार पांडेय क्षेत्राधिकारी खजनी ने किया, सीओ के साथ भूमि पूजन कार्यक्रम में नायब तह सीलदार सहजनवा भानु प्रताप,और थानाध्यक्ष हरपुर बुदहट महेंद्र मिश्र मौजूद रहे। भूमि पूजन के दौरान सीओ खजनी ने कहा कि इस स्थान पर पुलिस चौकी स्थापित किए जाने की मांग काफी समय से की जा रही थी।जिसका भूमि पूजन के बाद भवन निर्माण कार्य शुरू हो गया। ऋथानाध्यक्ष महेंद्र मिश्र ने भूमि पूजन कार्यक्रम में उपस्थित आगंतुकों के प्रति आभार जताया। इस अवसर पर लेखपाल संजय वर्मा, उपनिरिक्षक प्रवीन कश्यप, दीवान अचित्यानन्द राय, आचार्य पंडित राम भजन पांडेय, सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

परामर्श समिति की बैठक में प्रिया कुमारी ने उठाये कई मुद्दे

अमन लेखनी समाचार

गोरखपुर। पूर्वोत्तर रेलवे अधिकारी क्लब में आयोजित,पूर्वोत्तर रेलवे क्षेत्रीय उपयोगकर्ता परामर्शदात्री समिति की 111वीं बैठक में क्षेत्रीय रेल उपयोगकर्ता परामर्शदात्री समिति की सदस्य प्रिया कुमारी ने महाप्रबंधक के समक्ष रेलवे से जुड़ी विभिन्न जनसमस्याओं के निराकरण का मुद्दा उठाया। जेडआरयूसीसी सदस्यों की गोरखपुर रेल मुख्यालय पर हुई बैठक में गोरखपुर जनपद से प्रिया कुमारी ने महाप्रबंधक पूर्वोत्तर रेलवे समेत सभी जोन के सभी वरिष्ठ रेल अधिकारियों को रेल यात्रियों के हित एवं महिलाओं की सुरक्षा का विषेश ध्यान देने हेतु सभी ट्रेनों में आर पी एफ एवं जी आर पी की संख्या वृद्धि करने को कहा। यात्रियों के साथ कोई किसी तरह की स्वास्थ्य संबंधित परेशानी होने पर उनका प्रथम उपचार हेतु चिकित्सक का ट्रेन में तैनाती होनी चाहिए साथ ही गर्भवती स्त्रियों के ट्रेवल करने किसी भी तरह का एहतियात बरतने हेतु चिकित्सक का होना जरूरी है। किसी तरह के हृदय के मरीज को हार्ट अटैक से प्रथम उपचार द्वारा बचाया जा सकता है और ट्रेन में सुखद यात्रा लोग कर सकते हैं। वातानुकूलित यान में कम्बल तकिया खोल एवं चादर अच्छी तरह सुखा कर सेनेटाइज कर के दिया जाए ताकि इन उपयोग में लाने वाली वस्तुएं अन्य लोगों को इस्तेमाल करने पर किसी भी प्रकार का इन्फेक्शन न हो। सभी ट्रेनों में स्वास्थ्य के दृष्टिगत सफाई की पूर्ण व्यवस्था की जाए तथा ट्रेन के शौचालय में गंदगी नहीं हो ध्यान दी जाए। खाद्य सामग्री बेचने वाले साफ सफाई का विशेष ध्यान दें। सभी हेड क्वार्टर्स में सभी प्रशासनिक कार्यालय में सीसीटीवी कैमरा लगाने की प्राथमिकता होनी चाहिए और कार्यों में पारदर्शिता लाने के लिए प्रत्येक विभागाध्यक्ष द्वारा मॉनिटरिंग की जाए दोहरीघाट के इनारा लाइन बन कर तैयार है इस पर ट्रेन चलाई जाए। महाप्रबंधक चंद्रवीर रमन ने प्रिया कुमारी को शॉल भेंट कर और अपर महाप्रबंधक डी के सिंह ने स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया।

राजस्व टीम ने सड़क की किया पैमाइस ध्वस्त होगा मकान

अमन लेखनी समाचार

गोरखपुर। सहजनवा बखिरा मार्ग के मिनवा चौराहे पर सड़क की भूमि पर अवैध कब्जा कर मकान का निर्माण कर किराये पर दे दिया गया था। जिसकी शिकायत मिनवा निवासी कमलेश ने आईजीआरएस पर किया था। मामले को संज्ञान में लेते हुए अधिशासी अभियंता प्रांतीय खण्ड पीडब्लूडी ने एसडीएम को रिपोर्ट भेज कर राजस्व टीम से पैमाइस कराने का अपील किये थे। शुक्रवार को राजस्व टीम और पीडब्लूडी के अधिकारी मौके पर पहुच कर सड़क के भूमि की पैमाइस किये। जिसमे मकान का अधिक हिस्सा पीडब्लडी के भाग में पड़ा है। और कब्जा करने वाले को चेतावनी दिया कि जितना भूमि सड़क का है उसमें से अवैध कब्जा हटा लें। नही तो आगे की कार्रवाई की जायेगी। इस बाबत जेई के0के0 शुक्ल ने कहा कि पैमाइस के दौरान मकान का अधिक हिस्सा पीडब्लूडी का पड़ा है। राजस्व टीम की रिपोर्ट आने के बाद ध्वस्त कराया जायेगा। इस दौरान कानूनगो मोतीलाल जेई महेश लेखपाल सौम्या श्रीवास्तव,मनीष मौर्य,रामसजीवन सिंह मौजूद थे।

साइबर क्राइम के तहत विद्यार्थियों को किया जागरूक

अमन लेखनी समाचार

जहानाबाद, फतेहपुर। जहानाबाद थाना क्षेत्र में शासन के मनसानुरूप पुलिस अधीक्षक ने दिशा निर्देशन में तथा थाना अध्यक्ष की अगुवाई में कल 28 सितंबर दिन बृहस्पतिवार को उप निरीक्षक अमरीश कुमार मिश्रा ने पुलिस टीम के साथ कस्बा के ज्ञान दीप विद्या मंदिर में छात्र एवं छात्राओं को साइबर जागरूकता के तहत साइबर ठगो से बचने के लिए अनेक जानकारियां देते हुए जागरूक किया इस मौके पर पुलिस टीम के साथ प्रबंधक जयकरण गुप्ता सहित शिक्षक एवं शिक्षिकाएं तथा छात्र-छात्राएं भी मौजूद रहे।

बारावफात मिलाद उन नबी त्योहार में निकला जुलूस

पुलिस बल ने भी दिखाई जगह जगह मुस्तैदी

अमन लेखनी समाचार

फतेहपुर जनपद फतेहपुर के कोतवाली बिंदकी क्षेत्र के अलग अलग क्षेत्रों में मुस्लिम भाइयों ने बड़े धूमधाम से त्योहार मनाया वही खजुआ कस्बे में बृहस्पतिवार को इस मौके पर जुलूस भी निकाला गया इस मौके पर पुलिस प्रशासन ने पूरा सहयोग किया वही जब मुस्लिम भाइयों से पत्रकार टीम ने त्योहार की जानकारी ली तो उन्होंने बताया बारावफात या फिर जिसे मीलाद उन नबी के नाम से भी जाना जाता है, यह दिन इस्लाम मजहब का एक महत्वपूर्ण दिन है क्योंकि इसी दिन इस्लाम धर्म के संस्थापक मोहम्मद साहब का जन्म हुआ था और इसके साथ ही इसी तारीख को उनका देहांत भी हुआ था। काफी धूम-धाम के साथ मना बारावफात या फिर जिसे मीलाद उन नबी के नाम से भी जाना जाता है, यह दिन इस्लाम मजहब का एक महत्वपूर्ण दिन है क्योंकि इसी दिन इस्लाम धर्म के संस्थापक मोहम्मद साहब का जन्म हुआ था और इसके साथ ही इसी तारीख को उनका देहांत भी हुआ था।इस्लामिक कैलेंडर के अनुसार 12 रबी उल अव्वल की तारीख को पड़ने वाले इस दिन को पूरे विश्व भर के विभिन्न मुस्लिम समुदायों द्वारा काफी धूम-धाम के साथ मनाया जाता है। इस दिन लोग मस्जिदों में जाकर नमाज अदा करते हुए, मोहम्मद साहब के दिखाये हुए रास्ते को अपनाने का संकल्प लेते है बारा का मतलब होता है बारह और वफात का मतलब होता है इंतकाल और क्योंकि बारह दिनों तक बीमार रहने के पश्चात इस दिन उनका इंतकाल हो गया था इसलिए इस दिन को बारावफात के रुप में मनाया जाता है। यहीं कारण है कि इस्लाम में बारावफात को इतने उत्साह के साथ मनाया जाता है इसके साथ ही इस दिन को ई ए मीलाद मीलादुन्नबी के नाम से भी जाना जाता है। जिसका मतलब होता है मुहम्मद के जन्म का दिन क्योंकि मोहम्मद साहब का जन्म भी इसी दिन हुआ था। यही कारण है शिया जैसे मुस्लिम समुदाय द्वारा इस दिन को जश्न और उत्सव के रुप में भी मनाया जातो इस मौके पर हसन ,मुहम्मद बीजेपी अल्प संख्यक युवा मोर्चा अली खान , हाजी सफी ,अख्तर ,शहबान , गोलू उमर खान , वली खान ,नसीम अहमद,इमरान, सोनू,कमाल अहमद सहित कई मुस्लिम भाई मौजूद रहे वही पुलिस प्रशासन अपनी मुस्तैदी दिखाते हुए टीम में खजुहा चौकी प्रभारी भारत सिंह,उपनिरीक्षक गोविंद सिंह यादव,सहित पुलिस बल तैनात रहो

जुलूस में शामिल होकर भाजपाइयों ने दिखाई कौमी एकता

जनपद के खागा धाता हसवा ललौली जोनिहा औंग चौडगरा देवमयी जहानाबाद क्षेत्र में भी पैगंबर हजरत मोहम्मद साहब का जन्म दिवस जुलूस के साथ निकाला गया वहीं जनपद के अमौली विकासखंड कस्बे में भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ पदाधिकारी पूर्व जिला मंत्री साहब सिंह गौतम मंडल अध्यक्ष संतोष गुप्ता राम भक्त वर्मा अशरफ खान आदि भाजपाइयों ने मुस्लिम समुदाय के साथ मिलकर समूचे कस्बे में हिंदू मुस्लिम कौमी एकता दिखाते हुए जुलूस निकाला कस्बे की सभी गलियों में जुलूस निकाला गया जहां ग्रामीणों ने पुष्प वर्षा करते हुए हजरत मोहम्मद साहब का स्वागत किया सुरक्षा व्यवस्था को लेकर स्थानीय थाना चांदपुर थाना प्रभारी अखिलेश यादव के नेतृत्व में चौकी इंचार्ज अमौली संदीप कुमार तिवारी दिलीप सिंह आदि की टीम जगह-जगह मुस्तैद रही

कुलखेड़ा विद्यालय के लिए दधीचि बने रमेशचंद्र शुक्ल

प्रस्तावित कार्य योजना को लेकर समाजसेवी ने शिक्षा विभाग के उच्च अधिकारी के साथ मिलकर किया भूमि पूजन

अमन लेखनी समाचार

अमौली, फतेहपुर। संपूर्ण आर्यावर्त के धर्म ग्रंथो पर मिले लेख के अनुसार विश्व में शिवि दधीचि कर्ण एकलव्य हरिश्चंद्र जैसे दानियों ने जन्म लिया जिनके द्वारा किए गए ऐतिहासिक कार्यों का आज भी मानव समाज सराहना कर रहा है ठीक उसी प्रकार कलयुग में भी दानदाताओं की श्रेणी किसी स्थिति में कम नहीं दिख रही जनपद के अमौली विकासखंड के कुलखेड़ा गांव में जन्मे लोक सेवा आयोग से सेवानिवृत हुए संयुक्त सचिव रमेश चंद्र शुक्ल ने अपनी धर्मपत्नी सुषमा शुक्ला के साथ मिलकर शिक्षा जगत के लिए एक महत्वपूर्ण अविस्मरणीय योगदान दिया गांव में स्थापित परिषदीय पूर्व माध्यमिक विद्यालय के बच्चों की शिक्षा को उत्कृष्ट स्तर पर पहुंचाने हेतु डिजिटल लाइब्रेरी पार्क ओपन जिम विज्ञान सभा कच्छ आदि निर्मित कराने का प्रस्ताव किया जिसके सापेक्ष कल विद्यालय परिसर में हरषोल्लास के साथ भूमि पूजन का कार्यक्रम संपन्न हुआ कार्यक्रम में पहुंचे मुख्य अतिथि के रूप में बेसिक शिक्षा अधिकारी फतेहपुर पंकज यादव एवं विशिष्ट अतिथि खंड शिक्षा अधिकारी अमौली कुंवर सिंह कमल के साथ समाजसेवी रमेशचंद्र शुक्ल एवं सुषमा शुक्ला ने संयुक्त रूप से मिलकर प्रस्तावित कार्यों का भूमि पूजन हरषोल्लास के साथ किया भूमि पूजन में पहुंचे आचार्य पंडित गंगाधर शुक्ल के तत्वावधान में वैदिक मंत्रोच्चार के बीच यज्ञ आहुति देते हुए सभी लोगों ने यज्ञ कार्य सम्पन्न किया वहीं मुख्य अतिथि बेसिक शिक्षा अधिकारी पंकज यादव खंड शिक्षा अधिकारी कुंवर सिंह कमल के साथ ग्राम प्रधान कृष्णादेवी आदि लोगों ने मां सरस्वती की प्रतिमा में माल्यार्पण कर दीप प्रज्वलन के साथ भव्य कार्यक्रम का शुभारंभ किया कार्यक्रम की अध्यक्षता वयो वृद्ध ग्रामीण शिवगोपाल तिवारी एवं कुशल संचालन सुविख्यात संचालक शिक्षक उमेश त्रिवेदी द्वारा किया गया कार्यक्रम के प्रारंभ में विद्यालय के बच्चों ने पारंपरिक बैंड के साथ मुख्य अतिथि का स्वागत किया वही बेसिक शिक्षा अधिकारी खंड शिक्षा अधिकारी एवं कंपोजिट विद्यालय अमौली की शिक्षिका शुभा मिश्रा ने सर्वप्रथम समाजसेवी रमेशचंद्र शुक्ल एवं सुषमा शुक्ला को बैच अलंकरण अंग वस्त्र तथा स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया इसी क्रम में अमौली विकासखंड के शिक्षा जगत के ब्लॉक अध्यक्ष योगेंद्र सिंह गोली परिषदीय पूर्व माध्यमिक विद्यालय कुलखेड़ा की प्रधानाध्यापिका सरोज सोनकर सहायक अध्यापक राजेश कुमार लोकेंद्र नाथ दीपा वर्मा प्रधानाध्यापक मधुसूदन सिंह आदि नें मुख्य अतिथि बेसिक शिक्षा अधिकारी पंकज यादव के साथ खंड शिक्षा अधिकारी अमौली कुंवर सिंह कमल ग्राम प्रधान कृष्णा देवी कार्यक्रम के अध्यक्ष शिवगोपाल तिवारी आदि का माल्यार्पण कर बैच अलंकरण के साथ स्मृति चिन्ह देकर आभार व्यक्त किया कार्यक्रम के दौरान विद्यालय के बच्चों ने सरस्वती वंदना एवं कंपोजिट विद्यालय अमौली की छात्राओं ने सहायक अध्यापिका शुभा मिश्रा के तत्वावधान में देशभक्ति गीत झांसी की रानी आदि का विस्तृत चित्रण किया वहीं नन्ही सी बालिका आद्या त्रिवेदी पुत्री शिक्षक उमेश त्रिवेदी ने मुखरित स्वर से भाषण देते हुए काव्य गीत के माध्यम से आम जनमानस को गदगद कर दिया

शिक्षा जगत के लिए ऐतिहासिक व्यक्ति होंगे दानी रमेशचंद्र शुक्ल ---बीएसए

कार्यक्रम में पहुंचे मुख्य अतिथि के रूप में जनपद के बेसिक शिक्षा अधिकारी पंकज यादव ने अपने संबोधन में लोक सेवा आयोग के सेवानिवृत सचिव रमेशचंद्र शुक्ल एवं सुषमा शुक्ला को दधीचि की पदवी से सुसज्जित किया बेसिक शिक्षा अधिकारी ने कहा की विद्यालय के लिए जो सराहनीय कार्य समाज सेवी द्वारा किया गया है वह किसी शिवि दधीचि एकलव्य हरिश्चंद्र के दान से काम नहीं है ऐसे दानी दाता का नाम ग्रामीण आंचल में शिक्षा जगत के स्वर्ण अक्षरों में इतिहास के रूप में लिखा जाएगा वहीं खंड शिक्षा अधिकारी कुंवर सिंह कमल ने भी समाजसेवी की सराहना करते हुए विद्यालय की शिक्षा दीक्षा तथा विद्यालय के शिक्षकों समेत संचालन की भूमिका निभा रहे विद्यालय के शिक्षक उमेश कुमार त्रिवेदी के उत्कृष्ट कार्यो की जमकर प्रशंसा की इस मौके पर ग्रामीण राजेंद्र दीक्षित पूर्व प्रधान कुलखेड़ा जीतेंद्र त्रिपाठी अरुण कुमार मिश्रा सुरेश त्रिपाठी संतोष त्रिपाठी सर्वेश त्रिपाठी हिंदी दैनिक हिंदुस्तान समाचार पत्र के पत्रकार विवेक त्रिपाठी सत्यनारायण शुक्ला रज्जन शुक्ला सज्जन शुक्ला सत्येंद्र द्विवेदी समेत भारी संख्या में जनता जनार्दन वह विशिष्ट अतिथिगण मौजूद रहे

बुलंदशहर में तहसीलदार के पेशकार का अजब-गजब कारनामा

फर्जी दस्तखत कर किया 177 वादों का निस्तारण, डीएम ने पेशकार को किया निलंबित

अमन लेखनी समाचार

खुर्जा, बुलंदशहर के खुर्जा तहसील में तत्कालीन तहसीलदार रहे संजय कुमार के पेशकार ने फर्जी हस्ताक्षर करते हुए 177 वादों का अपने स्तर से ही निस्तारण कर दिया। मामला संज्ञान में आने पर बुलंदशहर के जिलाधिकारी सीपी सिंह ने मामला संज्ञान में आने पर आरोपी पेशकार को निलंबित करते हुए फिलहाल विभागीय जांच शुरू कर दी गई है। एसडीएम पूरे मामले की जांच पड़ताल कर रहे हैं। जल्द ही जांच रिपोर्ट डीएम को सौंप दी जाएगी। खुर्जा तहसील में तहसीलदार के पद पर संजय कुमार 13 फरवरी से 30 जून 23 तक रहे। प्रोन्नत होने पर वर्तमान में गोरखपुर जनपद में एसडीएम हैं। संजय कुमार को पता चला कि तहसील खुर्जा के न्यायालय में उनके पदनाम तत्कालीन तहसीलदार के फर्जी हस्ताक्षर कर दाखिल खारिज एवं वारिसान सहित अन्य आदेश पारित किए गए हैं। इसकी शिकायत संजय कुमार ने पहले एसडीएम खुर्जा से की। मामला डीएम के संज्ञान में आने पर गहनता से जांच कराई गई। जांच में तहसीलदार के पेशकार दीपक गोयल को प्रथम दृष्टया दोषी पाया गया। डीएम ने आरोपी पेशकार को निलंबित कर दिया है। बुलंदशहर के जिलाधिकारी सीपी सिंह ने आरोपी पेशकार के खिलाफ एडीएम ई की अध्यक्षता में विभागीय जांच शुरू करवा दी है। वर्तमान में गोरखपुर में सब डिविजनल मजिस्ट्रेट के पद पर तैनात है। तत्कालीन तहसीलदार खुर्जा एवं वर्तमान में गोरखपुर में डिप्टी कलेक्टर संजय कुमार की ओर से आरोपी पेशकार के खिलाफ उनके फर्जी हस्ताक्षर करने में पुलिस थाना में एफआईआर दर्ज कराई जा सकती है। डीएम चन्द्र प्रकाश सिंह ने कहा कि खुर्जा के तत्कालीन तहसीलदार संजय कुमार के फर्जी हस्ताक्षर कर वाद निस्तारित करने की जांच में आरोपी पेशकार को निलंबित करते हुए

खास समाचार

पूर्व एमएलसी दीपक सिंह के विरुद्ध दर्ज हुई मानहानि की रिपोर्ट

अमेठी बचाओ संघर्ष समिति के सत्याग्रह को लेकर कांग्रेस - भाजपा में बढ़ी तकरार

गौरीगंज, अमेठी। संजय गांधी अस्पताल को बंद करने के राज्य सरकार के आदेश के खिलाफ सीएमओ कार्यालय के सामने चल रहा सत्याग्रह गुरुवार को स्थगित रहा। सत्याग्रह की अगुवाई कर रहे कांग्रेस नेता और पूर्व एमएलसी दीपक सिंह के विरुद्ध मुकदमा दर्ज हो गया है।भाजपा के जिला महामंत्री केशव सिंह ने बुधवार को दीपक सिंह के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कराई।गुरुवार को सत्याग्रह स्थगित रहा। बीते दिनों प्रशासन द्वारा संजय गांधी अस्पताल को बंद कराए जाने का मामला तूल पकड़ता जा रहा है।कांग्रेस के पूर्व एमएलसी दीपक सिंह की अगुवाई में सैकड़ों की संख्या में कांग्रेसी सीएमओ कार्यालय पर धरना-प्रदर्शन कर रहे हैं। उनकी मांग है कि अस्पताल को फिर से संचालित किया जाए। इसी बीच पूर्व एमएलसी ने केंद्रीय मंत्री व अमेठी की सांसद स्मृति ईरानी पर ऐसी बयानबाजी कर दी जिससे उनके खिलाफ एफआईआर दर्ज हो गई। दरअसल, दीपक सिंह ने स्मृति ईरानी को पाकिस्तानी कह दिया था। जिसके बाद भाजपा के महासचिव की तहरीर पर दीपक सिंह के खिलाफ कोतवाली में केस दर्ज किया गया। इस मामले के बाद अब राजनीति तेज हो गई है। कांग्रेस यूपी और केंद्र सरकार पर हमलावर है। उसका कहना है कि संजय गांधी अस्पताल के साथ भेदभाव हो रहा है, बदले की भावना से उस पर सरकार ने ताला लगाया है।

नवागत थानाध्यक्ष को चोरों ने दी सलामी

जलालपुरअंबेडकरनगर । बदलते रहे थानेदार किंतु नही रुका चोरों का आतंक।मालीपुर थाना क्षेत्र में आए दिन चोरी का सिलसिला बदस्तूर जारी है। रात गस्त के दावा के बीच पुलिस चोरी पर अंकुश लगाने में नाकाम साबित हो रही है। पुलिस पिकेट पर तैनात पुलिसकर्मियों के बीच से बीते बुधवार को स्थानीय चौराहे पर खड़ी मोटरसाइकिल चोरी कर आसानी से फरार हो गए। पीड़ित ने पुलिस को तहरीर दिया है।बीते बुधवार को खालिसपुर गांव निवासी विनोद यादव अपनी मोटरसाइकिल स्थानीय चौराहे के एक क्लिनिक पर खड़ा कर सवारी गाड़ी से अकबरपुर चले गए।जब लौटे तो बाइक गायब थी।इधर उधर बाइक की खोज कर पीड़ित ने पुलिस को तहरीर दी है।इसी कड़ी में बीते बुधवार रात को खालिसपुर गांव निवासी देवेन्द्र प्रताप सिंह का समसेवल अज्ञात चोरों ने डीलवरी पाइप के साथ चोरी कर लिया।इसके पहले कुलहिया पट्टी गांव निवासी ओंकार शर्मा, करमिसिरपुर के अरुण यादव समेत रूधौली अदाई और हासिमपुर गांव में कई लोगो का हैंडपम अज्ञात चोर खोल ले गए। थानाध्यक्ष प्रियंका पाण्डेय ने बताया कि जल्द ही सभी चोरी का खुलासा किया जायेगा।

ठगी की गई धनराशि को पीड़ित के बैंक खाते में वापस कराया

बहराइच ।पुलिस अधीक्षक प्रशांत कुमार वर्मा द्वारा दिए गए आदेशों व निदेर्शों के अनुपालन में अपर पुलिस अधीक्षक नगर/ नोडल साइबर क्राइम कुंवर ज्ञान्नजय सिंह के कुशल मार्गदर्शन में साइबर सेल जनपद बहराइच द्वारा निरंतर आम जनमानस को साइबर अपराध से बचाव हेतु निरंतर जागरूक किया जा रहा है इसी क्रम में पीड़ित राम गोपाल पुत्र जीवन लाल निवासी चन्दपईया थाना हरदी द्वारा दिल्ली से कोरियर द्वारा कैमरे की बैटरी एवं अन्य इलेक्ट्रॉनिक उपकरण आर्डर किया गया था उसके दूसरे दिन अज्ञात मोबाइल नंबर से उसके पास फोन आया और कोरियर वेरीफिकेशन के नाम पर वादी के मोबाइल नंबर पर लिंक भेज कर उसके खाते से रु0 21185.00 की धनराशि स्थानांतरित कर फ्रॉड कर लिया गया। इसके बाद पीड़ित रामगोपाल उपरोक्त द्वारा साइबर हेल्पलाइन नंबर-1930 पर अपनी शिकायत दर्ज कराई गई एवं इस संबंध में थाना हरदी पर मु0अ0स0 97/2023 धारा 67 आई0टी0 एक्ट पंजीकृत कर विवेचना साइबर इन्वेस्टिगेशन सेल में नियुक्त रामसमुझ प्रभाकर द्वारा प्रारंभ की गई विवेचना के क्रम में साइबर सेल की मदद से पीड़ित के खाते से फ्रॉड कर स्थानांतरित कराए गए कुल रुपया 21185-/ की छठ प्रतिशत पीड़ित के बैंक खाते में वापस कराई गई पीड़ित ने बहराइच पुलिस का धन्यवाद दिया।

संयुक्त टीम ने 195 लीटर नेपाली कच्ची शराब किया बरामद

रुपईडीहा ,बहराइच। 42वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल की सीमा चौकी शिवपुर मोहनिया व रुपईडीहा पुलिस की संयुक्त टीम बीती रात उप कमांडेंट अनिल कुमार यादव के निर्देशन में सीमा स्तम्भ संख्या 654/01 के समीप 15 मीटर भारतीय क्षेत्र में कुछ दूरी पर गश्त कर रहे थे तभी नेपाल से भारत की तरफ 2 संदिग्ध व्यक्ति साइकिल पर लदी पलास्टिक की भरी बोरी के साथ भारत की तरफ आते हुए दिखाई दिए। गश्ती टीम को देखते ही दोनो शराब तस्कर अपनी साइकिल पर लदी भरी बोरी को उसी स्थान पर फेंक कर नेपाल की तरफ भागने लगे। गश्ती दल के द्वारा दोनों अभियुक्तों को पकड़ने का काफी प्रयास किया गया परंतु जब तक वे नेपाल में दाखिल हो गए। मौके पर गश्ती दल के द्वारा भरी बोरी को चेक किया गया जिसमे से कुल 195 पैकेट कच्ची नेपाली शराब और 2 साइकिल बरामद किया गया। बरामद कच्ची शराब व 2 साइकिल को सभी आवश्यक औपचारिकता विधिवत रूप से पूर्ण करने के उपरांत थाना रूपईडीहा पुलिस को अग्रिम कार्रवाई हेतु सुपुर्द कर दिया गया। शराब बरामद करने वाली टीम में एसएसबी के सहायक उप निरीक्षक अरुण कुमार, मुख्य आरक्षी वीर सिंह सैनी, आरक्षी भूपेंद्र विस्ट, मुकेश कुमार, प्रवीण कुमार व रुपईडीहा पुलिस के उप निरीक्षक अश्वनी कुमार पाण्डेय, का0जतिन कुमार, शशांक कुमार शामिल रहे। 42वी वाहिनी सशस्त्र सीमा बल के कमांडेंट गंगा सिंह उदावत के द्वारा बताया गया है की भारत नेपाल सीमा पर बढ़ते अवैध शराब की तस्करी की रोकथाम के लिए हमारे जवानो द्वारा 24 घंटे सीमा पर चौकसी बरती जा रही है, तथा बताया गया की शराब से न केवल मनुष्य के शारीर बल्कि उसका पैसा परिवार पारिवारिक सुख -चैन सभी का नुकसान होता है। इसको पूर्ण रूप से लगाम लगाने के लिए जनता से अपील की गई की शराब की अबैध तस्करी, बिक्री, निष्कर्षण पर रोक लगाने के लिए नेपाल सीमा पर तैनात एसएसबी को अधिक से अधिक सहयोग दे। तभी यह शराब के कारोबार में बिराम लग सकता है ।

कचीर में आज निकाली जायेगी भव्य जलविहार शोभायात्रा

अमन लेखनी समाचार

कचीर, गरौठा। गरौठा के ग्राम कचीर में आज शुक्रवार को श्री राम राजा सरकार हनुमान मंदिर से जलविहार की भव्य शोभायात्रा निकाली जायेगी। मंदिर के पुजारी पंडित दिनेश तिवारी ने बताया की शोभायात्रा का शुभारम्भ सुबह 10:00 बजे से श्री राम राजा हनुमान मंदिर से किया जायेगा।इसके बाद सम्पूर्ण ग्राम का भ्रमण करते हुए शोभायात्रा का समापन मंदिर पर ही होगा।रात्रि में सुंदर कलाकारों द्वारा भजन संध्या का भव्य कार्यक्रम आयोजित किया जायेगा।कार्यक्रम का आयोजन श्री रामराजा सरकार कमेटी के द्वारा समस्त ग्राम वासियों के सहयोग से किया जायेगा।

स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण की समीक्षा किया: जिलाधिकारी शैलेंद्र कुमार सिंह

मथुरा । स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण शासन की सर्वोच्च प्राथमिकता की योजना है ।जिलाधिकारी शैलेंद्र कुमार सिंह ने व्यक्तिगत शौचालय, ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबंधन, केयर टेकर का समय से मानदेय भुगतान, सामुदायिक शौचालय ,पंचायत सचिवालय से चल रहे जन सुविधा केंद्र के प्रगति की समीक्षा की ।जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि सभी ग्राम पंचायत में सामुदायिक शौचालय पर स्वयं सहायता समूह की तैनाती हो जाए तथा ग्राम प्रधान एवं सचिव निर्धारित समय पर मानदेय का भुगतान अवश्य करें।

सांसद खेल प्रतियोगिता का शुभारंभ ,न्याय पंचायत स्तर पर कार्यक्रम आयोजित

अमन लेखनी समाचार

मुसाफिरखाना, अमेठी। स्थानीय ब्लाक के सभी नौ न्याय पंचायतों धरौली, जमुवारी, पिंडारा महाराज सुरपुर काशीपुर , गुन्नौर के मठा भुसुंडा, दादरा, नारा अढनपुर के गंगेरवा, गाजनपुर दुवरिया, रसूलाबाद के चितईपुर और भनौली के खेल मैदान पलिया पूरब में हुआ।विभिन्न स्थानों पर आयोजित कार्यक्रमों के उद्घाटन समारोह में स्थानीय भाजपा कार्यकताओं ने हिस्सा लिया।विजेता टीमों को पुरुस्कार वितरण भाजपा जिलाध्यक्ष राम प्रसाद मिश्र ने किया ।उन्होंने प्रतिभागियों को पुरस्कृत करते हुए कहा कि सांसद खेल कूद प्रतियोगिता के न्याय पंचायत स्तर पर आयोजन से गांवों में प्रतिभाओं को आगे लाना है ।उन्होने ऐसे आयोजनों को आवश्यक बताते हुए कहा कि व्यक्ति के व्यक्तित्व के विकास के लिए नियमित रूप से खेल कूद कार्यक्रमों के आयोजन होने चाहिए ।

दादरा न्याय पंचायत में आयोजित प्रतियोगिता का शुभारंभ भाजपा मंडल अध्यक्ष महेंद्र मिश्रा व जिला सह मीडिया प्रभारी अरुण मिश्रा संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। ग्राम प्रधान दादरा संदीप सिंह तथा ग्राम प्रधान चंदीपुर संतोष यादव के साथ खिलाड़ियों का परिचय प्राप्त किया ।वही गंगेरवा में आयोजित प्रतियोगिता का उद्घाटन भाजपा नेता सुरेश तिवारी ने किया । जहां आयोजित बोलीबॉल में कादीपुर की टीम विजई हुई , वही कबड्डी में पूरे ठकुराइन की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए मैच जीता ।आयोजक अमित यादव व करन यादव सहित अन्य युवाओं ने किया ।दादरा में पहला मैच ग्राम रंजीतपुर व दादरा की टीमों के मध्य खेला गया ।वही गुन्नौर में में आयोजित खेल प्रतियोगिता में मठा भुसुंडा में जीत हासिल की निर्णायक मंडल में विवेक मिश्र हरि प्रसाद यादव निर्मल कुमार पवन कुमार ने निभाई ।प्रतियोगिता का शुभारंभ करते हुए मंडल अध्यक्ष ने कहा की खेल से हमेशा प्रतिभाओं का विकास होता है इस तरह के आयोजन से ग्रामीण स्तर पर युवाओं का प्रोत्साहन होता है तथा प्रतिभाएं आगे निकल कर आती है युवाओं को संबोधित करते हुए जिला सह मीडिया प्रभारी अरुण मिश्रा ने कहा की दीदी स्मृति ईरानी अमेठी के विकास के संदर्भ में लगातार चिंता कर रही हैं और वह क्षेत्र का चौमुखी विकास चाहती हैं इसी के क्रम में युवाओं में प्रतिभा का विकास हो सांसद खेल प्रतियोगिता का आयोजन पूरे लोकसभा में किया जा रहा है जिसमें हजारों खिलाड़ी हिस्सा ले रहे हैं अमेठी के इतिहास में ऐसा पहली बार हो रहा है कि किसी सांसद ने इतनी बड़ी प्रतियोगिता का आयोजन प्रतिभाओं को निखारने के लिए किया खेल में कोई हारता है ना कोई जीता है फल के खिलाड़ी लगातार सकता है इस प्रतियोगिता में बहुत खिलाड़ी खेलेंगे परंतु अमेठी का युवा विजई होगा उक्त अवसर पर कार्यक्रम की व्यवस्था देख रहे जीत बहादुर सिंह व शैलेंद्र प्रताप सिंह ने भी युवाओं को संबोधित किया कार्यक्रम में मुख्य रूप से गिरेंद्र सिंह पवन यादव जयविंद सिंह रघुवंश मिश्र,व सैकड़ों ग्राम वासी उपस्थित रहे। भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष राम प्रसाद मिश्र ने गंगेरवा व दादरा न्याय पंचायत में पहुंचकर विजेता टीम को प्रमाण पत्र प्रदान करते हुए मेडल पहनाकर सम्मानित किया ।कार्यक्रमों में तारकेश्वर सिंह दिनेश कुमार कनौजिया मोहम्मद असगर मनोज कुमार मौर्य शमीम अंसारी संतोष यादव अतुल कुमार सर्वेश कुमार यादव मुकेश पाल सुजल सिंह प्रभात शुक्ला अंशु तिवारी सहित अन्य लोगों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया।

अटेवियंस नई दिल्ली के रामलीला मैदान के लिए रवाना

अमन लेखनी समाचार

अमेठी। पुरानी पेंशन की बहाली के लिए चल रहे आंदोलन में आरपार की लड़ाई लडने के लिए अटेवियंस नई दिल्ली के रामलीला मैदान के लिए रवाना हो गए हैं। जिले से पांच सौ से अधिक शिक्षक और राज्य कर्मचारी ट्रेनों और बसों से दिल्ली जा रहे हैं।नई दिल्ली जाने वाली काशी विश्वनाथ नाथ एक्सप्रेस और पद्मावत एक्सप्रेस से सबसे अधिक संख्या में लोग रामलीला मैदान नई दिल्ली गये हैं। गुरुवार को सोशल मीडिया पर रामलीला मैदान नई दिल्ली में अटेवा और एन ओ? पी एस के अध्यक्ष विजय कुमार बंधु के नेतृत्व में आयोजित पेंशन शंखनाद रैली में शिक्षकों और कर्मचारियों का गमन सुर्खियों में रहा। जिले से आंदोलनकारियों की अगुवाई अटेवा के जिला संयोजक मंजीत यादव और महामंत्री अजय कुमार मौर्य कर रहे हैं। मंजीत यादव ने कहा कि सरकार लाख कोशिश करें, हमारे कदम पीछे नहीं हट सकते। पेंशन के लिए एक देश में दो विधान नहीं चल सकता। पुरानी पेंशन से कम हमें कुछ भी मंजूर नहीं है। तीन राज्यों के विधानसभा चुनाव और 2024 के लोक सभा चुनाव में पुरानी पेंशन सबसे बड़ा चुनावी मुद्दा होगा। जो पुरानी पेंशन लागू करेगा, वही देश पर राज करेगा। निजीकरण भारत छोड़ो हमारा नारा है। पुरानी पेंशन की लड़ाई में

अटेवियंस कोई भी कुबार्नी देने को पूरी तरह तैयार हैं। पूर्व माध्यमिक शिक्षक संघ के जिला अध्यक्ष अब्दुल रसीद ने कहा कि समय नजदीक है, सरकार अब बहुत दिनों तक शिक्षकों और कर्मचारियों की मांग को टाल नहीं सकती, पुरानी पेंशन की लड़ाई विजय कुमार बंधु के नेतृत्व में ही जीती जायेगी। अटेवा की राज्य कमेटी की सदस्य नीलम त्रिपाठी और सुमन सिंह ने कहा कि पुरानी पेंशन की लड़ाई में अब महिलाएं पीछे नहीं हैं।एक अक्टूबर की शंखनाद रैली ऐतिहासिक होगी ।

रोशनी से जगमगाया नानपारा, ईदों की ईद जश्ने ईद मिलादुन्नबी धूमधाम से मनाया गया

अमन लेखनी समाचार

नानपारा, बहराइच । नानपारा हर साल की तरह इस साल भी नानपारा नगर में जश्ने ईद ए मिलादुन्नबी धूमधाम से मनाया गया दुनिया भर के मुसलमान के लिए यह खास दिन है इसी दिन अल्लाह के दूत यानी आखरी नबी पैगंबर हजरत मोहम्मद साहब का जन्म हुआ जन्मदिन को ईद मिलादुन्नबी या ईद ए मिलाद के रूप में मनाते हैं। इसे ईदो का ईद भी कहा जाता है इस्लामिक कैलेंडर के मुताबिक यह त्यौहार रबी उल अव्वल की 11 तारीख व 12 तारीख को मनाया जाता है ईद मिलादुन्नबी के मुबारक मौके पर नानपारा की गलियों व जुलूस निकालने वाले रास्तों को और मस्जिदों को राजा मस्जिद को रंग बिरंगी लाइट से सजाया गया। इसके साथ ईद मिलादुन्नबी को लेकर नानपारा के मोहल्ले तोपखाने से अपने परंपरागत तरीके से जुलूस ए मोहम्मदी का आगाज किया गया यहीं से जुलूस की शुरूआत हुई। जुलूस बाद नमाज इशा के बाद नात दरूदो सलाम पेश करते हुए।जुलूस निकाला गया नगर चौक बाजार से कई जगह के जुलूसे मोहम्मदी राजा मस्जिद व अन्य जगह के जुलुस शामिल हुए। जो पूरी रात शहर व गलियों में घूमता रहा साथी पुलिस बल की मौजूदगी में सुरक्षा के मदेनजर नजर कोतवाल नानपारा हेमंत कुमार गौड़ अपनी टीम के साथ जुलूस में साथ-साथ चलते रहे। जुलूस में शामिल नबी के दीवानों के काफिलो का नगर पालिका अध्यक्ष नानपारा अब्दुल वहीद ने फूल बरसा कर स्वागत किया। पत्ती-पत्ती फूल फूल या रसूल या रसूल, सरकार की आमद मरहबा, दिलदार की आमद मरहबा, नारे तकबीर अल्लाह हू अकबर, के नारों से शहर गूंज गया जुलूस में शामिल बच्चों के हाथों में इस्लामी कलमा व संदेश लिखा हुआ था जिसके द्वारा शांति का पैगाम दिया गया था इसके साथ अकीदतमंदो ने घरों में कुरान ख्वानी और मिलाद का प्रोग्राम आयोजित किया गया साथ ही साथ नानपारा के करीब गांव सिलेटनगंज, गुलालपुरवा, अल्ताफ पुरवा, सेन मढैया, फुलवरिया में भी जुलूस निकाला गया।

मौलाना मोइनुद्दीन कादरी ने बताया आज 11 रवि अव्वल 12वी के शब आज की रात हमारे शहर नानपारा मे हुजूर नबी ए रहमत सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम की विलादत का जुलूस निकाला गया यह तकरीबन 65 साल पहले से जुलूस निकलता आ रहा है यह अपनी सादकाये रिवायत के साथ इससाल भी 11 रबि अव्वल 12वीं की शब में यह जुलूस निकाला है। पूरी रात पूरा दिन तक के शहर में गश्त करता रहेगा और फिर शाम को असर नमाज से पहले इसका एहतमाम किया जाएगा। नगर पालिका अध्यक्ष नानपारा अब्दुल वाहिद ने बताया की समय से गणेश पूजा का प्रोग्राम था वह भी आराम से निपट गया और 12 रबि अव्वल का जुलूस के सभी ठेले मोहल्ला तोपखाने में इकट्ठा हुए और तोपखाने से अपने टाइम से वह निकले हैं रास्तों की साफ सफाई की गई है नगर पालिका की तरफ से जहां पर रोड में गड्ढे थे उसे रोड को गड्ढा मुक्त किया गया है मुख्यमंत्री का आदेश था उसका पालन किया गया जुलूस को संपन्न कराने में मुख्य रूप से मौलाना मोइनुद्दीन कादरी, सै0अब्दुल वली, शकील अंसारी, नदीम चौधरी, सभासद समीउल्लाह खान शोएब, शमीम अहमद, मुन्ना कुरैशी, नसरुद्दीन, पूर्व चेयरमैन अब्दुल मोहद राजू, सै0गुलजार वासिफ अजमी, सै0 रेहान, हाजी चाँद आदि लोग शामिल रहे।

लता मंगेशकर इवेंट कंपनी का हुआ भव्य शुभारंभ

कई वर्षों के परिश्रम का फल है लता मंगेशकर इवेंट कंपनी: सपना संदीप सरावगी

अमन लेखनी समाचार

झांसी। इलाइट चौराहा स्थित प्रकाश रेजिडेंसी होटल में लता मंगेशकर इवेंट कंपनी का भव्य शुभारंभ हुआ। सर्वप्रथम अतिथि सपना संदीप सरावगी का कार्यक्रम के आयोजक एवं लता मंगेशकर इवेंट कंपनी के डायरेक्टर अभिषेक गौतम ने मोती की माला पहनाकर एवं पुष्प गुच्छ भेंट कर स्वागत किया। स्वागत पश्चात गणेश प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन किया गया।इसके पश्चात फीता काटकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम में अतिथि सपना संदीप सरावगी एवं डॉ० नीति शास्त्री ने लता मंगेशकर के चित्र पर पुष्प अर्पित किए। इवेंट कंपनी के डायरेक्टर अभिषेक गौतम ने भारत रत्न स्वर कोकिला लता मंगेशकर को याद करते हुए उनके संगीत एवं देश के प्रति प्रेम के बारे में बताया। कार्यक्रम में नन्हे मुन्ने बच्चों ने डांस किया। तो वहीं कंपनी के डायरेक्टर अभिषेक गौतम ने भारत रत्न स्वर कोकिला लता मंगेशकर के गाने गाकर माहौल संगीतमय में कर दिया। इस अवसर पर सपना संदीप सरावगी ने कंपनी के डायरेक्टर अभिषेक गौतम को बधाई देते हुए कहा कि बुंदेलखंड में कई इवेंट कंपनियां है , जो हर प्रकार के कार्यक्रम संपन्न कराती है लेकिन लता मंगेशकर इवेंट कंपनी एकमात्र ऐसी कंपनी है जो 33 प्रकार के विभिन्न प्रकार कार्यक्रमों को संपन्न करा सकती है कंपनी के डायरेक्टर अभिषेक गौतम लगातार कई वर्षों से विभिन्न आयोजनों में सम्मिलित होकर अपनी सेवाएं देते आ रहे हैं, वास्तविकता में कई वचन कई वर्षो के परिश्रम का फल है लता मंगेशकर इवेंट कंपनी, इस इवेंट कंपनी के खुलने से लोगों को आयोजन कराने में काफी सुविधा होगी। इस अवसर पर इस अवसर पर अतिथि डॉ० नीति शास्त्री, वरिष्ठ पत्रकार शीतल प्रसाद तिवारी, डांसर एवं कोरियोग्राफर अमर चिक सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

एसपी ने गणेश चतुर्थी प्रतिमा विसर्जन, बारावफात के जूलूस को लेकर सुरक्षा व्यवस्था का लिया जायजा

अमन लेखनी समाचार

अमेठी। पुलिस अधीक्षक अमेठी द्वारा त्यौहार गणेश चतुर्थी प्रतिमा विसर्जन, बारावफात के जूलूस के दृष्टिगत जनपद में भ्रमणशील रहकर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया गया आज पुलिस अधीक्षक अमेठी द्वारा शांति, सुरक्षा कानून व्यवस्था व त्यौहार गणेश चतुर्थी प्रतिमा विसर्जन, बारावफात के जूलूस के दृष्टिगत जनपद भ्रमण के दौरान कस्बा जायस, जगदीशपुर का भ्रमण कर कानून एवं सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया गया तथा शान्ति व सौहार्दपूर्ण तरीके से मिलजुलकर त्यौहार मनाने, अफवाहों पर ध्यान न देने की अपील की गयी। ड्यूटी में लगे अधि0/कर्म0गण को सतर्कता पूर्वक ड्यूटी करने व त्यौहार को सकुशल संपन्न कराने के संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए । इस दौरान अपर पुलिस अधीक्षक अमेठी हरेन्द्र कुमार, क्षेत्राधिकारी तिलोई अजय कुमार सिंह व अन्य अधि0/कर्म0गण मौजूद रहे ।

आंखों की रोशनी प्रदान करना सबसे बड़ा पुण्य कार्य - मुन्ना सिंह

अमन लेखनी समाचार

तिलोई, अमेठी । नेत्र ज्योति प्रदान करना बहुत ही पुण्य का कार्य है। उक्त उद्गार ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि कृष्ण कुमार सिंह उर्फ मुन्ना सिंह ने मोहनगंज स्थित सबा अस्पताल में आयोजित निःशुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर के शुभारंभ के अवसर पर व्यक्त किए।इस अवसर पर मुन्ना सिंह ने सबा अस्पताल के संचालक डॉ मोहम्मद रिजवान खान का नेत्र शिविर के आयोजन पर आभार व्यक्त किया । उक्त अवसर पर मुख्य अतिथि मुन्ना सिंह ने कहा कि नेत्र रोगियों को सबा अस्पताल ने एक नेक संदेश दिया है यहां आप सभी का सही व स्वस्थ इलाज किया जाएगा। इस अवसर पर लगभग 200 नेत्र रोगियों का ब्लड प्रेशर , शुगर , पल्स की जांच के उपरांत कंप्यूटराइज मशीन से आंखों का नेत्र अर्जन के द्वारा निः शुल्क परीक्षण किया गया तथा दवाइयां भी निःशुल्क वितरित की गई लगभग दो दर्जन से अधिक लोगों को चश्मा बनाया जायेगा वी 26 मरीजों को मोतियाबिंद के ऑपरेशन के लिए चिह्नित करते हुए उन्हें ऑपरेशन की सलाह दी गई मरीज को बताया गया की आयुष्मान कार्ड धारकों के मरीजों का निःशुल्क ऑपरेशन सबा अस्पताल में किया जाएगा।इस अवसर पर सबा अस्पताल के संचालक मोहम्मद रिजवान खान ने मुख्य अतिथि मुन्ना सिंह का तहे दिल से शुक्रिया अदा किया ।उद्घाटन अवसर पर सेमरौता के ग्राम प्रधान देवी शरण वाजपेई, पूर्व बीडीसी फैय्याज अहमद, प्रेस क्लब के संरक्षक बैजनाथ मिश्रा सहित तमाम लोजी मौजूद रहे।

टेंडर के फेर में फंसी बच्चों के स्वास्थ्य की जांच

अमन लेखनी समाचार

शुकुल बाजार ,अमेठी। राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत बच्चों के सेहत की जांच का मामला अधिकारियों की लचर पैरवी में फंसा है। स्कूलों व आंगनवाड़ी केंद्रों पर पढ़ रहे बच्चों के स्वास्थ्य की स्क्रीनिंग के लिए टीम हैं लेकिन, स्कूलों तक पहुंचें कैसे, यह एक बड़ा सवाल है। दरअसल, टीमों को भेजने के लिए विभाग के पास वाहन ही नहीं है। जिले के 13 ब्लॉकों में मोबाइल हेल्थ टीमगठित है। टीमों को स्कूलों व आंगनबाड़ी केंद्रों पर जाकर बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण करना है। यदि कोई बच्चा बीमार पाया जाता है तो तत्काल इलाज का प्रबंध किया जाना है। इसके लिए सीएचसी से लेकर जिला स्तर तक प्रबंध किए गए हैं। खास बात यह है कि बच्चों से जुड़े इस मुद्दे को लेकर भी अधिकारी गंभीर नहीं है। टीमों को स्कूलों तक जाने के लिए वाहन का टेंडर नहीं हो सका है। मौजूदा वित्तीय वर्ष को छमाह बीतने को है लेकिन, टेंडर प्रक्रिया पूरी नहीं की जा सकी है। इस कार्यक्रम के अंतर्गत नियुक्त संविदा स्टाफ वाहन न होने का बहाना बताकर अपनी प्राइवेट प्रैक्टिस करने लगे हैं। उच्च अधिकारी हैं कि वह इस दिशा में कोई सार्थक कदम नहीं उठा रहे हैं ।यहां डा. संजय शुक्ल, डा. भूपेश सिंह, डा. विनीत कुमार, डा. दिनेश प्रकाश तिवारी नेत्र सहायक आकाश श्रीवास्तव व कार्तिका श्रीवास्तव और दो के स्थान पर मात्र एक एएनएम मालती की नियुक्ति है। चार-चार स्टाफ की दो टीमें बनाई गई हैं जिन्हें प्रतिदिन 240 बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण किए जाने का लक्ष्य रखा गया है किंतु यह टीम पिछले एक वर्ष से निष्क्रिय पड़ी है।

अमन लेखनी
(हिन्दी दैनिक)

स्वामी, प्रकाशक एवं मुद्रक श्रीमती अखिलेश सिंह द्वारा अवध एक्सप्रेस प्रकाशन, 434, सिविल लाइन, जेल रोड, उन्नाव, उत्तर प्रदेश से मुद्रित और ग्राम व पोस्ट-बनी, थाना- बन्थरा, लखनऊ-226401 (उ.प्र.) से प्रकाशित।

सम्पादक –
श्रीमती अखिलेश सिंह

समाचार सम्पादक –
रुद्र प्रताप सिंह

समाचार से संबंधित सभी विवादों का न्यायिक क्षेत्र लखनऊ होगा।

मो. - 9838159555, 9935457982

E-mail address
amanlekhaninews@gmail.com

रणबीर कपूर

के जन्मदिन पर फैंस को मिला बड़ा तोहफा

रणबीर कपूर की फिल्म एनिमल अपने एलान के बाद से ही सुर्खियों में है। फिल्म से जारी हो चुके अभिनेता के लुक ने फैंस के उत्साह को पहले से ही बढ़ाया हुआ है। वहीं, अब आरके के जन्मदिन के खास अवसर पर इसका धमाकेदार टीजर जारी कर दिया गया है। टीजर से साफ हो रहा है कि मूवी में खूनी एक्शन, रोमांच और थ्रिलर तीनों देखने को मिलेगा। तू झूठी मैं मक्कार के बाद एनिमल रणबीर की वर्ष की दूसरी रिलीज है, जिसका टीजर सिनेमाघरों में एक गहन अनुभव का वादा करता है। रणबीर कपूर ने निर्देशक संदीप रेड्डी वांगा के साथ अपने पहले सहयोग को चिह्नित करते हुए फिल्म को लाइमलाइट में ला दिया है। एनिमल में रणबीर कपूर के अलावा रश्मिका मंदाना, अनिल कपूर और बॉबी देओल जैसे सितारे मुख्य भूमिकाओं में हैं। टीजर को देखकर साफ हो रहा है कि फिल्म में रणबीर, एक ऐसे व्यक्ति की भूमिका में हैं जो जो अपने पिता द्वारा भावनात्मक और शारीरिक रूप से प्रताड़ित होता है, लेकिन इससे डरता नहीं है। टीजर में दिखाया गया है कि रणबीर का किरदार बड़ा होकर एक गैंगस्टर बनता है, और उसका सामना भगवान यानी बॉबी देओल से होता है। रणबीर कपूर अभिनीत फिल्म एनिमल 1 दिसंबर को सिनेमाघरों में दस्तक देने वाली है। फिल्म मूल रूप से अगस्त में रिलीज होने वाली थी। साथ ही इसकी टक्कर सनी देओल की गदर 2, अक्षय कुमार की ओएमजी 2 और रजनीकांत की जेलर से होनी थी। हालांकि, निर्देशक संदीप रेड्डी वांगा ने फिल्म को दिसंबर तक टालने का फैसला किया क्योंकि फिल्म का पोस्ट प्रोडक्शन अधूरा था। एनिमल प्री-टीजर जुलाई में जारी किया गया था, जिसमें रणबीर कपूर गुंडों की पिटाई करते नजर आए थे। उन्हें खून से लथपथ देखा गया, जिससे संकेत मिलता है कि प्रशंसक उन्हें पहले कभी नहीं देखे गए अवतार में देखेंगे। वहीं, फिल्म की देरी पर निर्देशक संदीप रेड्डी वांगा ने चुप्पी तोड़ते हुए कहा था, हम 11 अगस्त को फिल्म रिलीज क्यों नहीं कर पा रहे हैं? इसका एकमात्र कारण गुणवत्ता है। यह एक सामान्य उत्तरकी तरह लग सकता है लेकिन तथ्य केवल गुणवत्ता का है... उदाहरण के लिए, फिल्म में सात गाने हैं, जब सात गानों को पांच भाषाओं में गुणा किया जाता है तो यह 35 गाने बन जाते हैं। 35 गाने, गीतकारों का अलग सेट, गायकों का अलग सेट, मैंने वास्तव में जो योजना बनाई थी उससे थोड़ा अधिक समय लगने वाला है।



रवीना टंडन

ने उठाया इंडस्ट्री के काले राज पर से पर्दा

मस्त मस्त गर्ल के नाम से मशहूर रवीना टंडन की खूबसूरती से लेकर फिटनेस तक की जितनी तारीफ की जाए उतनी कम है। यह अभिनेत्री की काबिलियत है, जो उनके दीवाने इंडस्ट्री से लेकर देश तक में खूब हैं। इन दिनों लगातार सुर्खियों में बनी हुई रवीना टंडन ने हाल ही में इंडस्ट्री में अपने संघर्ष के दिनों को याद किया। अपनी अदाओं से सभी को घायल करने वाली अभिनेत्री ने यह भी खुलासा किया कि उनके साथ भी इंडस्ट्री में राजनीति हुई थी और उन्हें भी रिप्लेस किया गया था। रवीना टंडन ने करिश्मा कपूर को लेकर भी खुलकर बात की है। एक्ट्रेस रवीना टंडन दशकों से फिल्म इंडस्ट्री में काम कर रही हैं। अपने करियर में उन्होंने हिंदी फिल्मों के साथ-साथ साउथ और वेब सीरीज में भी काम किया है। सभी उनके अभिनय की तारीफ करते नहीं थकते हैं, लेकिन आपको जानकर हैरानी होगी कि रवीना को भी भेदभाव का सामना करना पड़ा है। यह बात हम नहीं कह रहे हैं बल्कि एक इंटरव्यू में खुद रवीना टंडन ने इसका खुलासा किया है। रवीना ने बताया कि इंडस्ट्री के लोगों ने उनके खिलाफ खूब राजनीति की थी। एक मीडिया संस्थान से बात करते हुए रवीना ने बताया कि वह कैसे उन भूमिकाओं से चूक गईं, जो बाद में तब्बू और करिश्मा कपूर जैसी अभिनेत्रियों को दी गईं। उन्होंने कहा, मैंने हमेशा हेल्दी कॉम्पीटिशन में विश्वास किया है क्योंकि इससे आपका बेस्ट टैलेंट बाहर आता है। लेकिन मैं कट्टर इंसान नहीं हूं, कोई यह नहीं कह सकता कि रवीना ने मुझे किसी प्रोजेक्ट से निकलवा दिया या रवीना ने किसी न्यूकमर के साथ काम करने से मना कर दिया। मैंने कभी भी उस तरह की राजनीति और गुटबाजी नहीं की, लेकिन दूसरों ने खुलेआम मेरे खिलाफ राजनीति की है। अपनी बात को आगे बढ़ाते हुए रवीना टंडन ने कहा, मुझे डेविड धवन और गोविंदा के साथ साजन चले ससुराल फिल्म के लिए फाइनल किया गया था और उन्होंने मुझे यह बाद में बताया। मैंने विजयपथ भी साइन कर ली थी, लेकिन मुझसे फिल्म छूट गई। बता दें, साजन चले ससुराल 1996 में रिलीज हुई थी और यह उस साल की सबसे बड़ी हिट फिल्मों में से एक थी। फिल्म में करिश्मा कपूर और गोविंदा मुख्य भूमिका में थे। आपको बता दें, कुछ समय पहले यह खबर आई थी कि अंदाज अपना-अपना की शूटिंग के दौरान भी करिश्मा और रवीना के बीच अनबन थी। इस बारे में बात करते हुए रवीना टंडन ने एक इंटरव्यू में कहा था, देखिए, आप हर किसी के साथ दोस्ती नहीं कर सकते हैं, है ना? और आज, मुझे यह कहते हुए खुशी हो रही है कि करिश्मा और मैं तब बच्चे थे। वर्कफ्रंट की बात करें तो रवीना को आखिरी बार वन फाइडे नाइट में देखा गया था।

बॉलीवुड

स्टार भारत के शो सावधान इंडिया की मेजबानी करेंगे पंकज त्रिपाठी!

स्टार भारत अपने प्रमुख शो सावधान इंडिया के बहुप्रतीक्षित नए सीजन को क्रिमिनल डिकोडेड कई खतरनाक अपराधों से सतर्क और जागरूक करने के लिए चैनल पर अपनी सनसनीखेज दस्तक दे चुका है। वहीं साल 2012 से ही सावधान इंडिया शो को होस्ट करने वाले एक्टर सुशांत सिंह अब घर-घर में पहचान बन चुके हैं। इसलिए इस सीजन में भी शो की विरासत को आगे बढ़ाते हुए वे इस शो को होस्ट करते नजर आ रहे हैं। वहीं मीडिया सूत्र के अनुसार खबर यह आ रही है कि सावधान इंडिया - क्रिमिनल डिकोडेड के कुछ खास एपिसोड्स को होस्ट करने के लिए पंकज त्रिपाठी को अप्रोच किया गया है। सावधान इंडिया - क्रिमिनल डिकोडेड शो के सेट पर मौजूद सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार, हिंदी सिनेमा जगत में अपने अभिनय के लिए मशहूर एक्टर पंकज त्रिपाठी के टैलेंट को देखते हुए चैनल ने उन्हें इस शो के कुछ खास सनसनीखेज आपराधिक मामलों से जुड़े एपिसोड को होस्ट करने के लिए अप्रोच किया गया है। इन एपिसोड्स में कुछ दिल को दहला देने वाली वास्तविक घटनाओं का नाटकीय चित्रण दिखाया जाएगा, जिससे न सिर्फ दर्शक सचेत होंगे बल्कि क्रिमिनल की मानसिकता को भी भांप सकेंगे। हालांकि अभी इस बात की किसी भी प्रकार की आधिकारिक घोषणा नहीं हुई है।

वहीं, 'सावधान इंडिया' के नए सीजन के बारे में सुशांत सिंह कहते हैं, 'खबरों में आजकल हम जो अपराध की कहानियां देखते हैं, वे आपको झकझोर कर रख सकती हैं। जो घटनाएं कभी सालों में एक बार सुनने को मिलती थीं वे अब दुर्भाग्य से हमारे समाज में लगातार होने वाली घटनाएं बन गई हैं। इन प्रवृत्तियों पर अंकुश लगाना और जागरूकता बढ़ाना महत्वपूर्ण है।' वह कहते हैं, 'मैं सावधान इंडिया क्रिमिनल डिकोडेड के आगामी सीजन का हिस्सा बनकर बहुत उत्साहित हूं। मुझे ऐसे लोगों से संदेश मिलते रहते हैं जिन्हें हमारे शो के द्वारा सतर्क रहने की सीख मिली है। इस सीजन में हमारा लक्ष्य आपराधिक गतिविधियों में गहराई से उतरना, नए दृष्टिकोण की खोज करना और गलत काम करने वालों के मनोविज्ञान में गहराई से झांकना है। इस शो के माध्यम से, मैं एक बार फिर लोगों को आपराधिक कृत्यों से बचाने के लिए समर्पित हूं।' 'सावधान इंडिया क्रिमिनल डिकोडेड' का प्रसारण 26 सितंबर से हर सोमवार से शनिवार, रात 10.30 बजे स्टार भारत चैनल पर होने जा रहा है।

बॉलीवुड

डंकी 22 दिसंबर को होगी रिलीज

अभिनेता शाहरुख खान ने बताया कि उनकी फिल्म डंकी पूरी हो चुकी है और यह काफी मजेदार व भावनात्मक फिल्म है। लगातार दो फिल्म जवान और पठान की सफलता से गदगद खान ने बुधवार को एक्स पर प्रशंसकों के साथ प्रश्नोत्तर सत्र के दौरान कई सवालों के जवाब दिए। इस दौरान प्रशंसकों ने निर्देशक राजकुमार हिरानी के साथ खान की पहली फिल्म डंकी के बारे में सवाल पूछे। फिल्म के बारे में एक प्रशंसक के सवाल पर खान (57) ने लिखा, डंकी पूरी हो चुकी है और यह काफी अच्छी फिल्म है। डंकी में अभिनेत्री तापसी पन्नू ने भी अभिनय किया है। हिरानी, अभिजात जोशी और कनिका ढिल्लों की लिखी यह फिल्म 22 दिसंबर को रिलीज होगी। एक प्रशंसक ने खान से पूछा कि क्या डंकी में पठान और जवान की तरह एक्शन सीन होंगे, तो उन्होंने कहा, डंकी काफी मजेदार और भावनात्मक फिल्म है। यह राजू सर की दुनिया है मेरे भाई। थोड़ा सा एक्शन मैंने डाल दिया है...पता नहीं सर रखें या न रखें... वो एडिटर भी हैं न। एक प्रशंसक ने पूछा कि डंकी क्रिसमस पर ही आएगी न, तो खान ने कहा, डंकी फिक्स है यार। और क्या करूं माथे पर गुदवा लूं। पठान और जवान के बाद डंकी खान की इस साल रिलीज होने वाली तीसरी फिल्म होगी।

'मेरा वाला गाना' सुनते-सुनते राज कपूर ने बना लिया 'राम तेरी गंगा मैली' का आइडिया

हिंदी सिनेमा के रचनात्मक फिल्मकारों की सूची जब भी कोई सूची बनाई जाएगी तो उसमें राजकपूर का नाम ऊपर ही रहेगा। उन्हें ही फिल्मों की भव्यता के लिए शोमैन के तौर पर भी जाना जाता है, लेकिन उनकी फिल्में हमेशा किसी न किसी मसले को आवाज देती रहीं हैं। समाजिक समस्याओं को फिल्म के जरिए दर्शकों तक भव्य तरीके से पहुंचाने वाला ऐसे दूसरे फिल्मकार कम ही मिलते है। समस्याओं पर बहुत सी फिल्में बनी लेकिन समस्याओं को दिखाने के चक्कर में बहुत सारी फिल्में इतनी दूरूह और जटिल हो जाती हैं कि उन्हें देखना आम दर्शक लिए बोझिल हो जाता है. जबकि राज कपूर की फिल्में संदेश देते हुए भी दर्शकों को बांधे रहती है। वैसे तो जुलाई 1985 में रीलीज होने वाली इस फिल्म के बारे में कहा जाता है कि इसका आइडिया 1959 में जिस देश में गंगा बहती है के निर्माण के दौरान ही राज कपूर के मन में आ गया था। लेकिन इस धारणा को राज कपूर के बेटे रणधीर कपूर ने बिल्कुल उलट दिया। उन्होंने राम तेरी गंगा मैली के आइडिया से जुड़ी जो कहानी सुनाई उससे राज कपूर का कला प्रेम और उभर कर सामने आया।

'मेरा वाला गाना'

रणधीर कपूर ने बताया कि दिल्ली के किसी कार्यक्रम में संगीतकार रवींद्र जैन ने एक गीत सुनाया। गीत के बोल थे एक राधा एक मीरा, दोनों ने श्याम को चाहा, अंतर क्या दोनों की चाह में बोलो पापा जी यानी राज साहब भी समारोह में गीत सुन रहे थे। उन्हें ये बहुत अच्छा लगा उन्होंने खूब तारीफ की और दुबारा गीत सुनने की फरमाइश की। जैन साहब ने दुबारा सुनाया।

गीत सुन कर उन्होंने कहा कि जैन साहब ये गीत अब मेरा हो गया। जैन साहब इस से बहुत खुश हुए कि कपूर साहब ने उनका गीत ले लिया। फिर उन्होंने अगले दिन रवींद्र जैन को भोजन पर घर बुला लिया। महफिल के दौरान ही फिर से कपूर साहब ने फरमाइश कर दी। जैन साहब, एक बार फिर से मेरा वाला गीत बच्चों को सुना दिजीए. रवींद्र जी एक बार फिर से गीत सुना दिजीए। रणधीर कपूर ने यहां ये भी जोड़ा पचास बार तो सुन चुका था। एक बार और सुनना पड़ा।



'पापा जी' के कहने पर चेक देना पड़ा

बहरहाल, गीत खत्म होने पर राज साहब ने बेटे से पूछा कि उनके पास चेकबुक ह। रणधीर के हां, कहने के बाद उन्होंने कहा कि पच्चीस हजार रुपये का एक चेक काट कर जैन साहब को दे दो। उस वक्त रणधीर के समझ में नहीं आ रहा था कि जैन साहब इस गीत का क्या करेंगे।

बदलाव

ओटीटी शो पर तंबाकू संबंधी चेतावनी को लेकर भारत सरकार ने नियमों में किया बदलाव

हॉटस्टार, अमेज़ॅन और नेटफ्लिक्स जैसे ओटीटी प्लेटफार्मों पर फिल्मों और टीवी श्रृंखलाओं में लंबी अवधि के धूम्रपान की चेतावनी होनी चाहिए? जबकि केंद्र सरकार ने इस साल मई में इस मामले पर नए नियम जारी किए थे, स्ट्रीमिंग वेबसाइटों ने कुछ आपत्तियां उठाई थीं। लेकिन, जल्द ही कोई समझौता हो सकता है। रॉयटर्स की एक हालिया रिपोर्ट में कहा गया है कि सरकार ऐसे प्लेटफार्मों पर सख्त तंबाकू चेतावनियों के लिए व्यावहारिक समाधान खोजने पर सहमत हुई है। 28 अगस्त को एक बंद कमरे में हुई बैठक में, स्ट्रीमिंग अधिकारियों ने स्वास्थ्य मंत्रालय और सूचना और प्रसारण मंत्रालय के अधिकारियों से मुलाकात की और मई के नियमों में ढील देने की मांग की क्योंकि वे उपयोगकर्ताओं के देखने के अनुभव को प्रभावित कर सकते हैं। फेसबुक, व्हाट्सएप और



गूगल जैसे प्लेटफार्मों पर संभावित प्रतिबंधों के खतरे को दरकिनार करते हुए, भारत के दूरसंचार निगरानीकर्ता ने सोमवार को कहा कि ओवर-द-टॉप (ओटीटी) संचार सेवाओं को वर्तमान में नियामक ढांचे की आवश्यकता नहीं है। भारत की टेलीकॉम कंपनियां लंबे समय से उन ऐप्स के विनियमन की पैरवी कर रही हैं जो इंटरनेट पर मुफ्त वॉयस और टेक्स्ट सेवाएं प्रदान करते हैं, उनका तर्क है कि ऐसी सेवाएं उनके राजस्व को कम करती हैं। भारतीय दूरसंचार नियामक प्राधिकरण (ट्राई) ने एक बयान में कहा, वर्तमान में निर्धारित मौजूदा कानूनों और विनियमों से परे, ओटीटी सेवाओं के रूप में संदर्भित सेवाओं के विभिन्न पहलुओं के लिए एक व्यापक नियामक ढांचे की सिफारिश करना उपयुक्त क्षण नहीं है। ट्राई ने यह भी कहा कि ओटीटी सेवाओं की गोपनीयता और सुरक्षा से संबंधित मुद्दों पर किसी नियामक हस्तक्षेप की आवश्यकता नहीं है। फेसबुक, व्हाट्सएप और गूगल ने टिप्पणी के अनुरोधों का तुरंत जवाब नहीं दिया। नेट न्यूट्रैलिटी कार्यकर्ताओं ने ट्राई के फैसले का स्वागत किया, लेकिन टेलीकॉम उद्योग लॉबी समूह, सेल्युलर ऑपरेटर्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया (सीओएआई) ने कहा कि ट्राई ने दूरसंचार सेवा प्रदाताओं (टीएसपी) और के बीच नियामक असंतुलन और गैर-स्तरीय खेल मैदान जैसे मुद्दों का समाधान नहीं किया है। ओटीटी संचार खिलाड़ी।